10 सलीमा टेटे....




झारखण्ड का अपना दैनिक

# झारखण्ड उजाला

सच आप तक

12 दीपिका पादूकोण...



रांची, बुधवार, 11 नवंबर 2026 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रूपये | रांची संस्करण | वर्ष- 06 | अंक -138 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com

## आज का विचार

झारखण्ड उजाला



**अलाहमद अंसारी**
**सामाजिक कार्यकर्ता**

**जीवन कोई समस्या नहीं है जिसे सुलझाना है, बल्कि एक अनुभव है जिसे जीना है। खुश रहने का सबसे अच्छा तरीका अपने कार्यों में व्यस्त रहना और सकारात्मक दृष्टिकोण रखना है। छोटी-छोटी बातों पर परेशान न हों, अपने प्रयासों पर भरोसा रखें और खुद को कमजोर न समझें, क्योंकि आपकी सोच ही आपको सबसे अलग बनाती है।**

## सर्राफा

सोना (बिक्री) : **1,38,150**

चांदी (प्रति किलो) : **2,26,450**

(नोटः सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

## शेयर बाजार

सेंसेक्स :- **81,106.65**

निफ्टी :- **25,044.65**

## मौसम

अधिकतम तापमान : **25**

न्यूनतम तापमान : **16**

## सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- **06:01**

संध्या :- **17:05**

## आज का इतिहास

**आज ही के दिन सन 11 नवंबर 1918 को सुबह 11 बजे चार साल से अधिक समय तक चला प्रथम विश्व युद्ध युद्धविराम के साथ समाप्त हुआ।**

## संक्षिप्त समाचार

### 22 नवंबर को उत्तराखंड आएंगे नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह

देहरादून। आगामी 22 नवंबर को नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह का भारत दौरा प्रस्तावित है. इसको लेकर उत्तराखंड में तैयारियां तेज हो गई हैं. कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज की मानें तो बालेन शाह करीब 22 नवंबर को भारत आएंगे. इस दौरान पंचेश्वर डैम परियोजना, भारत-नेपाल सीमा से जुड़े मुद्दे, महेंद्रनगर में प्रस्तावित ड्राई पोर्ट और तराई पर्यटन को बढ़ावा देने की संभावनाओं पर चर्चा हो सकती है. वहीं, नेपाल के प्रधानमंत्री के साथ पर्यटन मंत्री भी आ रहे हैं, जिससे दोनों देशों के बीच धार्मिक एवं पर्यटन संपर्क को नई दिशा मिल सकती है. नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह (बालेंद्र) के साथ पंचेश्वर डैम को लेकर बातचीत होगी. ये बहुउद्देशीय परियोजना लंबे समय से भारत-नेपाल सहयोग का महत्वपूर्ण हिस्सा रही है, लेकिन लागत, जल संसाधन और लाभ साझा करने से जुड़े मुद्दों के चलते, इसमें गति नहीं मिल पाई है. हालांकि, पिछले सालों में दोनों देशों ने परियोजना के विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया तेज करने पर सहमति जताई थी.

### अगले तीन दिन में और गिरेगा पारा, सुबह कोहरा और रात में बढ़ेगी ठंड

रांची। झारखंड में अगले कुछ दिनों में ठंड का असर बढ़ने लगेगा. मौसम विज्ञान केंद्र रांची के पूवार्नुमान के मुताबिक, अगले तीन दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट हो सकती है. इससे सुबह और रात में ठंड बढ़ेगी. 11 नवंबर को सुबह हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरा छाये रहने और बाद में आंशिक बादल रहने का अनुमान है. कुछ इलाकों में गरज के साथ बारिश भी हो सकती है. 16 नवंबर तक सुबह कोहरे का असर बना रह सकता है. पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में मौसम शुष्क रहा. पश्चिमी सिंहभूम के जगन्नाथपुर में सबसे अधिक 32.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया.

# सीएम हेमंत सोरेन ने सोहराय पर्व पर राज्यवासियों को दी बधाई

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोहराय पर्व के पावन अवसर पर राज्यवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं. उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर सागुन सोहराय, गोहाल पूजा, गोवर्धन पूजा, बर्दखुटा और बांधना पर्व के अवसर पर सभी को जोहार कहा. मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में झारखंड की समृद्ध लोकसंस्कृति, प्रकृति और पशुधन के महत्व को रेखांकित किया.



**सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए दी पर्व की बधाई**

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया ( ) पर सोहराय त्योहार को लेकर मंगलवार को पोस्ट किया तथा राज्यवासियों को सोहराय सहित विभिन्न पारंपरिक पर्वों की शुभकामनाएं दीं. उन्होंने सागुन सोहराय, गोहाल पूजा, गोवर्धन पूजा, बर्दखुटा और बांधना पर्व का उल्लेख करते हुए सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की. मुख्यमंत्री ने कहा कि ये पर्व हमारी प्रकृति, पशुधन और समृद्ध लोक-संस्कृति को समर्पित हैं. उनका यह संदेश झारखंड की पारंपरिक विरासत और सांस्कृतिक पहचान को सहेजने का संदेश देता है.

**प्रकृति और पशुधन के संरक्षण का प्रतीक है सोहराय**

सोहराय पर्व झारखंड की आदिवासी संस्कृति और लोकपरंपराओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है. यह त्योहार प्रकृति के प्रति आभार, पशुधन के सम्मान और सामुदायिक एकजुटता का प्रतीक माना जाता है. इस अवसर पर पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पशुओं की पूजा की जाती है. ग्रामीण क्षेत्रों में घरों और गोहालों को सजाया जाता है तथा पारंपरिक उत्सवों के जरिए प्रकृति और पशुधन के साथ अपने गहरे रिश्ते को अभिव्यक्त किया जाता है.

**झारखंड की सांस्कृतिक विरासत से जुड़ा है यह पर्व**

सोहराय केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं का प्रतीक है. यह पर्व मनुष्य और प्रकृति के बीच आपसी संबंधों को मजबूत करने के साथ पशुधन के महत्व को भी दर्शाता है.

## महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में झारखंड की तीन खिलाड़ियों का चयन, सलीमा टेटे को मिली कप्तानी

**रांची।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में 19 से 28 नवंबर तक आयोजित होने वाली महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा कर दी गई है. हॉकी इंडिया की ओर से घोषित 18 सदस्यीय टीम में झारखंड की तीन खिलाड़ियों को जगह मिली है. इनमें सलीमा टेटे, निक्की प्रधान और ब्यूटी डुंगडुंग शामिल हैं. खास बात यह है कि सिमडेगा की सलीमा टेटे को एक बार फिर भारतीय टीम की कप्तानी सौंपी गई है. झारखंड की तीनों खिलाड़ियों की टीम में अलग-अलग भूमिका होगी. निक्की प्रधान डिफेंडर के रूप में भारतीय टीम की रक्षापंक्ति संभालेंगी, जबकि सलीमा टेटे मिडफील्ड में अपनी भूमिका निभाने के साथ टीम का नेतृत्व करेंगी. वहीं, ब्यूटी डुंगडुंग फॉरवर्ड के रूप में विपक्षी टीम के खिलाफ गोल करने की जिम्मेदारी संभालेंगी. तीनों खिलाड़ियों का चयन झारखंड में महिला हॉकी की मजबूत पहचान को दशार्ता है. सलीमा टेटे और ब्यूटी डुंगडुंग सिमडेगा जिले से आती हैं। दोनों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने प्रदर्शन से अलग पहचान बनाई है. सलीमा भारतीय महिला हॉकी टीम की प्रमुख खिलाड़ियों में शामिल हैं और कप्तान के रूप में भी अपनी जिम्मेदारी निभाती रही हैं.

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हस्तक्षेप से बिहार में बंधक बनाए गए झारखंड के आठ श्रमिक मुक्त

गयाजी की बोरवेल कंपनी में करते थे काम, मालिक पर मोबाइल छीनने, मारपीट और मजदूरी रोकने का आरोप



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता**

**गिरिडीह।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हस्तक्षेप के बाद झारखंड के गिरिडीह जिले के आठ श्रमिकों को बिहार के गयाजी में बंधक बनाए जाने की स्थिति से मुक्त करा लिया गया। मुख्यमंत्री के निर्देश पर गिरिडीह जिला प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी श्रमिकों को सुरक्षित उनके घर पहुंचाया। मंगलवार को उनकी घर वापसी हुई। सभी श्रमिक पीरटांड़ प्रखंड की हरलाडीह पंचायत के अलग-अलग गांवों के निवासी हैं। जानकारी के अनुसार, आठों श्रमिक रोजगार और आजीविका की तलाश में बिहार के गयाजी जिले गए थे। वहां वे गयाजी सदर क्षेत्र स्थित एक बोरवेल कंपनी में काम कर रहे थे। आरोप है कि कंपनी के मालिक ने पिछले सप्ताह उनके मोबाइल फोन छीन लिए थे। इसके बाद उनके साथ मारपीट की गई और मजदूरी का भुगतान भी बंद कर दिया गया। श्रमिकों को जबरन रोककर रखा गया था।

पीरटांड़ के प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) मनोज मरांडी ने बताया कि श्रमिकों से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के संज्ञान में आया। कंपनी में काम करने वाले श्रमिकों के मोबाइल फोन छीन लिए गए थे। इसके बावजूद उन्होंने किसी तरह दूसरे मोबाइल की मदद से अपनी स्थिति का वीडियो बनाया और उसे सोशल मीडिया पर प्रसारित किया। वीडियो वायरल होने के बाद मामला प्रशासन और सरकार तक पहुंचा। मुख्यमंत्री ने मामले की गंभीरता को देखते हुए गिरिडीह जिला प्रशासन और संबंधित विभागों को तत्काल श्रमिकों को मुक्त कराने का निर्देश दिया। इसके बाद जिला प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्रवाई शुरू की। प्रशासनिक पहल के बाद सभी आठ श्रमिकों को मुक्त कराया गया और मंगलवार को उनके गृह क्षेत्र पहुंचाया गया। सकुशल लौटे श्रमिकों में सुनील मुर्मू, सुखू टुडू, सुरेंद्र मुर्मू, राजू बास्के, करमू टुडू, बबलू मरांडी, दिनेश सोरेन और रंजीत मुर्मू शामिल हैं। इनमें सुनील मुर्मू, सुखू टुडू, सुरेंद्र मुर्मू, दिनेश सोरेन और रंजीत मुर्मू बरवाडीह गांव के निवासी हैं। राजू बास्के भेलवाडीह, करमू टुडू जरकाई और बबलू मरांडी शहरपुरा गांव के रहने वाले हैं। श्रमिकों की सुरक्षित वापसी पर स्थानीय लोगों ने राहत जताई। बीडीओ मनोज मरांडी ने स्वयं श्रमिकों का स्वागत किया और उन्हें घर पहुंचाने की व्यवस्था की। लंबे समय बाद परिवार के बीच लौटने पर श्रमिकों और उनके परिजनों ने राहत की सांस ली।

# निशा भगत केस : सीबीआई करेगी मौत की जांच, सीएम हेमंत सोरेन ने किया ऐलान

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता**

**रांची।** आदिवासी सामाजिक कार्यकर्ता निशा भगत की मौत के मामले में अब केंद्रीय जांच ब्यूरो जांच करेगा. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस संबंध में निर्देश दे दिये हैं. मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी. निशा भगत की मौत के बाद से ही परिजन और विभिन्न सामाजिक संगठन मामले की सीबीआई जांच की मांग कर रहे थे. परिजनों ने घटना के पीछे साजिश की आशंका जताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की थी. सामाजिक कार्यकर्ता एवं क्क्र अधिकारी निशा उरांव ने भी प्रभात खबर से बातचीत में सीबीआई जांच की मांग उठायी थी.




**पिता हांदू भगत ने की थी सीबीआई जांच की मांग**

मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद अब मामले की जांच सीबीआई करेगी. इससे परिजनों को निष्पक्ष जांच और न्याय मिलने की उम्मीद जगी है. मंगलवार को निशा भगत के पिता हांदू भगत ने प्रभात खबर डिजिटल के साथ विशेष बातचीत में पूरे मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की थी. अब सीएम हेमंत ने सीबीआई जांच के आदेश दे दिये हैं. इस पूरे मामले में पिठोरिया थाना प्रभारी सतीष पांडेय को लाइन हाजिर भी कर दिया गया है.

**6 नवंबर को फेसबुक लाइव के बाद निशा की थी आत्महत्या**

छह नवंबर को रांची के पिठोरिया थाना क्षेत्र स्थित आवास पर निशा भगत मृत पायी गयी थीं. इससे पहले उन्होंने फेसबुक लाइव किया था, जिसमें उन्होंने अपनी परेशानी और कथित प्रताड़ना को लेकर कई बातें कही थीं. उनके पिता की शिकायत पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की थी. मामले में दो लोगों को नामजद किया गया है. पुलिस ने जांच के लिए एसआईटी भी गठित की थी.

**भाजपा के मशाल जुलूस के कुछघंटे बाद सरकार का फैसला**

निशा भगत की मौत के मामले में सीबीआई जांच की मांग को लेकर भाजपा लगातार सरकार को घेर रही थी. मंगलवार को भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा की ओर से रांची में मशाल जुलूस निकाला गया. इस दौरान पार्टी नेताओं और कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मामले में जवाब देने और निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने की मांग की. भाजपा की प्रमुख मांगों में इस पूरे प्रकरण की सीबीआई जांच कराना शामिल था. खास बात यह रही कि सरकार का यह निर्णय उस दिन आया, जब कुछ घंटे पहले ही रांची के ग्रामीण एसपी गौरव गोस्वामी ने मीडिया से बात करते हुए भरोसा दिलाया था की रक्छ पूरे मामले की निष्पक्षता से जांच कर रही है. इसी वजह से पिठोरिया का थाना प्रभारी को लाइन हाजिर भी कर दिया गया है.

**भाजपा के दबाव की वजह से मजबूर हुई सरकार**

इधर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के इस फैसले पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने अपने प्रतिक्रिया व्यक्त की है. उन्होंने इस फैसले को भाजपा के दबाव का नतीजा बताया है. आदित्य साहू का कहना है कि निशा भगत की आत्महत्या की खबर मिलते ही भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा ने सड़क पर उतरकर आंदोलन शुरू कर दिया था. एसटी मोर्चा ने पुतला दहन, मशाल जुलूस से लेकर चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा की थी। एसटी मोर्चा सहित पूरी भाजपा ने सरकार पर लगातार दबाव बनाया. आगामी दिनों में झारखंड बंद और कैंडल मार्च सहित कई आंदोलनात्मक कार्यक्रमों की घोषणा की गई थी. भाजपा के इस लगातार आंदोलन का ही असर है कि राज्य सरकार को सीबीआई जांच की अनुशंसा करने के लिए मजबूर होना पड़ा. उन्होंने कहा कि भाजपा को भरोसा है कि सीबीआई जांच से निशा भगत के परिजनों को न्याय मिलेगा. इस मामले में जो भी दोषी होंगे, वे किसी भी सूरत में बच नहीं पाएंगे. इस मामले में राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी स्वतः संज्ञान लिया है. आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने झारखंड प्रशासन से सात दिनों के भीतर विस्तृत कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है. वहीं, भाजपा ने इसे आदिवासी सुरक्षा और राज्य की कानून-व्यवस्था से जुड़ा मामला बताते हुए सरकार से जवाब मांगा था.

# साइबर अपराधों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस अधिकारियों को कार्यशैली में बदलाव लाना चाहिए : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने साइबर अपराधों की बढ़ती गंभीरता और डीपफेक सामग्री से उत्पन्न खतरों के मद्देनजर पुलिस अधिकारियों को अपनी कार्यशैली और दृष्टिकोण में बदलाव लाने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि पुलिस को अत्याधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल करने वाले अपराधियों से हमेशा एक कदम आगे रहना होगा। राष्ट्रपति ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 78वें बैच (2025 बैच) के प्रशिक्षु अधिकारियों से मुलाकात के दौरान उन्हें संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधों का दायरा लगातार बढ़ रहा है और वे अधिक गंभीर होते जा रहे हैं। पुलिस को समाज में साइबर अपराधों की गंभीरता के प्रति व्यापक स्तर पर जागरूकता फैलानी चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि लोगों में भय पैदा करने के लिए दुष्प्रचार फैलाना एक गंभीर समस्या बनकर उभर रहा है। विशेष रूप से युवा वर्ग सुनियोजित दुष्प्रचार से प्रभावित हो सकता है। इस तरह की गतिविधियां स्थानीय, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर भी हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि सतर्क और कुशल पुलिस व्यवस्था ऐसी परिस्थितियों को गंभीर रूप लेने से रोक सकती है। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों के लिए पुलिस अधिकारी और सिपाही शासन-प्रशासन के प्रतीक होते हैं। जब पुलिस व्यवस्था अच्छी तरह काम करती है तो लोगों को शासन भी बेहतर महसूस होता है। पुलिस अधिकारी जब संवेदनशीलता और ध्यानपूर्वक लोगों की शिकायतें सुनते हैं तो इससे उनमें भरोसा और सुरक्षा की भावना पैदा होती है। राष्ट्रपति ने प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि उन्हें समाज के कमजोर और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता देनी चाहिए। ऐसे लोगों की वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंच अक्सर सीमित होती है। इसलिए उनकी आशंकाओं को दूर करना और शिकायतों का समाधान करना पुलिस अधिकारियों की जिम्मेदारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पुलिस व्यवस्था में कुछ कर्मचारी तकनीक के इस्तेमाल में वरिष्ठ अधिकारियों से भी अधिक दक्ष हो सकते हैं। ऐसे में वरिष्ठ अधिकारियों को अपनी टीम के कनिष्ठ सदस्यों से भी सीखने में संकोच नहीं करना चाहिए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को कार्यशैली में जनभागीदारी और टीम भावना को प्रोत्साहित करने तथा अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के कल्याण को प्राथमिकता देने की सलाह दी। राष्ट्रपति ने कहा कि पुलिस अधिकारियों को कानून और नियमों से व्यापक अधिकार मिलते हैं लेकिन जनता के बीच वास्तविक सम्मान उन्हें अपने कामकाज और मूल्यों के आधार पर ही मिलता है। अधिकारियों में नागरिकों की सेवा करने की प्रतिबद्धता होनी चाहिए, न कि उनके प्रति श्रेष्ठता का भाव।



THE RANCHI RIFLE CLUB (RRC)
(Registered under -Society Registration Act: 21,1860. Government of Jharkhand)
JOIN US TO BECOME A NATIONAL or INTERNATIONAL SHOOTER
Your ambition is our mission...



Our facilities:-
- 10m/ 25m Fully Air Conditioned Hitech indoor shooting range.
- All Types of Air/ Fire weapons are available for practice.
- All types of shooting equipments & accessories for sale available here.
- We teach the civilians how to handle weapons/ safety rules and way of firing.
- Special For School Girls & Boys.
- Above 8 years Girls & Boys May Join us.
- National Level Shooting Coach Facility Available Here.

Justdial
Contact: +91 8002397001, 7050607001
House No. 01, Shanti Nagar, Hatia, Near Hatia Tonko Bridge, P.O- Hatia, P.S.- Jagannathpur, Ranchi - 834003 (Jharkhand)
E-mail: theranchirifleclub@gmail.com | Website: http://www.theranchirifleclub.org



गोला में रेलवायर इंटरनेट ब्रॉडबैंड एवं प्रेस कार्यालय का संयुक्त उद्घाटन

# गोला थाना प्रभारी अभिषेक कुमार और प्रेस क्लब रामगढ़ के अध्यक्ष धनेश्वर प्रसाद ने फीता काटकर किया शुभारंभ

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रामगढ़/गोला।** गोला मुख्य मार्ग स्थित केनरा बैंक के सामने मंगलवार को रेलवायर इंटरनेट ब्रॉडबैंड कार्यालय एवं प्रेस कार्यालय का संयुक्त रूप से भव्य उद्घाटन किया गया। समारोह में गोला थाना प्रभारी अभिषेक कुमार एवं प्रेस क्लब रामगढ़ के अध्यक्ष धनेश्वर प्रसाद ने संयुक्त रूप से फीता काटकर दोनों कार्यालयों का शुभारंभ किया। इस पहल से क्षेत्र में डिजिटल सुविधाओं के विस्तार के साथ-साथ पत्रकारों को बैठने, आपसी विचार-विमर्श करने और पत्रकारिता से जुड़े कार्यों के संचालन के लिए एक साझा स्थान उपलब्ध हुआ है।




**डिजिटल युग में इंटरनेट की भूमिका महत्वपूर्ण**

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए प्रेस क्लब रामगढ़ के अध्यक्ष धनेश्वर प्रसाद ने कहा कि वर्तमान समय पूरी तरह डिजिटल हो चुका है। आज शिक्षा, व्यापार, सरकारी सेवाओं, बैंकिंग, समाचार संकलन और कार्यालयों के अधिकांश कार्य इंटरनेट पर निर्भर हैं। ऐसे में तेज और बेहतर इंटरनेट सेवा आम लोगों की आवश्यकता बन गई है। गोला जैसे क्षेत्र में रेलवायर ब्रॉडबैंड सेवा की शुरूआत होना एक सकारात्मक पहल है। उन्होंने कहा कि प्रेस कार्यालय के खुलने से प्रेस क्लब के सदस्यों एवं स्थानीय पत्रकारों को एक स्थान पर बैठकर चर्चा करने, समाचारों का आदान-प्रदान करने और पत्रकारिता से जुड़े डिजिटल कार्यों को संपादित करने की सुविधा मिलेगी। इसका लाभ केवल पत्रकारों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि क्षेत्र के आम नागरिक भी डिजिटल सेवाओं से जुड़कर लाभान्वित हो सकेंगे।

**तेज इंटरनेट से ग्रामीणों को मिलेगा लाभ**

इस अवसर पर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि आज के दौर में इंटरनेट और डिजिटल तकनीक जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं। शिक्षा, रोजगार, व्यापार, बैंकिंग और सरकारी योजनाओं से जुड़ी सेवाओं के लिए इंटरनेट की महत्वपूर्ण भूमिका है। ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर और तेज इंटरनेट सुविधा उपलब्ध होने से विद्यार्थियों, युवाओं, व्यवसायियों और आम नागरिकों को काफी सहूलियत मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पहल से ग्रामीण क्षेत्र भी डिजिटल सुविधाओं से और मजबूती से जुड़ेंगे तथा लोगों को कई आवश्यक कार्यों के लिए दूर-दराज जाने की जरूरत कम होगी।

**रेलवायर ब्रॉडबैंड से बढ़ेगी डिजिटल कनेक्टिविटी**

रेलवायर इंटरनेट सेवा को लेकर उपस्थित लोगों ने कहा कि आज इंटरनेट केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि शिक्षा, रोजगार, व्यापार और सूचना प्राप्त करने का महत्वपूर्ण माध्यम बन गया है। बेहतर ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी से विद्यार्थियों को ऑनलाइन पढ़ाई, युवाओं को रोजगार संबंधी जानकारी, व्यापारियों को ऑनलाइन कारोबार तथा आम नागरिकों को विभिन्न सरकारी और डिजिटल सेवाओं का लाभ लेने में सहूलियत होगी। रेलवायर, रेलटेल की ब्रॉडबैंड सेवा है, जो स्थानीय सेवा प्रदाताओं और उद्यमियों के सहयोग से लोगों तक इंटरनेट कनेक्टिविटी पहुंचाने का काम करती है। इसका उद्देश्य शहरी क्षेत्रों के साथ ग्रामीण इलाकों में भी बेहतर डिजिटल संपर्क का विस्तार करना है।

**प्रेस कार्यालय खुलने से पत्रकारों को मिलेगी सुविधा**

प्रेस क्लब रामगढ़ के अध्यक्ष ने कहा कि पत्रकार समाज और प्रशासन के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं। जनसमस्याओं को सामने लाने और आम लोगों की आवाज को जिम्मेदार मंच तक पहुंचाने में पत्रकारों की अहम भूमिका रहती है। ऐसे में प्रेस कार्यालय की स्थापना से पत्रकारों को एक साझा कार्यस्थल मिलेगा। यहां पत्रकार आपसी समन्वय, बैठक, समाचार संकलन और डिजिटल माध्यमों से जुड़े कार्य बेहतर तरीके से कर सकेंगे। यह पहल क्षेत्र में पत्रकारिता को और व्यवस्थित एवं सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

**रेलवायर के अधिकारियों ने दी जानकारी**

मौके पर रेलवायर के झारखंड प्रबंधक निखिल कुमार एवं मार्केटिंग प्रतिनिधि मनीष कुमार ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने इंटरनेट ब्रॉडबैंड सेवा की विशेषताओं और उपभोक्ताओं को बेहतर कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के उद्देश्य की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि डिजिटल सुविधाओं का विस्तार आज की जरूरत है और स्थानीय स्तर पर बेहतर इंटरनेट सेवा उपलब्ध कराने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

कई गणमान्य लोग रहे उपस्थित

इस अवसर पर कार्यालय के प्रोपराइटर पंकज कुमार पाठक, रेलवायर वाई-फाई के रमेश कुमार, विशाल वल्लभ पाठक, नीतीश कुमार गुप्ता, स्नेहलता गुप्ता, दिनेश कुमार गुप्ता, संजू बक्शी, युगल प्रजापति, सुरेंद्र कुमार, पत्रकार सुजीत कुमार सिन्हा, मनोज कुमार मिश्रा, सुरेश राम, अशफाक अहमद, छेदी लाल, दानिश पटेल, जितेंद्र पोद्दार, इरफान अंसारी, परवेज अंसारी, कुंदन कुमार सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे। गोला में रेलवायर इंटरनेट ब्रॉडबैंड एवं प्रेस कार्यालय की संयुक्त शुरूआत को क्षेत्र के डिजिटल विकास और पत्रकारिता जगत के लिए एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। इससे एक ओर ग्रामीणों को बेहतर इंटरनेट सुविधाओं का लाभ मिलने की उम्मीद है, वहीं दूसरी ओर स्थानीय पत्रकारों को अपने कार्यों के संचालन के लिए एक व्यवस्थित स्थान उपलब्ध होगा।

## छठ व्रतियों के बीच 11 नवंबर को चावल और लाल गेहूं का किया जाएगा निःशुल्क वितरण




झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**लोहरदगा :** लोक आस्था के महापर्व छठ के अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी संतोष इलेक्ट्रिकल की ओर से छठ व्रतियों के बीच निःशुल्क चावल और लाल गेहूं का वितरण किया जाएगा। 11 नवंबर को सुबह 11 बजे से गुदरी बाजार स्थित ठकुराइन तालाब के समीप संतोष इलेक्ट्रिकल (बिजली दुकान) में वितरण कार्यक्रम होगा। दुकान के संचालक जयप्रकाश अग्रवाल ने सभी छठ व्रती माताओं एवं बहनों से पहुंचकर चावल और लाल गेहूं प्राप्त करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व के प्रति श्रद्धा और सेवा भावना से प्रत्येक वर्ष यह आयोजन किया जाता है। इसमें खीर बनाने के लिए चावल और प्रसाद तैयार करने के लिए लाल गेहूं वितरित किया जाएगा।

## सोहराय पर्व झारखंड की पहचान, अस्मिता और समृद्ध लोकसंस्कृति का प्रतीक है : डॉ. जयराम कुमार महतो

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रामगढ़।** रामगढ़ जिला अंतर्गत कुंदरूकला नवाडीह में बरदखूंटा सह सोहराय मेला समिति के तत्वावधान में पारंपरिक बरदखूंटा सह सोहराय मेले का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डुमरी विधायक सह झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (JLKM) के सुप्रीमो डॉ. जयराम कुमार महतो शामिल हुए। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए डॉ. जयराम कुमार महतो ने कहा कि सोहराय पर्व झारखंड की समृद्ध



लोकसंस्कृति, परंपरा और पहचान का महत्वपूर्ण प्रतीक है। यह पर्व विशेष रूप से पशुधन और कृषि संस्कृति से जुड़ा हुआ है। फसल कटाई के बाद पशुधन के सम्मान, प्रकृति के प्रति कृतज्ञता तथा सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना के साथ इसे मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि सोहराय केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि झारखंड की पहचान, अस्मिता, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है। ऐसे पारंपरिक पर्वों और मेलों के माध्यम से हम अपनी लोकसंस्कृति, रीति-रिवाजों और परंपराओं को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाते हैं। इसलिए अपनी सांस्कृतिक धरोहरों को संरक्षित एवं संवर्धित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने आगे कहा कि हमारी संस्कृति, हमारी पहचान है और सोहराय पर्व झारखंड की शान है। इस अवसर पर आयोजन समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ JLKM के केंद्रीय, जिला, प्रखंड एवं पंचायत स्तर के पदाधिकारी तथा हजारों की संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष उपस्थित रहे। पूरे आयोजन में पारंपरिक संस्कृति, सामाजिक एकता और उत्साह का माहौल देखने को मिला।

## छठ घाटों का अंचल निरीक्षक और थाना प्रभारी ने किया निरीक्षण, तैयारियों का लिया जायजा





**साफ-सफाई, स्वच्छता और सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने के दिए निर्देश, घाटों पर सुविधाएं बहाल करने की पहल तेज**

**रामगढ़/गोला।** छठ महापर्व को लेकर गोला प्रखंड में प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में गोला अंचल निरीक्षक लक्ष्मण मुंडा एवं थाना प्रभारी ने विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। अधिकारियों ने पूरबडीह, गोला, भरभरी, जाला, बरियातू सहित कई क्षेत्रों के छठ घाटों का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान घाटों की साफ-सफाई, स्वच्छता, पहुंच पथ, जलस्तर एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं का बारीकी से आकलन किया गया। अधिकारियों ने संबंधित लोगों एवं कर्मियों को घाटों की नियमित सफाई कराने तथा छठव्रतियों की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त करने का निर्देश दिया। साथ ही जिन घाटों पर मरम्मत, सफाई और अन्य कार्यों की आवश्यकता है, उन्हें अविलंब पूरा करने पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि छठ महापर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा प्रशासन की प्राथमिकता है। निरीक्षण का उद्देश्य पर्व से पहले सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करना है, ताकि छठव्रतियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

## शो रूम की छत पर धधकी आग, नीचे खड़ी दर्जनों बाइक पर मंडराया खतरा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रात नौ बजे आग की लपटों से दहला ब्लॉक मोड़-सांकुल मार्ग, पीवीयूएनएल के अग्निशमन दल ने मोर्चा संभालकर टाली बड़ी तबाही, कुछ मिनटों की देरी पड़ सकती थी भारी**

**पतरातू संकट की घड़ी में फिर बनी संकट मोचन पीवीयूएनएल की अग्नि समन दल**



पतरातू के ब्लॉक मोड़-सांकुल मार्ग स्थित टीवीएस वर्कशॉप एवं शोरूम में मंगलवार की रात उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब शोरूम की छत पर अचानक भीषण आग धधक उठी। रात करीब नौ बजे लगी आग की ऊंची लपटें दूर-दूर तक दिखाई देने लगीं। देखते ही देखते घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई और इलाके में दहशत का माहौल बन गया।आग की भयावहता को देखते हुए तत्काल एनटीपीसी-पीवीयूएनएल प्रबंधन को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही अधिकारियों ने बिना देर किए अग्निशमन दल को घटनास्थल के लिए रवाना किया। पीवीयूएनएल की अग्निशमन टीम ने मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाला और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। टीम की त्वरित कार्रवाई से एक बड़ी अनहोनी टल गई।इस घटना में सबसे अधिक चिंता की बात यह थी कि जिस छत पर आग लगी थी, उसके ठीक नीचे शोरूम में बड़ी संख्या में नई और पुरानी मोटरसाइकिलें खड़ी थीं। यदि आग की लपटें नीचे के तल तक पहुंच जातीं तो भारी आर्थिक नुकसान के साथ बड़ा हादसा हो सकता था। आग की भयावहता को देखते हुए लोगों की सांसें थमी हुई थीं। ऐसे समय में पीवीयूएनएल का अग्निशमन दल संकटमोचक बनकर सामने आया। स्थानीय लोगों ने आशंका जताई कि दीपावली के दौरान छोड़े गए पटाखों की चिंगारी छत पर गिरने से आग लगी होगी। हालांकि, आग लगने के वास्तविक कारणों की पुष्टि नहीं हो सकी है।पतरातू क्षेत्र में आपातकालीन परिस्थितियों के दौरान पीवीयूएनएल का अग्निशमन दल कई बार त्वरित सहायता पहुंचाकर महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुका है। टीवीएस शोरूम की घटना में भी अग्निशमन दल की सक्रियता ने संभावित बड़े हादसे को टाल दिया। स्थानीय लोगों ने समय पर पहुंचकर आग पर काबू पाने वाली टीम की तत्परता की सराहना की।

## काली पूजा में शामिल हुईं विधायक ममता देवी, बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**बरलंगा और पूरबटांड़ में पूजा-अर्चना के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी हुई शामिल**

**रामगढ़/गोला।** बीती रात विधायक ममता देवी बरलंगा एवं पूरबटांड़ स्थित काली पूजा समारोह में शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने मां काली के दरबार में माथा टेककर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। पूजा समिति के सदस्यों एवं स्थानीय ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। मौके पर पार्वती देवी, सहदेव सिंह, पाण्डू सिंह, अजय सिंह समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे। इसके अलावा क्षेत्र के कई अन्य गांवों में भी काली पूजा के अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों में बच्चों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। नृत्य, संगीत और आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विधायक ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। पूजा एवं सांस्कृतिक आयोजनों के कारण पूरे क्षेत्र में भक्तिमय और उत्सवी माहौल बना रहा। ग्रामीणों ने आपसी भाईचारे और उत्साह के साथ पर्व मनाया।

## आंदोलनकारियों के हक के लिए 15 नवंबर को सामूहिक उपवास करेगी महासभा

**लोहरदगा:** झारखंड गठन के 26 वर्ष बाद भी आंदोलनकारियों को उचित हक, सम्मान और अधिकार नहीं मिलने के विरोध में झारखंड आंदोलनकारी महासभा 15 नवंबर को सामूहिक उपवास करेगी। झारखंड स्थापना दिवस पर भगवान बिरसा मुंडा की समाधि स्थल पर आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से आंदोलनकारियों की लंबित मांगों को सरकार तक पहुंचाया जाएगा।कार्यक्रम की तैयारी को लेकर महासभा की जिला कमेटी की आपात बैठक हुई। इसमें केंद्रीय अध्यक्ष राजू महतो ने कहा कि आंदोलनकारियों के त्याग, संघर्ष और बलिदान से झारखंड राज्य बना, लेकिन आज भी उन्हें उनका वाजिब हक और सम्मान नहीं मिला है। प्रधान महासचिव मो. कयूम खान ने कहा कि आंदोलनकारियों ने अलग राज्य के लिए अपनी जवानी, जमीन और जिंदगी तक दांव पर लगा दी। अब उनके अधिकारों के लिए महासभा संघर्ष जारी रखेगी।जिला अध्यक्ष अनिल कुमार भगत ने आंदोलनकारियों की पहचान, सम्मान और पेंशन सहित लंबित मांगों को लेकर एकजुट होने की अपील की। जिला संयोजक प्रो. विनोद भगत ने अधिक से अधिक आंदोलनकारियों से सामूहिक उपवास में शामिल होने का आह्वान किया। बैठक में केंद्रीय उपाध्यक्ष नीरू शांति भगत, विनिता कच्छप, ऐरेन कच्छप, सीता उरांव, अमर किंडो, विशेषण भगत, सूरज मोहन लकड़ा, तारामनी मिंज सहित अन्य आंदोलनकारी उपस्थित थे। आगामी 25 नवंबर को महासभा की अगली मासिक बैठक करने का निर्णय लिया गया। अंत में गुमला की आंदोलनकारी नेत्री नीशा भगत के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।



## 11 नवंबर को गणमान्य अतिथियों के कर-कमलों द्वारा होगा राधा गोविन्द हॉस्पिटल का भव्य उद्घाटन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**राधा गोविन्द हॉस्पिटल में दूसरे दिन भी जारी रहा धार्मिक अनुष्ठान**



**रामगढ़।**राधा गोविन्द हॉस्पिटल परिसर में आयोजित तीन दिवसीय पूजन कार्यक्रम के दूसरे दिन भी श्रद्धा एवं भक्तिमय वातावरण में पूजा-अर्चना संपन्न हुई। इस अवसर पर सुंदरकांड पाठ, नवचंडी पाठ एवं आरती का आयोजन किया गया। संस्था के चेयरमैन बी. एन. साह एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती फूलमती देवी, सचिव प्रियंका कुमारी सहित संस्था परिवार के सदस्यों एवं शिक्षकों ने पूजन में भाग लिया और अस्पताल की सफलता, जनकल्याण एवं क्षेत्रवासियों के उत्तम स्वास्थ्य की मंगलकामना की।राधा गोविन्द शिक्षा एवं स्वास्थ्य संस्था परिवार के लिए 11 नवंबर 2026 का दिन विशेष गौरव एवं हर्ष का अवसर होगा। इस दिन राधा गोविन्द हॉस्पिटल का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया जाएगा। अस्पताल का विधिवत शुभारंभ क्षेत्र के गणमान्य अतिथियों के कर-कमलों द्वारा किया जाएगा।

इस ऐतिहासिक अवसर पर शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में संस्था की एक नई पहल का शुभारंभ होगा। राधा गोविन्द हॉस्पिटल का उद्देश्य क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराना तथा चिकित्सा सेवा को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुँचाना है।इस शुभ अवसर पर संस्था के चेयरमैन बी. एन. साह, उनकी धर्मपत्नी श्रीमती फूलमती देवी एवं सचिव प्रियंका कुमारी सहित संस्था परिवार के सभी सदस्य, शिक्षाविद् एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे।इस भव्य आयोजन में राधा गोविन्द शिक्षा एवं स्वास्थ्य संस्थान परिवार की ओर से समस्त रामगढ़वासियों को सपरिवार सादर आमंत्रित किया गया।उद्घाटन समारोह को लेकर संस्था परिवार में विशेष उत्साह एवं तैयारियाँ हैं। यह पहल क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के साथ-साथ मानव सेवा एवं जनकल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

## समाजसेवी शिवा मुंडा के नेतृत्व में युवाओं ने किया रामगढ़ उपायुक्त से मुलाकात



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रामगढ़/गोला।** गोला थाना क्षेत्र साडम के युवाओं ने उपायुक्त कार्यालय रामगढ़ पहुंच कर अपनी मुख्य मांग सेरेंगातु मोड़ से साड़म होते हुए माचाटांड तक सड़क निर्माण कार्य को शुरू करवाने के लिए रामगढ़ उपायुक्त महोदय को ज्ञापन सौंपा '। ज्ञात हो कि इस सड़क का शिलान्यास 2 वर्ष पूर्व ही हो चुका है। लेकिन राजनीतिक मदभेद के कारण इस कागजी प्रक्रिया को बीच में ही लटका दिया गया था,जिसको लेकर युवाओं ने एक महीना पहले ही इस मामले को रामगढ़ उपायुक्त को मामले से अवगत करवाया था। जिसमें उपायुक्त महोदय ने 15 दिन का अल्टीमेटम दिया था,और इसी कड़ी में युवाओं ने मंगलवार को उपायुक्त महोदय से मिलकर मामले पर जानकारी लिया, उपायुक्त महोदय ने बताया कि सड़क निर्माण में पहले कुछ चीजें छूट गई थी,जिसे उस योजना में शामिल करना था जैसे नाली,छोटे छोटे पुलिया आदि। आगे उन्होंने बताया कि 27 नवंबर तक विभागीय अधिकारियों से बात चल रही है। जिसके तहत आगे कार्य शुरू हो उसके लिए पहल कर रहे हैं, आने वाले 27 नवम्बर तक फिर से उस सड़क का शिलान्यास कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। मौके पर युवा समाजसेवी शिवा कुमार मुंडा,रवींद्र कुमार, हरेराम कुमार,महेंद्र कुमार,पतंग कुमार, रंजीत कुमार,लोचन कुमार, मनोज मुंडा,विकास कुमार,नीतीश महतो, तनवीर हुसैन, बूटू अंसारी,श्रीकांत कुमार, रिझु कुमार मौजूद थे।

## निशा भगत को न्याय दिलाने की मांग को लेकर भाजपा ने निकाला मशाल जुलूस



**लोहरदगा:** झारखंड की बेटी निशा भगत को न्याय दिलाने की मांग को लेकर भाजपा लोहरदगा जिला इकाई ने प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर मशाल जुलूस निकाला। अनुसूचित जनजाति मोर्चा एवं महिला मोर्चा के संयुक्त नेतृत्व में निकला जुलूस साइडिंग स्थित बस पड़ाव से शुरू होकर पावरगंज चौक पहुंचा, जहां सभा के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ। जुलूस में शामिल भाजपा कार्यकताओं एवं महिला मोर्चा की सदस्यों ने हाथों में मशाल लेकर निशा भगत की आत्महत्या के मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। इस दौरान कार्यकताओं ने एकजुट होकर निशा भगत को न्याय दिलाने की आवाज बुलंद की। मौके पर प्रदेश मंत्री मनीर उरांव, भाजपा जिलाध्यक्ष अजय कुमार पंकज, नगर परिषद अध्यक्ष अनिल उरांव, जिला महामंत्री पशुपति पारस, जिला प्रवक्ता रामचंद्र गिरि, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सामेला भगत, नगर अध्यक्ष संगीता कुमारी, एसटी मोर्चा के युवा नेता पवन तिग्गा सहित वर्तमान एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद थे।

# चुनाव आयोग ने वोटर लिस्ट शुद्धिकरण के लिए युवाओं से मांगे सुझाव, मतदाताओं को जागरूक करना उद्देश्य

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**रांची।** मतदाताओं के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर को लेकर एक तरफ राजनीतिक विरोध चल रहा है, वहीं दूसरी ओर चुनाव आयोग वोटर लिस्ट को स्वच्छ व पारदर्शी बनाने के लिए युवाओं और भावी मतदाताओं से सुझाव मांगने में जुटा है. भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर झारखंड में चल रहे आवाज झारखंड 2026 के तहत चयनित तीन सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर सम्मानित करने के साथ-साथ पुरस्कृत भी किया जाएगा. इस संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि इसके जरिए युवाओं और भावी मतदाताओं में लोकतांत्रिक मूल्यों, निर्वाचन प्रक्रिया व मतदाता जागरुकता को बढ़ावा मिलेगा. इसके लिए स्कूलों, कॉलेजों, शैक्षणिक संस्थानों में विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं. इसी क्रम में राज्य के विद्यालयों व महाविद्यालयों में संचालित इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब के माध्यम से 5 नवंबर को आयोजित कार्यक्रम में ECINET ऐप डाउनलोड करने और सोशल मीडिया के माध्यम से इसके प्रति जागरूक करने का कार्य किया गया है. इसके जरिए एक दिन में 82 हजार ECINET ऐप डाउनलोड हुआ है. वहीं आयोग के निदेर्शानुसार सभी जिलों में जिला स्तर, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र स्तर और ईएलसी स्तर पर 2 से 20 नवंबर 2026 तक निबंध व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी. उन्होंने कहा कि युवाओं की रचनात्मक अभिव्यक्ति और लोकतांत्रिक विमर्श को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य स्तर पर आवाज झारखंड 2026 भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवाओं को निर्वाचन प्रक्रिया, स्वच्छ व त्रुटिरहित मतदाता सूची का निर्माण और लोकतंत्र में युवाओं की भूमिका के प्रति जागरूक किया जा रहा है.

चुनाव आयोग के द्वारा राज्य स्तर पर आवाज झारखंड 2026 भाषण प्रतियोगिता आयोजित कराई जा रही है. जिसमें राज्य में स्थित शैक्षणिक संस्थाओं के कक्षा 9 व 10, कक्षा 11 व 12 और महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं. प्रतिभागी हिंदी अथवा अंग्रेजी भाषा में अपनी प्रस्तुति दे सकते हैं. इस प्रतियोगिता के लिए तीन टॉपिक निर्धारित किए गए हैं. जिसमें पहला शुद्ध मतदाता सूची से मजबूत लोकतंत्र, दूसरा लोकतंत्र क्या है और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में युवाओं की भूमिका और तीसरा मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण आवश्यक क्यों? प्रतिभागियों को चयनित विषय पर 1 से 5 मिनट का भाषण वीडियो रिकॉर्ड कर निर्धारित गूगल फॉर्म के माध्यम से अपलोड करना होगा. यह फॉर्म मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की वेबसाइट, ऑफिशियल सोशल मीडिया हैंडल्स पर उपलब्ध हैं. प्रतिभागी गूगल फॉर्म में वीडियो का गूगल लिंक भरते समय ध्यान रखें कि वीडियो पोर्ट्रेट फॉर्मेट (9:16) में बना होना चाहिए. वीडियो भाषण के साथ उसकी लिखित स्क्रिप्ट भी हिंदी अथवा अंग्रेजी में गूगल फॉर्म में अपलोड करना होगा. वीडियो जमा करने की हालांकि अंतिम तिथि 10 नवंबर 2026 निर्धारित है, लेकिन इसके बढ़ने की संभावना है.

हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों भाषा श्रेणियों में अलग-अलग प्रथम पुरस्कार 10000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 5000 रुपये व तृतीय पुरस्कार 3000 रुपये के साथ ट्रॉफी व प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे. आयोग ने सभी प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों की मौलिक रचना व प्रस्तुति को देने का स्पष्ट निर्देश दिया है. भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभागियों की वास्तविक आवाज व प्रस्तुति अनिवार्य होगी. अक द्वारा निर्मित दृश्य व ऑडियो सामग्री का उपयोग स्वीकार्य नहीं होगा.

चुनाव आयोग ने निबंध प्रतियोगिता के लिए दो विषय निर्धारित किए हैं. पहला शुद्ध मतदाता सूची का महत्व और दूसरा मतदान का महत्व. इसमें भाग लेने वाले विद्यालय स्तर के विद्यार्थियों के लिए 500 से 800 शब्द व महाविद्यालय स्तर के विद्यार्थियों के लिए 800 से 1200 शब्दों की शब्द सीमा निर्धारित की गई है. निबंध हिंदी या अंग्रेजी भाषा में लिखे जा सकेंगे. प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में मतदाता सूची निर्माण, ईवीएम व वीवीपैट, मतदान प्रक्रिया और मतगणना से संबंधित प्रश्न पूछे जाएंगे. दोनों प्रतियोगिताएं तीन चरणों में आयोजित की जाएगी. जिसमें प्रथम चरण में संस्थान स्तर पर एछउ के माध्यम से प्रतियोगिता आयोजित कर प्रत्येक प्रतियोगिता से दो प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा.

# राशन से धोती-साड़ी तक, झारखंड में कई सरकारी योजनाओं की होगी जांच; 6 महीने में पूरा होगा सोशल ऑडिट

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** झारखंड में खाद्य सुरक्षा योजनाओं और कल्याणकारी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सरकार सामाजिक अंकेक्षण (सोशल ऑडिट) करायेगी. इसकी प्रक्रिया अधिकतम छह माह में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है. इसके लिए राज्य के प्रत्येक जिले से कम से कम एक-एक प्रखंड या पंचायत का चयन किया जायेगा. चयन में अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) बहुल क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जायेगी, ताकि सभी वर्गों के लाभुकों की भागीदारी सुनिश्चित हो सके. इस संबंध में खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के सचिव राजेश शर्मा की अध्यक्षता में झारखंड राज्य सोशल ऑडिट सोसाइटी के साथ बैठक हो चुकी है. इसमें राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत संचालित योजनाओं के अलावा राज्य की खाद्य सुरक्षा और अन्य कल्याणकारी कार्यक्रमों के सामाजिक अंकेक्षण पर चर्चा की गयी.

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत केंद्र प्रायोजित योजनाओं, झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना, पीवीटीजी डाकिया योजना और सोना-सोबरन धोती-साड़ी वितरण योजना सहित कई योजनाओं का एक साथ सामाजिक अंकेक्षण कराया जायेगा. इन योजनाओं के लाभुकों की संख्या और स्वरूप में समानता को देखते हुए संयुक्त प्रश्नावली और सर्वे का नमूना तैयार किया जायेगा. सामाजिक अंकेक्षण के लिए पर्याप्त सर्वेयर उपलब्ध होंगे. हालांकि, मुख्यालय स्तर पर मानवबल की कमी है. इसे दूर करने के लिए जल्द नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी की जायेगी. जरूरत पड़ने पर अर्थशास्त्रियों और सांख्यिकीविदों की भी मदद ली जायेगी. इसके अलावा विभागीय अधिकारियों, जिला और प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों, गोदाम प्रबंधकों और जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकानदारों की संयुक्त कार्यशाला आयोजित की जायेगी. विभागीय सचिव ने पूरे कार्य का वित्तीय आकलन कर आवश्यक प्रस्ताव तैयार करने का दिशा-निर्देश दिया है. खर्च योजना के तहत आवंटित राशि से किया जायेगा.

# छठ पर बिहार जाने वालों की भीड़, रांची से रोज खुल रहीं 200 बसें, फिर भी सीट फुल

**छठ को लेकर 10 अतिरिक्त बसों का हो रहा परिचालन**

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** छठ पूजा को लेकर बिहार जाने वाले यात्रियों की भीड़ बढ़ने लगी है. बिरसा मुंडा बस टर्मिनल कांटाटोली से बिहार के विभिन्न शहरों के लिए रोजाना करीब 200 बसों का परिचालन हो रहा है. यात्रियों की संख्या बढ़ने के कारण बसों की सीटें पहले से ही फुल हो जा रही हैं. खासकर नवादा समेत बिहार के अन्य शहरों के लिए यात्रियों को सीट की बुकिंग कराने में परेशानी हो रही है. स्थिति यह है कि यात्रियों को यात्रा से एक दिन पहले ही सीट बुक करानी पड़ रही है. बसों का परिचालन रात करीब 9:30 से 10 बजे के बीच शुरू हो जाता है. रांची से मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, आरा, औरंगाबाद, नवादा समेत बिहार के कई शहरों के लिए बसें उपलब्ध हैं. इनमें चंद्रलोक, साध्वी, पृथ्वीरथ, महौली, तेजस और भोले शंकर सहित कई बसें शामिल हैं. हाजीपुर के लिए रौशन और आरा के लिए तिवारी बस का भी परिचालन हो रहा है. छठ पूजा में यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए बस संचालकों ने अतिरिक्त बसों की व्यवस्था की है.

**700 से 900 रुपए तक है किराया**

बिहार जाने वाली बसों में यात्रियों को एसी और स्लीपर की सुविधा मिल रही है. एसी बस का किराया 800 रुपए, स्लीपर का 700 रुपए और लोअर स्लीपर का किराया 900 रुपए निर्धारित है. बस के एजेंट मुन्ना खान ने बताया कि पूजा को देखते हुए 10 अतिरिक्त बसें चलाई जा रही हैं. इन बसों में करीब 45 सीटें उपलब्ध हैं. वहीं श्री श्यामराम रथ के एजेंट ने बताया कि यात्रियों की मांग को देखते हुए अतिरिक्त बसों का संचालन किया जा रहा है. सीटों की उपलब्धता कम होने के कारण यात्रियों को यात्रा से एक दिन पहले ही बुकिंग करानी पड़ रही है. ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से टिकट बुक किए जा सकते हैं. इसके लिए एडवांस राशि जमा करनी होगी. अधिक जानकारी और बुकिंग के लिए बस काउंटर पर संपर्क कर वहां उपलब्ध मोबाइल नंबर लगाया गया है.

# अज्ञात कार की टक्कर से बाइक सवार गंभीर, एंबुलेंस नहीं मिलने पर निजी वाहन से ले गये रिम्स



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**तमाड़.** थाना क्षेत्र अंतर्गत मांझीडीह के समीप मंगलवार की शाम एक अज्ञात कार ने बाईक सवार को टक्कर मार दी. टक्कर से बाईक सवार सिंदरी निवासी शिव लोहरा (20) गंभीर रूप से घायल हो गये. घटना के बाद एम्बुलेंस नहीं मिलने पर घायल को स्थानीय लोगो द्वारा मोटरसाइकल से तमाड़ सीएचसी लाया गया. जहां डॉक्टरो ने प्राथमिक उपचार कर घायल की गंभीर हालत को देखकर रिम्स रेफर किया गया. रेफर को ले जाने के लिये भी एम्बुलेंस नहीं मिलने पर निजी वाहन से घायल को परिजन रिम्स ले गये.

# निशा भगत आत्महत्या मामले में पिठोरिया थाना प्रभारी लाइन हाजिर, ज्योत्सना केरकेट्टा और अजय तिर्की बने नामजद आरोपी

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** राज्य की राजधानी रांची के पिठोरिया थाना क्षेत्र की आदिवासी नेत्री निशा भगत की आत्महत्या मामले में पुलिस की कार्रवाई शुरू हो गई है. पिठोरिया थाना प्रभारी सतीश पांडेय को लाइन हाजिर कर दिया गया है. वहीं, मृतका के पिता के लिखित आवेदन के आधार पर ज्योत्सना केरकेट्टा और अजय तिर्की को नामजद आरोपी बनाते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई है. रांची एसएसपी के निर्देश पर गठित एसआईटी मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है. पुलिस थाना प्रभारी की भूमिका की भी जांच कर रही है.

रांची ग्रामीण एसपी गौरव गोस्वामी के मुताबिक एसआईटी मामले के हर पहलू की जांच कर रही है. पिठोरिया थाना प्रभारी सतीश पांडेय को लाइन हाजिर किया गया है. पुलिस की भूमिका और घटना से जुड़े तमाम तथ्यों की भी पड़ताल की जा रही है. जांच पूरी होने के बाद साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी. इसका अनुसंधान डीएसपी स्तर के पदाधिकारी कर रहे हैं. ग्रामीण एसपी ने भरोसा दिलाया कि इस मामले को लेकर पुलिस गंभीर है. पूरे मामले की निष्पक्षता से जांच की जा रही है. इसमें कोई भी संलिप्त पाया जाएगा, उसपर कानूनी कार्रवाई होगी. फिलहाल फॉरेंसिक रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है.

निशा भगत की मौत की घटना 6 नवंबर 2026 की है. रांची के पिठोरिया स्थित अपने आवास पर उन्होंने फेसबुक लाइव किया था. करीब 10 से 11 मिनट के इस लाइव वीडियो में वह काफी भावुक नजर आई थीं. उन्होंने आदिवासी अधिकारों, जमीन पर कथित कब्जे, जमीन माफिया और प्रशासनिक स्तर पर सहयोग नहीं मिलने जैसे मुद्दों को उठाया था. वीडियो में उन्होंने आरोप लगाया था कि जमीन से जुड़े मामलों को लेकर आवाज उठाने के कारण उन्हें परेशान किया जा रहा है. सोशल मीडिया पर उनकी छवि खराब करने और उन्हें दलाल कहे जाने से भी वह आहत नजर आई थीं. बेटी की मौत के बाद पिता ने पिठोरिया थाना में लिखित शिकायत देकर कई गंभीर आरोप लगाए. उन्होंने दावा किया कि उनकी बेटी को लंबे समय से मानसिक और सामाजिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था. सोशल मीडिया पर कथित तौर पर उनका चरित्र हनन किया जा रहा था और झूठे मुकदमों में फंसाने का दबाव बनाया जा रहा था. पिता ने अपनी शिकायत में अजय तिर्की और ज्योत्सना केरकेट्टा को नामजद करते हुए उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है. उन्होंने पिठोरिया थाना प्रभारी सतीश पांडेय और अन्य पुलिसकर्मियों की भूमिका पर भी सवाल उठाए हैं.

निशा भगत की मौत के आरोपी

निशा भगत की मौत को लेकर झारखंड में राजनीतिक बयानबाजी भी तेज हो गई है.

# छठ महापर्व पर धुर्वा डैम में सुरक्षा का पहरा, एनडीआरएफ ने संभाला मोर्चा, रूट मार्च कर परखी तैयारियां

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर राजधानी रांची में तैयारियां तेज हो गई हैं. छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटने की संभावना को देखते हुए प्रशासन के साथ-साथ आपदा प्रबंधन से जुड़ी एजेंसियां भी अलर्ट मोड में आ गई हैं. इसी कड़ी में मंगलवार को ठऊक्रकी टीम रांची के धुर्वा डैम पहुंची. यहां जवानों ने रूट मार्च कर सुरक्षा तैयारियों का जायजा लिया. टीम ने जलाशय और उसके आसपास के इलाकों का निरीक्षण किया. छठ महापर्व के दौरान किसी भी तरह की आपात स्थिति, डूबने की घटना या अन्य दुर्घटना से निपटने के लिए एनडीआरएफ की सक्रियता बढ़ा दी गई है.

राजधानी रांची के धुर्वा इलाके में स्थित धुर्वा डैम को हटिया डैम के नाम से भी जाना जाता है. यह रांची के प्रमुख जलाशयों में शामिल है. झारखंड पर्यटन विभाग के मुताबिक, करीब 7 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला यह जलाशय आसपास की बड़ी आबादी के लिए जलापूर्ति का महत्वपूर्ण स्रोत है. शहर से लगभग 15 किलोमीटर की दूरी पर स्थित यह डैम अपनी प्राकृतिक सुंदरता और विशाल जलक्षेत्र के लिए भी जाना जाता है. यहां सूर्यास्त का नजारा देखने के लिए भी लोग पहुंचते हैं. धुर्वा डैम की यही विशेषता छठ महापर्व के दौरान इसकी अहमियत और बढ़ा देती है. छठ पूजा में व्रती भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के लिए जलाशयों, नदियों और तालाबों के किनारे पहुंचते हैं. धुर्वा डैम में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करने पहुंचते हैं. शाम के अर्घ्य के दौरान डूबते सूर्य को नमन करने और अगली सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए यहां श्रद्धालुओं की भीड़ जुटती है.

इस वर्ष छठ महापर्व की शुरूआत 13 नवंबर को नहाय-खाय के साथ होगी. 14 नवंबर को खरना का अनुष्ठान किया जाएगा. इसके बाद 15 नवंबर, रविवार को व्रती अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य अर्पित करेंगे. वहीं, 16 नवंबर, सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व का समापन होगा. रांची में 15 नवंबर को सूर्यास्त का समय लगभग शाम 5 बजकर 4 मिनट है, जबकि 16 नवंबर को सूर्योदय सुबह लगभग 6 बजकर 3 मिनट पर होगा. इसी दौरान व्रती भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे. धुर्वा डैम जैसे बड़े जलाशय में छठ के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चुनौतीपूर्ण हो जाती है. बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के एक साथ पानी में उतरने, गहरे पानी में जाने और फिसलन जैसी परिस्थितियों के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है. खासकर शाम और सुबह के अर्घ्य के समय घाटों पर भीड़ का दबाव अधिक रहता है. ऐसे में ठऊक्रकी टीम की सक्रियता काफी महत्वपूर्ण हो जाती है. जवानों ने रूट मार्च के जरिए घाट और आसपास के क्षेत्रों का जायजा लिया. आपदा की स्थिति में त्वरित कार्रवाई और श्रद्धालुओं को सुरक्षित निकालने की तैयारी को लेकर टीम की मौजूदगी अहम मानी जा रही है.

# हॉर्न बजाने को लेकर चाकू मारकर युवक की हत्या के मामले में चार गिरफ्तार

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**तमाड़।** थाना क्षेत्र के रंगामाटी स्थित सरकारी शराब दुकान के पास दीपावली की रात हुई कांग्रेस महतो की हत्या के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है. दो आरोपी अभी फरार हैं. गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है. बुंडू डीएसपी ओमप्रकाश ने बताया कि घटना 8 नवंबर की रात की है. कांग्रेस महतो समेत चार-पांच लोग सड़क किनारे बैठकर शराब पी रहे थे. इसी दौरान वहां से गुजर रही एक कार में सवार लोगों ने साइड देने के लिए हॉर्न बजाया. डीएसपी के मुताबिक, हॉर्न बजाने के बाद मृतक पक्ष के लोगों ने गाली-गलौज शुरू कर दी. इसके बाद दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ा और मारपीट शुरू हो गई. इसी दौरान कांग्रेस महतो को चाकू मार दिया गया. घायल अवस्था में उसे अस्पताल ले जाया जा रहा था. लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई. मामले की जांच के लिए पुलिस ने विशेष टीम गठित की थी. छापेमारी के दौरान बिट्टू गुप्ता, टिंकू दास, गुरूपदो मुण्डा और निखिल भूमिज को गिरफ्तार किया गया. फरार दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है. इस संबंध में तमाड़ थाना कांड संख्या 72/2026, दिनांक 9 नवंबर 2026 को भारतीय न्याय संहिता की धारा 127(2), 352, 351(2), 103(1) और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया है. छापेमारी दल में तमाड़ थाना के पुअनि शम्भू पंडित, प्रेम सागर सिंह, गणेश चौड़े और तमाड़ थाना के सशस्त्र बल शामिल थे.

## संक्षिप्त खबर

### छठ पर झारखंड होकर चलेंगी दो पूजा स्पेशल ट्रेनें, पटना के लिए बढ़ेगी कनेक्टिविटी



रांची। छठ पूजा के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेलवे ने झारखंड से होकर दो पूजा स्पेशल ट्रेनों के परिचालन की घोषणा की है. इनमें गोंदिया-पटना और विशाखापत्तनम-पटना पूजा स्पेशल शामिल हैं. दोनों ट्रेनों का दोनों दिशाओं में दो-दो फेरे निर्धारित किए गए हैं. ट्रेन संख्या 08895 गोंदिया-पटना पूजा स्पेशल 13 और 20 नवंबर को गोंदिया से 12:30 बजे रवाना होगी. यह राउरकेला, हटिया, रांची, मूरी, बोकारो स्टील सिटी, धनबाद और जसीडीह होते हुए शनिवार को 16:30 बजे पटना पहुंचेगी. वापसी में ट्रेन संख्या 08896 पटना-गोंदिया स्पेशल 14 और 21 नवंबर को पटना से 18:10 बजे रवाना होगी. यह रविवार सुबह 8:05 बजे रांची पहुंचेगी और 8:15 बजे प्रस्थान करेगी. ट्रेन में कुल 20 कोच होंगे. ट्रेन संख्या 08588 विशाखापत्तनम-पटना पूजा स्पेशल 15 और 22 नवंबर को विशाखापत्तनम से 19:25 बजे रवाना होकर अगले दिन 20 बजे पटना पहुंचेगी. वापसी में ट्रेन संख्या 08587 पटना-विशाखापत्तनम स्पेशल 16 और 23 नवंबर को पटना से 21:50 बजे रवाना होगी और बुधवार रात 00:30 बजे विशाखापत्तनम पहुंचेगी. यह ट्रेन जामताड़ा, मधुपुर और जसीडीह सहित निर्धारित स्टेशनों पर रुकेगी. इसमें सामान्य, स्लीपर और वातानुकूलित श्रेणी के कोच उपलब्ध होंगे.

### अनिश्चितकालीन आमरण अनशन की तैयारी को लेकर 13 को आंदोलनकारियों की अहम बैठक

तमाड़। झारखंड आंदोलनकारियों को राजकीय मान-सम्मान, अलग पहचान, बच्चों व आश्रितों को शत-प्रतिशत रोजी-रोजगार एवं नौकरियों के अधिकार की गारंटी तथा जेल जाने की बाध्यता समाप्त करते हुए सभी को समान पेंशन राशि 50-50 हजार रुपये देने की मांग सरकार से की गई है। भवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं झारखंड स्थापना दिवस 15 नवंबर 2026 को झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा द्वारा अनिश्चितकालीन अनशन, प्रदर्शन व सभा की तैयारी को लेकर 13 नवंबर को पंचायत सचिवालय कार्यालय तमाड़ पश्चिमी के प्रांगण में झारखंड आंदोलनकारियों की एक अहम बैठक रखी गई है। बैठक में चिह्नित सभी आंदोलनकारियों की उपस्थिति अनिवार्य है। इसकी जानकारी झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के उपाध्यक्ष हीरालाल दास ने दी।

### रांची के तमाड़ में 9 वर्षीय नाबालिग से दुष्कर्म, मुंहबोले चाचा पर लगा आरोप




**रांचीः** जिला के तमाड़ थाना क्षेत्र में नौ वर्षीय नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म का गंभीर मामला सामने आया है. बच्ची के मुंहबोले चाचा पर उसे फुसलाकर जंगल में ले जाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगा है. इस घटना के संबंध में बच्ची के पिता ने आरोपी के खिलाफ तमाड़ थाने में लिखित आवेदन दिया है. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस आरोपी की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है. वहीं, पूरे घटनाक्रम की जांच भी की जा रही है. परिजनों के मुताबिक, आरोपी बच्ची के परिवार का परिचित है और उसका घर पर आना-जाना था. सोमवार को सुबह करीब 11 बजे वह बच्ची के पिता के पास पहुंचा और चावल पहुंचाने की बात कहकर उनसे स्कूटी मांगी. इसके बाद वह बच्ची को भी स्कूटी पर बैठाकर अपने साथ ले गया. आरोप है कि आरोपी बच्ची को जंगल में ले गया, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया. परिजनों के मुताबिक, कथित घटना के बाद आरोपी बच्ची को स्कूटी से वापस घर पहुंचाया. घर पहुंचने पर बच्ची के कपड़ों पर गंदगी देखकर उसके पिता ने उससे पूछा कि क्या वह स्कूटी से कहीं गिर गई थी. पिता के सवाल पर बच्ची रोने लगी और उसने अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी. बच्ची से पूरी घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने आरोपी को पकड़ने की कोशिश की. इसी दौरान आरोपी स्कूटी खड़ी कर वहां से भाग निकला. बच्ची के पिता ने कुछ दूर तक उसका पीछा भी किया लेकिन वह पकड़ में नहीं आ सका. इसके बाद बच्ची के माता-पिता उसे लेकर तमाड़ थाना पहुंचे और आरोपी के खिलाफ लिखित आवेदन सौंपा. तमाड़ थाना प्रभारी दुलाल कुमार महतो ने बताया कि सोमवार को पुलिस को मामले की सूचना मिली है और लिखित आवेदन भी प्राप्त हुआ है. पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है.

### फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए राजकिशोर ने अधिकारियों को भेजा ई-मेल

**तमाड़.** थाना क्षेत्र में कक्षा पांचवीं की नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपी की गिरफ्तारी की मांग तेज हो गयी है. आजसू पार्टी के रांची जिला वरीय उपाध्यक्ष राजकिशोर कुशवाहा ने मंगलवार को इस संबंध में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, रांची के अलावा उपायुक्त और एसएसपी को ई-मेल भेजा है. उन्होंने तमाड़ थाना कांड संख्या 73/2026 का हवाला देते हुए आरोपी की अविलंब गिरफ्तारी तथा जरूरत पड़ने पर विशेष अनुसंधान दल (एसआइटी) गठित करने की मांग की है. साथ ही पॉक्सो एक्ट के तहत समयबद्ध अनुसंधान, निर्धारित समय में आरोप पत्र दाखिल करने और मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालय में कराने की मांग की है. उन्होंने पीड़िता और उसके परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी अपील की. राजकिशोर ने कहा कि पीड़िता को न्याय दिलाना प्राथमिकता है.

# मयूरकोला की पत्थर खदान में हादसे से मचा हड़कंप, अवैध खुदाई के आरोपों ने बढ़ाई चिंता

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**भारी मशीनों से हो रहा पत्थर उत्खनन, खनन की निर्धारित सीमा और सुरक्षा मानकों की जांच की उठी मांग**



**बरहरवा/साहिबगंज।** कोटालपोखर थाना क्षेत्र के मयूरकोला के समीप संचालित पत्थर खदान में दुर्घटना की सूचना से इलाके में हड़कंप मच गया है। घटना से जुड़ा वीडियो और तस्वीरें सामने आने के बाद खदान में चल रहे उत्खनन कार्य और सुरक्षा इंतजामों को लेकर कई गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। जानकारी के अनुसार, खदान में भारी मशीनों के जरिए पत्थर निकालने के लिए खुदाई का काम किया जा रहा था। इसी दौरान दुर्घटना होने की बात सामने आई है। सामने आए वीडियो में घटनास्थल पर भारी मशीनें, मिट्टी और बड़े-बड़े पत्थरों का ढेर दिखाई दे रहा है। साथ ही कुछ लोग भी घटनास्थल के आसपास मौजूद नजर आ रहे हैं। इस मामले ने उस समय और गंभीर रूप ले लिया, जब स्थानीय स्तर पर खदान के निर्धारित दायरे से बाहर भी जमीन की खुदाई कर पत्थर निकाले जाने के आरोप सामने आए। चर्चा है कि खनन कार्य के अलावा आसपास की अन्य जमीनों पर भी खुदाई की जा रही है। हालांकि, इन आरोपों की अब तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। घटनास्थल पर लगे सूचना पट्ट के मुताबिक, खदान का संबंध मेसर्स गुरु स्टोन वर्क्स से बताया गया है। सूचना पट्ट पर प्रोपराइटर के रूप में अमरजीत सिंह का नाम दर्ज है। इसमें मौजा प्रतापपाड़ा एवं फतेहपुर, डाकघर मयूरकोला और थाना कोटालपोखर, जिला साहिबगंज का उल्लेख किया गया है।

**खनन की सीमा और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल**

दुर्घटना के बाद अब यह जानना जरूरी हो गया है कि खनन कार्य स्वीकृत लीज क्षेत्र के अंदर ही संचालित हो रहा है या आसपास की दूसरी जमीनों पर भी पत्थर निकालने के लिए खुदाई की जा रही है। खदान में सुरक्षा के निर्धारित इंतजाम मौजूद थे या नहीं, भारी मशीनों के संचालन के दौरान आवश्यक सावधानियां बरती जा रही थीं या नहीं, इसकी भी जांच जरूरी है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन और खनन विभाग से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, खदान की वास्तविक सीमा की मापी कराने तथा खनन से संबंधित दस्तावेजों और अनुमति की जांच करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि स्वीकृत क्षेत्र से बाहर खुदाई या सुरक्षा नियमों का उल्लंघन पाया जाता है तो संबंधित जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। फिलहाल दुर्घटना के वास्तविक कारण, किसी व्यक्ति के हताहत होने तथा अतिरिक्त जमीन पर कथित खुदाई किए जाने की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। अब देखना होगा कि खनन विभाग और जिला प्रशासन इस मामले को कितनी गंभीरता से लेते हैं और जांच के बाद क्या कार्रवाई की जाती है।

## मारपीट और प्रताड़ना के मामले में पति गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**साहिबगंज/तालझारी।** तालझारी थाना क्षेत्र में मारपीट कर प्रताड़ित करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी अभियुक्त लड्डू चौधरी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, छोटी भागियामारी नयाटोला निवासी लाखो देवी, पति लड्डू चौधरी ने अपने पति के विरुद्ध मारपीट कर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए तालझारी थाना में आवेदन दिया था। आवेदिका के आवेदन के आधार पर तालझारी थाना कांड संख्या 193/26, मंगलवार को भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 85, 115(2), 117(2), 118(1), 109(1) एवं 352 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई।मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी अभियुक्त लड्डू चौधरी, पिता दीनानाथ चौधरी, ग्राम छोटी भागियामारी, थाना तालझारी, जिला साहिबगंज को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## साहिबगंज में आज 40-50 काली प्रतिमाओं का होगा विसर्जन, कल निकलेगी बड़ी काली महारानी, बम काली और बायसी मंदिर की भव्य शोभायात्रा

**साहिबगंज।** शहर के पोखरिया बड़ी काली महारानी, गुल्ली भट्टा बम काली, बायसी मंदिर काली पूजा समिति, झंडा मेला काली पूजा समिति का प्रतिमा को छोड़कर मंगलवार को शहर के लगभग 40 से 50 काली पूजा समिति का प्रतिमा विसर्जन धूमधाम से गाजे बाजे ढोल नगाड़ा के साथ भक्त झूमते नाचते गाते स्थानीय गंगा तट में दोपहर बाद से देर शाम तक करेंगे। आज पोखरिया बड़ी काली महारानी का प्रतिमा विसर्जन शोभा यात्रा निकलेगा। मां काली अपनी दोनों बहने मां सरस्वती मां लक्ष्मी के साथ एक डोली में सवार होकर श्रद्धालु/कहार के कंधे में सवार होकर पूरा नगर भ्रमण करेगी। लगभग 31 से ज्यादा जगह चिह्नित है जहां मा बड़ी काली महारानी का स्वागत पूजन आरती की जाएगी और मां बड़ी काली को अपने क्षेत्र से श्रद्धालु विदा करेंगे। कल बम काली प्रतिमा विसर्जन किया जाएगा, मां बम काली का रथ श्रद्धालु रस्सी से खींचते हुए नगर भ्रमण कराएंगे, जगह जगह स्वागत पूजन आरती की जाएगी। बायसी मंदिर काली प्रतिमा विसर्जन के दिन पुरानी साहिबगंज, नया टोला, कबूतरखोपी, चानन के प्रत्येक घर को दीप से सजाया जाएगा, हर एक गली मोहल्ला होकर मा काली गुजरेगी,हर एक घर के सदस्य मा को विधिवत पूजन आरती करके विदा करेगी। कल का तीनो प्रतिमा जुलूस शोभा यात्रा अपने आप में आकर्षक पारंपरिक धार्मिक देखने लायक है.

## छठ महापर्व को लेकर प्रशासन अलर्ट, एसडीओ-एसडीपीओ ने बाबा घाट और ओझा टोली घाट का किया निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश



**साहिबगंज।** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसे लेकर प्रशासनिक अधिकारी लगातार घाटों का निरीक्षण कर रहे हैं। इसी क्रम में सदर अनुमंडल पदाधिकारी अमर जॉन आइंद एवं राजमहल एसडीपीओ विमलेश त्रिपाठी ने साहिबगंज के प्रमुख छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने बायसी मंदिर के सामने स्थित बाबा घाट एवं ओझा टोली घाट का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान घाटों की साफ-सफाई, कचरा निस्तारण, बैरिकेडिंग, खतरनाक स्थानों का चिह्नांकन, प्रकाश व्यवस्था, साउंड सिस्टम एवं पेयजल की उपलब्धता की जानकारी ली गई। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल एवं गोताखोरों की तैनाती सुनिश्चित करने पर भी चर्चा की गई। एसडीओ अमर जॉन आइंद ने नगर परिषद के अधिकारियों को सभी छठ घाटों पर युद्धस्तर पर साफ-सफाई कराने तथा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा प्रशासन की प्राथमिकता है।मौके पर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह, सार्जेंट, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि जयशंकर प्रसाद सहित कई अधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

# दो सौ साल पुराना बाबूपुर छठ घाट की साफ-सफाई शुरू, इस बार होगी और भी भव्य सजावट

झारखंड उजाला संवाददाता



**तीनपहाड/साहिबगंज।** तीनपहाड़ में लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। सार्वजनिक छठ पूजा समिति बाबूपुर के छठ घाट की साफ-सफाई शुरू हो चुकी है। सार्वजनिक छठ पूजा समिति बाबूपुर महतो परिवार के नेतृत्व में इस बार भी छठ घाट की भव्य सजावट की तैयारी की जा रही है। इस छठ घाट पर लगभग दो सौ वर्षों के छठ पूजा किया जाता है।बाबूपुर छठ घाट पर हर साल सैकड़ों घरों के लोग छठ व्रत करने आते हैं। छठ व्रतियों की संख्या इतनी अधिक रहती है कि घाट पर सुबह और शाम के अर्घ्य के समय हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ती है। आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में व्रती और श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। इसी को देखते हुए समिति ने इस बार और भी भव्य तरीके से आयोजन की तैयारी की है, ताकि व्रतियों और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।कमेटी के सदस्यों ने बताया कि छठ घाट से लेकर बाबूपुर चौक तक के रास्ते को फूलों और लाइटों से सजाया जाएगा। घाट पर आकर्षक लाइटिंग, फूलों की सजावट, तोरण द्वार और रंग-बिरंगी झालरों से पूरा क्षेत्र जगमगा उठेगा। दूर-दराज से आने वाले लोग भी इस सजावट को देखकर मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। सार्वजनिक छठ पूजा समिति बाबूपुर महतो परिवार ने बताया कि छठ पूजा में सभी लोग एक साथ मिलकर घाट की सफाई करते हैं, रास्ते को सजाते हैं और व्रतियों की सेवा में लग जाते हैं। समिति के युवा, बुजुर्ग और महिलाएं सभी बढ़-चढ़कर इस पर्व की तैयारियों में जुटे हुए हैं। घाट की सफाई के साथ-साथ तालाब की सफाई, घाट की मरम्मत और बैठने की व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।बाबूपुर का छठ घाट आसपास के गांवों में सजावट के लिए प्रसिद्ध है। हर साल यहां की सजावट देखने के लिए दूर-दूर से लोग पहुंचते हैं। इस छठ घाट पर आतिशबाजी भी भव्य तरीके से की जाती है, जिसके नजारे का सभी लोगों को बेसब्री से इंतजार रहता है। संध्या अर्घ्य के बाद आसमान में आतिशबाजी की छटा देखते ही बनती है।समिति के सदस्यों ने बताया कि व्रतियों की सुविधा के लिए घाट पर पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा के भी समुचित इंतजाम किए जाएंगे। छठ महापर्व को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए समिति पूरी तरह से तैयार है।

## महाराजपुर छठ घाट का पुनर्निर्माण कार्य शुरू,जेसीबी से तेजी से हो रही मरम्मत

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**गंगा कटाव से क्षतिग्रस्त घाट को छठ महापर्व से पहले दुरुस्त करने में जुटे ग्रामीण,श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर पहल**

**साहिबगंज।**गंगा नदी के जलस्तर में वृद्धि के कारण हुए भीषण कटाव से क्षतिग्रस्त महाराजपुर छठ घाट के पुनर्निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है।आगामी लोक आस्था के महापर्व छठ को देखते हुए स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से जेसीबी मशीन लगाकर घाट की मरम्मत एवं समतलीकरण का कार्य तेजी से कराया जा रहा है।ग्रामीणों की पहल पर शुरू हुए इस कार्य का उद्देश्य छठ महापर्व से पहले घाट को व्यवस्थित एवं सुरक्षित बनाना है,ताकि व्रतियों और श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना तथा भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो।इस संबंध में हिन्दू धर्म रक्षा मंच के प्रदेश महासचिव बजरंगी महतो ने कहा कि छठ महापर्व आस्था और लोकविश्वास का महान पर्व है। महाराजपुर छठ घाट का गंगा कटाव से क्षतिग्रस्त होना चिंता का विषय था।ग्रामीणों की पहल सराहनीय है। उन्होंने कहा कि छठ से पहले घाट को बेहतर और सुरक्षित बनाने के लिए सभी को मिलकर सहयोग करना चाहिए,ताकि व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा न हो। उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों से अपील की कि घाट के पुनर्निर्माण कार्य में आपसी सहयोग बनाए रखें,जिससे छठ महापर्व शांतिपूर्ण एवं श्रद्धापूर्ण माहौल में संपन्न हो सके।

## तीनपहाड़ में टोटो पलटने से कई लोग घायल, सभी को आई हल्की चोटें

**तीनपहाड़/साहिबगंज।**तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के धमधमिया-सांवलपुर के मध्य मुख्य मार्ग पर मंगलवार शाम एक टोटो पलटने से उसमें सवार लोगों को हल्की चोटें आई हैं।मिली जानकारी के अनुसार टोटो में सवार सभी लोग बरहरवा थाना क्षेत्र के गौड़ा घाटी के रहने वाले हैं। सभी लोग टोटो से कल्याणचक झंडी मेला से घूमकर वापस अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान धमधमिया-सांवलपुर के बीच मुख्य मार्ग पर टोटो अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया।टोटो पलटते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के ग्रामीण दौड़कर पहुंचे और सभी को बाहर निकाला। सभी को हल्की-फुल्की चोटें आई हैं। किसी को भी गंभीर चोट नहीं लगी है।इधर घटना की जानकारी तीनपहाड़ थाना पुलिस को मिलते ही थाना के एएसआई प्रदीप यादव दल-बल के साथ पहुंचे और घायलों का प्राथमिक उपचार कराया गया।

## साहिबगंज में धूमधाम से मनाई गई चित्रगुप्त पूजा, 200 से अधिक कायस्थ परिवारों ने की सुख-समृद्धि की कामना

झारखंड उजाला संवाददाता



**साहिबगंज।**जिले के साक्षरता मोड़ के नजदीक स्थित श्री रविन्द्र वर्मा जी के द्वारा दी गई दान जमीन पर बनी जिले के एक मात्र श्री श्री 108 चित्रगुप्त महाराज की मंदिर में सभी कायस्थों ने सपरिवार धूमधाम से भगवान श्री चित्रगुप्त की पूजा अर्चना की और सभी लोगों के लिए सुख समृद्धि और शांति की कामना की। पूजा उपरांत हर साल की भांति सामुहिक भोज का आयोजन किया गया। चित्रगुप्त न्यास समिति साहिबगंज के अध्यक्ष कल्याण प्रसाद श्रीवास्तव ने बताया कि हर साल कार्तिक शुक्ल पक्ष द्वितीया तिथि को चित्रगुप्त पूजा मनाई जाती है और कलम दवात की पूजा की जाती है। कायस्थ भगवान श्री चित्रगुप्त को अपना वार्षिक आय-व्यय समर्पित करते हैं। इस बार हवन कार्यक्रम 11 नवम्बर को की जाएगी और तद्उरांत कलश विसर्जन की जाएगी। पुरोहित प्रमोद पाण्डेय ने यजमान शैलेन्द्र कुमार वर्मा सपत्नीक के सहयोग से पुजा सम्पन्न कराई। इस अवसर पर अभीषेक कुमार वर्मा शाखा प्रबंधक, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक दुमका सपरिवार राजमहल के प्रखंड कल्याण पदाधिकारी कैलाश वर्मा सपरिवार, आलोक वर्मा, विनय वर्मा, राजीव सिंन्हा कस्तुरी कृष्णा, मयूरी, ऋषि राज, प्रमोद निरंजन, चंदन सिन्हा, राहुल वर्मा, रितेश, तीन पहाड़ के चंदन श्रीवास्तव तथा दौ सौ से भी अधिक कायस्थ परिवार एवं अन्य उपस्थित होकर पूजा अर्चना की।

# सरकारी नाले में मिट्टी भराई का मामला पहुंचा अंचल कार्यालय, सीओ ने किया स्थल निरीक्षण

झारखंड उजाला संवाददाता

**पलाशबोना में जलस्रोत पर अतिक्रमण की शिकायत, ग्रामीणों ने सौंपा लिखित आवेदन, जांच के बाद दोषियों पर कार्रवाई का आश्वासन**



**बरहरवा/साहिबगंज।** पलाशबोना पंचायत के पलाशबोना गांव में सरकारी नाले को मिट्टी से भरने और उस पर कथित रूप से अवैध कब्जा करने का मामला अब अंचल प्रशासन तक पहुंच गया है। ग्रामीणों की शिकायत पर बरहरवा अंचल अधिकारी अनोज कुमार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित स्थल का निरीक्षण किया। ग्रामीणों ने अंचल अधिकारी को सौंपे गए लिखित आवेदन में बताया है कि पलाशबोना मौजा के पूर्वी हिस्से से रेलवे सड़क तक सरकारी नाला स्थित है। यह नाला लंबे समय से स्थानीय किसानों के लिए सिंचाई का प्रमुख साधन रहा है। इसके अलावा आसपास के मवेशी भी इसी नाले के पानी पर निर्भर रहते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ लोगों द्वारा नाले में मिट्टी डालकर उसे भरने की कोशिश की जा रही है। यदि नाले का अस्तित्व समाप्त हुआ तो इसका सीधा असर खेती-किसानी और मवेशियों के लिए उपलब्ध जलस्रोत पर पड़ेगा। ग्रामीणों ने इसे सार्वजनिक उपयोग की जमीन और जलस्रोत के साथ छेड़छाड़ बताते हुए प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। शिकायत मिलने के बाद अंचल अधिकारी अनोज कुमार स्वयं मौके पर पहुंचे और स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि मामले की जांच कराई जाएगी। सरकारी जमीन अथवा सार्वजनिक संपत्ति पर अवैध कब्जा करने की पुष्टि होने पर संबंधित लोगों के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इधर, ग्रामीणों ने प्रशासन से नाले की वास्तविक स्थिति की जांच कराकर उसे अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है। उनका कहना है कि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो किसानों के सामने सिंचाई की समस्या उत्पन्न हो सकती है। फिलहाल सभी की नजरें अंचल प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं। स्थल निरीक्षण के बाद जांच में क्या तथ्य सामने आते हैं और सरकारी नाले को सुरक्षित रखने के लिए प्रशासन क्या कदम उठाता है, यह देखना महत्वपूर्ण होगा।

## कोटालपोखर के गोपीनाथ मंदिर में धूमधाम से मना गोवर्धन पूजा, भजन-कीर्तन में झूमे श्रद्धालु



**बरहरवा/साहिबगंज।** कोटालपोखर हाटपाड़ा स्थित श्री श्री राधाकृष्ण गोपीनाथ मंदिर में गोवर्धन पूजा का पर्व धूमधाम एवं भक्तिमय माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी। महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों और बच्चों ने मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की तथा भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। गोवर्धन पूजा के उपलक्ष्य में मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन का विशेष आयोजन किया गया। कृष्ण भजनों की मधुर धुन पर राधा-कृष्ण के भक्त भक्ति में लीन होकर झूमते और नाचते नजर आए। पूरे मंदिर परिसर में जय श्रीकृष्ण और राधे-राधे के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। सुबह से लेकर पूजा-अर्चना तक श्रद्धालुओं का मंदिर पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। पूजा संपन्न होने के बाद श्री श्री राधाकृष्ण गोपीनाथ मंदिर समिति की ओर से श्रद्धालुओं के लिए भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर समिति के इस आयोजन में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर में उत्साह, उमंग और भक्ति का माहौल देखने को मिला।

# छोटे-मोटे विवादों के निपटारे को लेकर दक्षिण पलाशगाछी पंचायत की मुखिया नफीसा खातून ने दिया आवेदन

**आपसी विवाद, पारिवारिक झगड़े, पति-पत्नी के बीच विवाद, आपसी कहासुनी एवं अन्य सामाजिक समस्याओं के मामलों में प्रारंभिक जांच एवं सत्यापन किया जाए**

सैफुल बसर, संवाददाता उधवा



उधवा/साहिबगंज।राधानगर थाना क्षेत्र में पंचायत स्तर पर होने वाले छोटे-मोटे विवादों के निपटारे को लेकर दक्षिण पलाशगाछी पंचायत की मुखिया नफीसा खातून ने राधानगर थाना को आवेदन देकर बताया है कि जमीन संबंधी आपसी विवाद, पारिवारिक झगड़े, पति-पत्नी के बीच विवाद, आपसी कहासुनी एवं अन्य सामाजिक समस्याओं के मामलों में नियमानुसार प्रारंभिक जांच और तथ्यों का सत्यापन किया जाए। साथ ही, जहां कानूनन संभव हो, संबंधित पंचायत के मुखिया से भी जानकारी और सुझाव लिया जाए। मुखिया का कहना है कि कई बार गांवों के छोटे-मोटे विवादों को लेकर लोग सीधे थाना पहुंच जाते हैं। ऐसे मामलों में स्थानीय परिस्थितियों और वास्तविक तथ्यों की पूरी जानकारी लिए बिना प्राथमिकी दर्ज होने से गांव-समाज में आपसी तनाव बढ़ने की आशंका रहती है। कई बार संबंधित पंचायत के जनप्रतिनिधियों को मामले की जानकारी तक नहीं मिल पाती। उन्होंने पुलिस प्रशासन से आग्रह किया है कि ऐसे विवादों में दोनों पक्षों की बात सुनकर और उपलब्ध तथ्यों को समझकर कानून के दायरे में उचित कार्रवाई की जाए।

**नशाखोरी एवं नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ विशेष अभियान एवं जुआ अड्डे पर रोक लगाने की मांग**

आवेदन में उन्होंने केवल आपसी विवादों के समाधान ही नहीं, बल्कि क्षेत्र की अन्य सामाजिक एवं आपराधिक समस्याओं पर भी पुलिस प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया है। उन्होंने अवैध जुआखोरी और जुआ अड्डों के संचालन पर रोक लगाने, नशाखोरी एवं नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ विशेष अभियान चलाने तथा इसमें संलिप्त लोगों पर नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है। इसके अलावा बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों को रोकने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों और पुलिस प्रशासन के संयुक्त प्रयास से जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता जताई है। मुखिया ने अपने आवेदन में कहा है कि गांवों में शांति, सुरक्षा और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने के लिए थाना प्रशासन एवं पंचायत प्रतिनिधियों के बीच बेहतर तालमेल जरूरी है। इसके लिए सभी पंचायतों के मुखिया एवं जनप्रतिनिधियों के साथ समय-समय पर बैठक आयोजित करने का भी सुझाव दिया गया है। उन्होंने कहा कि गंभीर एवं संज्ञेय अपराधों में पुलिस द्वारा कानून के अनुसार की जाने वाली कार्रवाई का पूरा सम्मान है।आवेदन की प्रतिलिपि राजमहल विधायक, पुलिस अधीक्षक, राजमहल अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस निरीक्षक को भी भेजकर मामले में आवश्यक पहल करने की मांग की है।

## नयाबाजार में ट्रैक्टर की चपेट में आने से चार वर्षीय बच्ची गंभीर रूप से घायल



**साहिबगंज/राजमहल।**थाना क्षेत्र के नयाबाजार में एक ट्रैक्टर की चपेट में आने से चार वर्षीय बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। मिली जानकारी के अनुसार नयाबाजार निवासी राजू शेख की पुत्री एरंग परवीन (4) सड़क के समीप खड़ी थी, इसी दौरान ब्लॉक की ओर जा रहे एक ट्रैक्टर की चपेट में आ गई। हादसे में बच्ची के सिर पर गंभीर चोट आई। स्थानीय लोगों की मदद से परिजन उसे तत्काल अनुमंडलीय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉ० कुमार सौरव ने इलाज किया। घटना की सूचना थाना पुलिस को दे दी गई थी।

# रक्तदान के लिए आगे आए 50 रक्तवीर, विहंगम योग परिवार ने पेश की मानवता की मिसाल

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**अनुमंडलीय अस्पताल में आयोजित शिविर में युवाओं सहित महिलाओं ने भी किया रक्तदान, जिप उपाध्यक्ष आलोक सिंह ने की पहल की सराहना**



**हुसैनाबाद (पलामू):** मानव सेवा और सामाजिक सरोकार की भावना को धरातल पर उतारते हुए विहंगम योग परिवार की ओर से मंगलवार को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। विश्वव्यापी रक्तदान कार्यक्रम के तहत आयोजित इस शिविर में करीब 50 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर जरूरतमंदों की जिंदगी बचाने का संकल्प लिया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष सह युवा झामुमो नेता आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष अजय कुमार भारती एवं विहंगम योग परिवार के झारखंड परामर्शक सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने संयुक्त रूप से सद्गुरु भगवान के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने कहा कि रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है। समय पर रक्त उपलब्ध नहीं होने के कारण कई बार लोगों की जान चली जाती है। ऐसे में विहंगम योग परिवार की यह पहल मानवता की सच्ची सेवा है। उन्होंने इस सामाजिक अभियान की सराहना करते हुए अधिकाधिक लोगों से रक्तदान के लिए आगे आने की अपील की। वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष अजय कुमार भारती ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा मानवीय योगदान है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित अंतराल पर रक्तदान करना चाहिए। एक यूनिट रक्त से तीन जरूरतमंद मरीजों की जान बचाने में मदद मिल सकती है। उन्होंने कहा कि समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना समय की जरूरत है। विहंगम योग परिवार के झारखंड परामर्शक सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने संगठन की ओर से संचालित विभिन्न सामाजिक एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विहंगम योग परिवार आध्यात्मिक चेतना के साथ-साथ समाजसेवा के कार्यों में भी निरंतर अपनी भागीदारी निभा रहा है। शिविर में अर्जुन कुमार पटेल, भोलू सोनी, अमलेश कुमार सिंह, भोला मेहता, संतोष यादव, अमृतेश मिश्रा, राहुल कुमार, सचिन विश्वकर्मा, गोलू पटेल, नागेश्वर प्रसाद, मुकुंद अग्रवाल, इंद्रजीत विश्वकर्मा, पवन कुमार पटेल, विकास पटेल, अभिषेक अग्रवाल, गोलू सोनी, सुधा कुमारी, वंदना मिश्रा, दुर्गेश मिश्रा, लव कुमार सिंह, मुखिया अजय कुमार राजवंशी एवं रितिका चंद्रवंशी समेत लगभग 50 लोगों ने रक्तदान किया।इस अवसर पर गिरिजा प्रसाद सिंह, रामाशीष प्रसाद सिंह, मोहन राम, जीता मेहता, सुचित कुमार, लक्ष्मण प्रसाद सिंह सहित विहंगम योग परिवार के बड़ी संख्या में शिष्य, सेवक एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

## ›››: संक्षिप्त खबर :‹‹‹

### गुमला के घाघरा में जनजातीय गौरव दिवस का होगा आयोजन

**लोहरदगा:** आगामी 23 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर गुमला जिले के घाघरा प्रखंड स्थित एसएल प्लस-2 उच्च विद्यालय मैदान में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर मंगलवार को लोहरदगा सर्किट हाउस सभागार में बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, भारत सरकार की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा ने की।बैठक में कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियों पर चर्चा की गई। डॉ. आशा लकड़ा ने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से जनजातीय समाज के अनसुने नायकों के इतिहास, उनके योगदान और जनजातीय हितों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों को प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जनजातीय समाज के लोगों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने जनजातीय संस्कृति, परंपराओं, पारंपरिक वाद्य यंत्रों और सांस्कृतिक विरासत को कार्यक्रम में शामिल करने पर जोर दिया। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों से अधिकाधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने और कार्यक्रम में शामिल होने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त राज महेश्वरम, आईटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, जिला कल्याण पदाधिकारी सरस्वती कच्छप, जिला पंचायती राज पदाधिकारी अंजना दास, जिला परिवहन पदाधिकारी जया संखी मुर्मू, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिजीत कुमार सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### मुकुंदा में झूमर कार्यक्रम का तारा देवी ने किया उद्घाटन, लोक संस्कृति को सहेजने की सराहना



**बलियापुर /धनबाद।** बलियापुर प्रखंड के मुकुंदा गांव में मां काली पूजा के अवसर पर श्री श्री काली पूजा समिति की ओर से भव्य झूमर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा झारखंड प्रदेश कार्यसमिति सदस्य तारा देवी ने फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर तारा देवी ने झारखंड की समृद्ध कला, संस्कृति और पारंपरिक विरासत को संरक्षित कर अगली पीढ़ी तक पहुंचाने के प्रयास की सराहना की। कार्यक्रम में भाजपा बलियापुर पश्चिम मंडल अध्यक्ष सुनील मोदक सहित हिरालाल गोराई, सुरेश निषाद, राजू महतो, सुदन महतो, राजेश महतो, फागू महतो, विक्की रवानी, नेपाल महतो, उमाशंकर महतो समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष उपस्थित थे। लोगों ने झूमर की मनमोहक प्रस्तुतियों का आनंद लिया।

### निशा भगत आत्महत्या मामले की जांच करेगी सीबीआई, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दिया आदेश



**रांची।** आदिवासी नेत्री निशा भगत आत्महत्या मामले की जांच सीबीआई करेगी। इसको लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार की रात आदेश दे दिया है। इस संबंध में मुख्यमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट कर जानकारी भी दी है। उल्लेखनीय है कि छह नवंबर को पिठोरिया थाना क्षेत्र स्थित किराये के मकान में निशा भगत ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इससे पहले वह फेसबुक लाइव पर आई थीं और रोते हुए अपनी परेशानी साझा की थी। लाइव वीडियो में उन्होंने जमीन के कारोबार से जुड़े लोगों की कथित प्रताड़ना और पुलिस-प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाए थे। उन्होंने लाइव के दौरान अजय तिर्की का नाम भी लिया था। बताया गया है कि आत्महत्या से पहले निशा ने पिठोरिया थाना प्रभारी को फोन कर आत्महत्या करने की बात कही थी। आरोप है कि थाना प्रभारी ने उन्हें थाने बुलाने की बात कहकर फोन काट दिया था। इस मामले में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) ने भी संज्ञान लिया है। आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए झारखंड सरकार से विस्तृत रिपोर्ट मांगने की बात कही है। वहीं, राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने भी स्वतः संज्ञान लिया है।राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखकर मामले की निष्पक्ष, विस्तृत और समयबद्ध जांच कराने को कहा है। उन्होंने निशा के फेसबुक लाइव, कॉल रिकॉर्ड और अन्य डिजिटल साक्ष्यों को सुरक्षित रखने के निर्देश भी दिए हैं।

# आदर्श क्लब के काली पूजा पंडाल में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, उपायुक्त ने की पूजा अर्चना

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**सिंदरी/धनबाद।** सिंदरी क्षेत्र में कार्तिक अमावस्या के अवसर पर पूरे क्षेत्र में शक्ति की अधिष्ठात्री देवी मां काली की पूजा अत्यंत श्रद्धा ,भक्ति और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुई।शहरपुरा स्थित एल टाइप के आदर्श क्लब काली पूजा पंडाल में धनबाद के उपायुक्त आदित्य रंजन पहुंचे। उन्होंने मां काली के दर्शन कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। इसके अलावा बीआईटी सिंदरी के सिविल अभियांत्रिकी विभागाध्यक्ष डॉ. प्रफुल्ल शर्मा एवं जनता मजदूर संघ की सिंदरी शाखा के सचिव वेद प्रकाश ओझा भी पूजा पंडाल पहुंचे और मां काली की पूजा-अर्चना की। पूजा के पश्चात अतिथियों ने श्रद्धालुओं के साथ खिचड़ी महाभोग ग्रहण किया।
पूजा समिति की ओर से सचिव ओंकार सिंह एवं अनु ने अतिथियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। पूजा के दौरान पंडाल में भक्तिमय माहौल बना रहा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मां काली के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।
मौके पर सचिव ओंकार सिंह,अखिलेश सिंह, राहुल ओझा, पंकज, प्रकाश, जीतू ने मुख्य रूप से पूजा आयोजन में अपनी सहभागिता निभाई। अरुण रंजन सिंह, संतोष सिंह, सुमित कुमार सिंह, अंशु कुमार, रोहित सिंह, दीपक गिरी, बबलू पांडेय, शेखर सिंह, प्रकाश शर्मा, रोहित मंडल, मोहित यादव, अमित मंडल, दिलबर रवानी, उमाशंकर यादव, समीर पासवान एवं शुभम कुमार सहित अन्य श्रद्धालु अतिथियों के साथ उपस्थित थें।

## एसएससी संयुक्त हिंदी अनुवाद परीक्षा में अमरनाथ तिवारी को 38वीं रैंक, गृह मंत्रालय में चयन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**सिंदरी/धनबाद।** सिंदरी निवासी अमरनाथ तिवारी ने एसएससी वरिष्ठ संयुक्त हिंदी अनुवाद परीक्षा-2025 में 38 वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनका चयन नई दिल्ली स्थित केंद्रीय गृह मंत्रालय में हुआ है। पिता तेज नारायण तिवारी एवं माता शशिकला देवी के पुत्र अमरनाथ का आवास आरके-1/164, सिंदरी में है। उन्होंने सिंदरी कॉलेज से वर्ष 2019 में स्नातक और 2022 में स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद वर्ष 2024 में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) से अनुवाद में एक वर्षीय डिप्लोमा प्राप्त किया। इससे पूर्व वे बायजूस में कार्यरत थे। अमरनाथ शैक्षणिक गतिविधियों के साथ सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यों में भी सक्रिय रहे हैं। वर्ष 2024 में युवा संगम योजना के तहत झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए उन्होंने आईआईटी रुड़की में राज्य की लोक संस्कृति एवं पारंपरिक लोकनृत्य को प्रस्तुत किया था। वर्ष 2018 में स्वच्छ भारत अभियान के तहत कॉलेज स्तर पर स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान में भी योगदान दिया था। अपनी सफलता का श्रेय अमरनाथ ने माता-पिता एवं बड़े भाई अभिषेक तिवारी को दिया है। उनकी उपलब्धि से परिवार और सिंदरी क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

## फर्जी आवासीय प्रमाण पत्र जारी करने का मामला, सीएससी केंद्र सील



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**सिंदरी/धनबाद।** फर्जी आवासीय प्रमाण पत्र जारी करने के मामले में प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए पाथरकुआं पंचायत भवन में संचालित कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) को सील कर दिया है। अनुमंडल पदाधिकारी लोकेश बारंगे के नेतृत्व में हुई छापेमारी के दौरान यह कार्रवाई की गई। साथ ही केंद्र संचालक अभिजीत दास की सीएससी आईडी रद्द करने की अनुशंसा की गई है। मामला होमगार्ड बहाली के अभ्यर्थी कृष्णपद सोरेन के आवासीय प्रमाण पत्र के सत्यापन के दौरान सामने आया। अंचल कार्यालय कलियासोल की जांच में पता चला कि प्रमाण पत्र सरकारी स्तर से जारी ही नहीं किया गया था, बल्कि उस पर फर्जी डिजिटल हस्ताक्षर का इस्तेमाल किया गया था। अभ्यर्थी ने शिकायत में बताया कि वर्ष 2023 में प्रमाण पत्र बनवाने के लिए सीएससी संचालक को 500 रुपये दिए थे। इसके बाद उसे फर्जी प्रमाण पत्र थमा दिया गया। एसडीएम ने संचालक के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई शुरू करने की बात कही है।

## मजदूरों के शोषण के खिलाफ राज्यव्यापी आंदोलन करेगा असंगठित मजदूर मोर्चा -चंद्रदेव महतो

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**बलियापुर/ धनबाद।**असंगठित मजदूर मोर्चा केंद्रीय कमेटी की बैठक सोमवार को सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो की आवासीय कार्यालय में केंद्रीय अध्यक्ष सह विधायक चंद्रदेव महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन धनबाद जिला सचिव पवन महतो ने किया।बैठक में वर्ष 2025-26 की सदस्यता रसीद और राशि अविलंब जमा करने तथा वर्ष 2026 में पूरे राज्य में पांच हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। साथ ही प्रखंड, अंचल और क्षेत्रीय स्तर पर संगठन का विस्तार करने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए चंद्रदेव महतो ने कहा कि धनबाद, बोकारो और गिरिडीह में संगठन को सक्रिय कर मजदूरों के शोषण के खिलाफ संघर्ष तेज करने की जरूरत है। उन्होंने केंद्र सरकार पर 44 श्रम कानूनों को समाप्त कर चार श्रम संहिताओं में बदलने का आरोप लगाते हुए कहा कि इससे मजदूरों का शोषण बढ़ रहा है। इन मुद्दों पर राज्यव्यापी आंदोलन की रणनीति 6 दिसंबर को तय की जाएगी। केंद्रीय महामंत्री निताई महतो ने बालमुकुंद फैक्ट्री से हटाए गए 12 मजदूरों को अब तक न्याय नहीं मिलने का मामला उठाया। उन्होंने घोषणा की कि 6 दिसंबर को गिरिडीह में केंद्रीय कमेटी की बैठक होगी। इसी दिन मजदूरों को काम पर वापस लेने की मांग पर आंदोलन की घोषणा की जाएगी। मांग पूरी नहीं होने पर 'काम दो या जेल दो' के नारे के साथ हजारों कार्यकर्ता उपायुक्त कार्यालय के समक्ष गिरफ्तारी देंगे। बैठक में कन्हाई पांडे, दिलीप तिवारी, संतोष मुर्मू, सुरेश महतो, सुदामा शेखर, लालमोहन रजवार, किशोर राय, खूबलाल राय, भीम रजक, भक्ति पाल, पशुपति महतो, विनोद राय, जीतून अंसारी, मोहन सोरेन सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# इंसानियत की अनूठी मिसाल बना हजारीबाग प्रेस क्लब, बेजुबान की पीड़ा देख पसीजा पत्रकारों का दिल

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**घायल और बीमार नन्हे श्वान के इलाज से लेकर दूध और भोजन तक की कराई व्यवस्था, मां की वापसी ने भावुक कर दिया माहौल**




**हजारीबाग :** कभी-कभी जिंदगी के कुछ छोटे-छोटे दृश्य इंसानियत का ऐसा बड़ा संदेश दे जाते हैं, जो लंबे समय तक दिल और दिमाग में अपनी छाप छोड़ जाते हैं। ऐसा ही एक भावुक और आत्मविभोर कर देने वाला दृश्य आज हजारीबाग प्रेस क्लब परिसर में देखने को मिला, जहां पत्रकारों ने अपनी संवेदनशीलता और मानवीय सरोकार का परिचय देते हुए तीन नन्हे बेजुबान जीवों के प्रति अपनत्व और करुणा की अनूठी मिसाल पेश की है, दरअसल, हजारीबाग प्रेस क्लब परिसर में घूमते हुए तीन नवजात आवारा श्वान के बच्चे पहुंचे। खेलते-कूदते इन नन्हे जीवों में से एक बच्चा लगातार दर्द से कराह रहा था और प्रेस क्लब की सीढ़ियों पर चढ़ने का प्रयास कर रहा था। उसकी बेचैनी और असामान्य गतिविधियों को देखकर प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष सितेश तिवारी की नजर उस पर पड़ी, करीब से देखने पर पता चला कि नन्हा श्वान गंभीर रूप से घायल और बीमार है, आशंका जताई गई कि किसी जानवर के काटने से उसके शरीर पर गहरा जख्म हो गया था, जिसमें कीड़े पड़ चुके थे। उसकी पीड़ा देखकर सितेश तिवारी का मन व्यथित हो उठा उन्होंने बिना देर किए उसके उपचार की व्यवस्था शुरू कर दी स्वयं बाजार जाकर आवश्यक दवाइयां, पट्टी और अन्य जरूरी चिकित्सा सामग्री लेकर आए। इतना ही नहीं, तीनों नन्हे श्वानों के लिए दूध और भोजन की भी व्यवस्था कराई भूख से व्याकुल इन बेजुबानों को जब दूध और भोजन मिला तो उनकी बेचैनी कम हुई और वे कुछ शांत नजर आए इसके बाद हजारीबाग प्रेस क्लब के कार्यकारिणी सदस्य अनिल राम ने भी संवेदनशीलता का परिचय दिया, उन्होंने घायल नन्हे श्वान के जख्म को अपने हाथों से सावधानीपूर्वक साफ किया और उस पर दवा लगाई, उपचार के बाद बच्चे को कुछ राहत मिलती दिखाई दी। सभी को उम्मीद है कि समय पर देखभाल और समुचित उपचार मिलने से वह जल्द स्वस्थ हो जाएगा, इस पूरे घटनाक्रम का सबसे भावुक क्षण तब आया, जब कुछ देर बाद उन नन्हे श्वानों की मां भी वहां पहुंच गई, अपने बच्चों को सुरक्षित और लोगों की देखरेख में देखकर उसका सहज व्यवहार मानो मौन आभार व्यक्त कर रहा था, यह दृश्य वहां मौजूद पत्रकारों और अन्य लोगों के लिए बेहद भावुक कर देने वाला था, इस छोटी-सी घटना ने एक बड़ी बात फिर साबित कर दी कि संवेदनशीलता और इंसानियत किसी पद, प्रतिष्ठा या पहचान की मोहताज नहीं होती। बेजुबान जीव भी दर्द, भूख और तकलीफ महसूस करते हैं, उन्हें भी स्नेह, सुरक्षा और उपचार की उतनी ही जरूरत होती है, जितनी किसी अन्य जीव को जरूरत सिर्फ इतनी है कि कोई उनकी पीड़ा को महसूस करने वाला हो।हजारीबाग प्रेस क्लब परिसर में पत्रकारों की इस पहल की उपस्थित साथियों ने मुक्त कंठ से सराहना की खबरों के माध्यम से समाज की समस्याओं और संवेदनाओं को सामने लाने वाले पत्रकारों ने आज अपने व्यवहार से भी यह संदेश दिया कि इंसानियत केवल लिखने और बोलने का विषय नहीं, बल्कि उसे अपने आचरण में उतारना ही सच्ची मानवता है किसी बेजुबान की पीड़ा को समझना, उसके दर्द पर मरहम लगाना और उसकी भूख मिटाना ही इंसान होने का सबसे खूबसूरत परिचय है।

# परिवार और समर्थकों संग सांसद मनीष जायसवाल ने मनाई दीपावली, मां लक्ष्मी से की सुख-समृद्धि की कामना

झारखंड उजाला संवाददाता

**विशेश्वर दयाल पथ स्थित आवास पर दीप जलाकर और लक्ष्मी पूजन कर मनाया प्रकाश पर्व, पूरा परिवार रहा मौजूद**



प्रकाश, उल्लास और खुशियों के महापर्व दीपावली के अवसर पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने अपने विशेश्वर दयाल पथ स्थित आवास पर पूरे परिवार, शुभचिंतकों और समर्थकों के साथ दीपावली का त्योहार हर्षोल्लास से मनाया। इस दौरान आवास आकर्षक रंगोली और दीपों की रोशनी से जगमगाता रहा। पारंपरिक विधि-विधान से मां लक्ष्मी और भगवान श्रीगणेश की पूजा-अर्चना कर सांसद मनीष जायसवाल ने संपूर्ण हजारीबाग संसदीय क्षेत्र की सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की मंगलकामना की। दीपावली के इस खास अवसर पर सांसद मनीष जायसवाल ने अपने पिता एवं हजारीबाग के पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रजकिशोर जायसवाल, माता विद्या जायसवाल, भाई प्रशांत जायसवाल एवं निशांत जायसवाल, पत्नी निशा जायसवाल और सुपुत्र करण जायसवाल के साथ पर्व की खुशियां साझा कीं। वहीं परिवार के अन्य सदस्यों में भाई की पत्नी ट्विंकल जायसवाल, प्रियंका जायसवाल, पुत्रवधू अवंतिका जायसवाल, भतीजे हृषिक जायसवाल, आरव जायसवाल एवं राहुल जायसवाल, पौत्र विआन, पौत्री वान्या तथा करण जायसवाल के साले आर्यन सहित अन्य परिजन और गणमान्य लोग मौजूद रहे। परिवार के सदस्यों और शुभचिंतकों के बीच दीप प्रज्वलन, पूजा-अर्चना और आत्मीय मुलाकातों के साथ दीपावली के पल यादगार बने। सांसद मनीष जायसवाल ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए आपसी प्रेम, सद्भाव और पारिवारिक एकता के साथ पर्व मनाने का संदेश दिया।

## एचईसी मजदूर संघ ने मनाई दत्तोपंत ठेंगड़ी की जयंती



**रांची।** एचईसी मजदूर संघ की ओर से मंगलवार को यूनियन कार्यालय, सीडी-241, सेक्टर-3 में भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) के संस्थापक श्रद्धेय दत्तोपंत ठेंगड़ी की जयंती श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर संघ के सभी कार्यकताओं और पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर दीप प्रज्वलित कर और पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए एचईसी मजदूर संघ के महामंत्री रमाशंकर प्रसाद ने दत्तोपंत ठेंगड़ी के जीवन और उनकी ओर से श्रमिक हितों के लिए किए गए महान संघर्षों को याद किया। उन्होंने कहा कि ठेंगड़ी ने हमेशा राष्ट्रवाद और श्रमिक कल्याण को सर्वोपरि रखा। उनके विचारों ने देश के मजदूरों को संगठित करने और उन्हें उनका अधिकार दिलाने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई है। वहीं संघ के अध्यक्ष जीतू लोहरा, सचिव विकास तिवारी और उपाध्यक्ष सुनील कुमार पांडे ने भी विचार व्यक्त किया। इस दौरान उपस्थित सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने संकल्प लिया कि वे ठेंगड़ी के बताए गए मार्ग, ईमानदारी और राष्ट्रहित के सिद्धांतों पर चलने का पूर्ण प्रयास करेंगे एवं मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। कार्यक्रम में सभी ने देश और संस्थान की समृद्धि के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख अभिमन्यु, रेलवे से अखिलेश मिश्रा, रमा शंकर प्रसाद, सुनील कुमार पांडे, विकास तिवारी, जीतू लोहरा, रविकांत, सरोज कुमार, रजनीश सहदेव सहित अन्य उपस्थित थे।

## मानव क्लब की काली पूजा में शामिल हुए दिलीप सिंह, बोले -शक्ति और सामाजिक एकता का प्रतीक है काली पूजा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता



**सिंदरी/धनबाद।** रांगामाटी सिंदरी स्थित मानव क्लब काली पूजा समिति की ओर से आयोजित काली पूजा महोत्सव में मंगलवार को राजपूत विचार मंच के धनबाद जिलाध्यक्ष सह युवा संघर्ष मोर्चा (जनवादी) के केंद्रीय अध्यक्ष दिलीप सिंह शामिल हुए। उन्होंने मां काली के दरबार में मत्था टेककर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। इस दौरान पूजा समिति के पदाधिकारियों ने चुनरी एवं माला पहनाकर उनका स्वागत किया। मौके पर दिलीप सिंह ने कहा कि मां काली शक्ति, साहस और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करने की प्रेरणा देती हैं। काली पूजा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, भाईचारे और आपसी सद्भाव को मजबूत करने का पर्व है। उन्होंने कहा कि मानव क्लब काली पूजा समिति वर्षों से इस परंपरा का निर्वहन कर रही है और युवाओं को अपनी संस्कृति एवं परंपराओं से जोड़ने का सराहनीय कार्य कर रही है। ऐसी आयोजन समितियां समाज में एकता और सकारात्मक संदेश देने का काम करती हैं। इस अवसर पर अयान धर, पवन शर्मा, उमेश तिवारी, अविनाश पांडेय, अमित कुमार, रोहित सिंह, अर्जुन कुमार, रोशन, शक्ति सिंह, सुजल मिश्रा, अंकित सिंह, बिट्टू सिंह, यश यादव एवं पंकज सिंह सहित पूजा समिति के सदस्य और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## शिव शक्ति क्लब बेल चौक बारियातु में माता लक्ष्मी की भेंट लेकर पहुंचे बेलतु मंडलअध्यक्ष,विधायक मीडिया प्रतिनिधि, पूरे गांव में छाया भक्ति का माहौल

झारखंड उजाला संवाददाता



**बारियातु:** बड़कागांव के विधायक माननीय श्री रोशन लाल चौधरी जी के प्रतिनिधियों के द्वारा शिव शक्ति क्लब बेल चौक बारियातु में माता लक्ष्मी की भेंट प्रदान की गई। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी माँ लक्ष्मी की प्रतिमा के जूलूस शुभारंभ उनके प्रतिनिधियों के द्वारा फीता काटकर की गई। पूरे बेल चौक में ₹जय माँ लक्ष्मी!₹ के जयकारे गूंज उठे। शिव शक्ति क्लब के सदस्यों ने विधायक जी के प्रतिनिधियों का भव्य स्वागत किया। क्लब के सदस्यों ने कहा - ₹विधायक जी हर साल हमारे सुख-दुख में साथ खड़े रहते हैं। प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी माँ लक्ष्मी की भेंट भेजकर उन्होंने पूरे गांव का दिल जीत लिया। इस अवसर पर विधायक मीडिया प्रतिनिधि जागेश्वर कुमार ने कहा - माननीय विधायक रोशन लाल चौधरी जी का संकल्प है, क्षेत्र के हर गांव, हर टोले में विकास के साथ-साथ संस्कृति और आस्था भी जिंदा रहे। माँ लक्ष्मी की कृपा से बारियातु में सुख-समृद्धि और खुशहाली आएगी।मौके पर बेलतु अध्यक्ष शेर सिंह उर्फ सुनील राज सिंह, विधायक मीडिया प्रतिनिधि जागेश्वर कुमार, कृष्णा सिंह, सरीता देवी वार्ड सदस्य, बिनोद सिंह, अनिल कुमार सिंह, टिकेश्वर कुमार, विकाश कुमार, टिंकू कुमार, सुरेंद्र कुमार, मुरली कुमार सहित शिव शक्ति क्लब के सैकड़ों सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित थे।पूरे कार्यक्रम के दौरान बेल चौक में दीपों की जगमगाहट, फूलों की खुशबू और भक्ति का माहौल छाया रहा। महिलाओं और युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

## युवाओं को नशे से दूर रखने का माध्यम है खेल : शिल्पी



**रांची।** युवा कांग्रेस मांडर प्रखंड कमिटी की ओर से मंगलवार को आयोजित राजीव गांधी सद्भावना फुटबॉल टूनार्मेंट के फाइनल मुकाबले में कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री बंधु तिर्की विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने खिलाड़ियों से कहा कि यह आयोजन केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं है, बल्कि युवाओं को नशापान, सामाजिक बुराइयों और गलत प्रवृत्तियों से दूर रखते हुए खेल, अनुशासन, सकारात्मक सोच और बेहतर भविष्य की दिशा से जोड़ने का एक सराहनीय प्रयास है। उन्होंने कहा कि उन्हें विशेष प्रसन्नता है कि राजीव गांधी सद्भावना फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन मांडर विधानसभा क्षेत्र के पांचों प्रखंडों में किया जा रहा है, जिससे गांव-गांव में छिपी खेल प्रतिभाओं को आगे आने और अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल रहा है। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के नेतृत्व में खेल के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी बेहतर वातावरण तैयार करने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य को लेकर शिल्पी की सोच दूरदर्शी और सकारात्मक है और यह फुटबॉल टूनार्मेंट भी युवाओं को सकारात्मक दिशा देने की इसी सोच का परिणाम है। स अवसर पर आजाद अंसारी, अमित खलखो, मांगा उरांव, सेराफिना मिंज, शमीम अख़्तर, जमील मलिक, आबिद अंसारी, विनोद खलखो, सुका उरांव, होसे उरांव सहित अन्य, थे।

# मण्डई चित्रगुप्त मंदिर में चित्रांश परिवार सामुहिक किया पूजन-अर्चन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता

**बच्चों ने विभिन्न खेल स्पर्द्धा में प्रतियोगिता के माध्यम से दिखाई अपनी हुनर**



हजारीबागः मण्डई वार्ड एक स्थित चित्रगुप्त मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में भगवान श्री चित्रगुप्त पूजन-अर्चन कार्य सामुहिक एकत्रित होकर सम्पन्न किया।पूजन कार्य सम्पन्न होने उपरांत सबों ने पूजन प्रसाद ग्रहण किया।आज पूजन कार्य दोपहर 01:30 बजे उपरांत प्रारंभ होकर सम्पन्न कराई गई ।बताया गया यह पर्व कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि ( यम द्वितीया) को मनाया जाता है।इस वर्ष द्वितीया तिथि 10 नवम्बर को दोपहर 02 बजे से 11 नवम्बर दोपहर 03:53 बजे तक है और शुभ मुहूर्त 11 नवम्बर को दोपहर 01:01 बजे से 03:10 तथा कुछेक पंचांग में यह दोपहर 01:10बजे से 03:20 तक है। चित्रगुप्त मंदिर परिसर पूजन में बच्चों से लेकर बड़ों तक एकत्रित होकर सामुहिक पूजन सम्पन्न किया। विलम्ब से बच्चों का खेल-कूद, गीत-संगीत,चित्रांकन प्रतियोगिता सम्पन्न कराई जा रही है। रात्री सामुहिक भोजन सम्पन्न कराई जायेगी। सामुहिक पूजन कार्य में चित्रांश परिवार के गणमान्य लोग यथा रमेश प्रसाद,(सेवा निवृत्त सीजेएम), अनन्त प्रसाद उर्फ छटन,शिवशंकर प्रसाद, अक्षय कुमार बक्सी,अभय कुमार, अजीत कुमार सिन्हा,मिथलेश कुमार सिन्हा,हेमंत कुमार उर्फ हेमू,मुकेश कुमार उर्फ टुनटुन,सुनिल कुमार सिन्हा,अमर कुमार सिन्हा उर्फ मन्टु,राजीव कुमार सिन्हा उर्फराजू ,ज्ञानेश्वर प्रसाद उर्फ बच्चा,राजू कुमार सिन्हा, शुशील कुमार सिन्हा, अविरल लाल,अजय कुमार उर्फ बिक्कू सहित सैकड़ो चित्रांश भाई एवं मुख्य यजमान में ब्रज किशोर प्रसाद ,संजीव कुमार सिंहा उर्फ टुकरू,शुभांकर कुमार तथा पुजारी राजेश शर्मा उर्फ संजय द्वारा पूजन कार्य सम्पन्न कराई गई। रात्री सामुहिक भोजन सम्पन्न कराई जायेगी। कल दिन बुधवार सांध्य प्रतिमा विसर्जन कराई जायेगी।

## स्वच्छता केवल नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं है ,बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है

झारखण्ड उजाला, संवाददाता



**सिंदरी/धनबाद।** प्रधानमंत्री के महत्वाकांक्षी स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर निगम की ओर से घर-घर कचरा संग्रहण की व्यवस्था की गई है। इसके लिए डोर-टू-डोर गार्बेज कलेक्शन वाहन नियमित रूप से घरों तक पहुंचता है, जहां लोग अपने घरों का कचरा वाहन में डालते हैं। इसके बावजूद सिंदरी के एल टाइप-एसके फोर चौराहे के समीप सड़क किनारे कचरे का अंबार लगा हुआ है। सड़क किनारे खुले में फेंके गए कचरे से न केवल स्वच्छता अभियान की छवि प्रभावित हो रही है, बल्कि आसपास के वातावरण में गंदगी, दुर्गंध फैलने एवं मच्छरों के प्रकोप से संक्रामक बीमारियों की आशंका भी बनी हुई है। एक ओर सरकार स्वच्छता को लेकर जागरूकता अभियान चला रही है, वहीं दूसरी ओर कुछ लोगों की लापरवाही अभियान के उद्देश्यों पर पानी फेर रही है। स्थानीय लोगों और बुद्धिजीवियों को इस दिशा में जागरूकता दिखाने की जरूरत है। घरों से निकलने वाले कचरे को इधर-उधर फेंकने के बजाय घर के परिसर में एकत्रित कर रखना चाहिए और कचरा संग्रहण वाहन आने पर उसी में डालना चाहिए। स्वच्छता केवल नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का भी कर्तव्य है। संबंधित विभाग को भी उक्त स्थल की सफाई कराकर दोबारा कचरा फेंकने पर रोक लगाने की दिशा में पहल करनी चाहिए। तभी स्वच्छ भारत मिशन का उद्देश्य धरातल पर सफल हो सकेगा।

## एसआईआर कार्य में लापरवाही बरतने पर डीसी ने किया अधिकारियों को शोकॉज



**रांची।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के तहत 30 नवंबर को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होगी। इसकी तैयारियों और निर्वाचन अभिलेखों के सुरक्षित संधारण को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने समाहरणालय में समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर उपायुक्त ने फॉर्म-6 के निष्पादन की भी समीक्षा करते हुए सभी एआरओ और एईआरओ को मतदाता सूची की गहन जांच कर निर्धारित समय-सीमा में लंबित कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। वहीं इस दौरान नो मैपिंग और तार्किक विसंगति से जुड़े मामलों के त्वरित निष्पादन एवं फॉर्म, नोटिस और सुनवाई संबंधी दस्तावेजों को व्यवस्थित तथा सुरक्षित रखने पर जोर दिया। कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं मिलने पर एलआरडीसी बुंदू छवि बाला और अंचल अधिकारी हंस हेम्ब्रम को शोकॉज करने का निर्देश दिया। तीन दिनों में सुधार नहीं होने पर निलंबन की चेतावनी दी गई। जिला औसत से नीचे प्रदर्शन करने वाले विधानसभा क्षेत्रों के एईआरओ को भी शोकॉज किया जाएगा। उपायुक्त ने अधिकारियों को कार्यालयों में बिचौलियों पर रोक, आम नागरिकों के साथ सम्मानजनक व्यवहार और शिकायतों के समयबद्ध समाधान का निर्देश दिया। आदिवासी भूमि पर अवैध कब्जे के मामलों में संबंधित अंचल अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की चेतावनी भी दी। इसके अलावा छठ घाटों की सफाई और छठ समितियों के साथ समन्वय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## आरडीडी ने सिविल सर्जन कार्यालय का किया निरीक्षण

झारखण्ड उजाला, संवाददाता



**खूंटी।** क्षेत्रीय उपनिदेशक (आरडीडी) डॉ. प्रभात कुमार ने मंगलवार को जिले का भ्रमण कर सिविल सर्जन कार्यालय में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति, कार्यक्रमों की प्रगति और निर्धारित लक्ष्यों की उपलब्धि की जानकारी ली। साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी और गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।समीक्षा के दौरान जिले के पांच आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनक्यूएएस) सर्टिफिकेशन मिलने की उपलब्धि पर विस्तार से चर्चा की गई। डॉ. प्रभात कुमार ने सर्टिफिकेशन की प्रक्रिया और इसके निर्धारित मानकों की जानकारी देते हुए कहा कि जिले के अन्य सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में भी निर्धारित मानकों के अनुरूप आवश्यक तैयारियां पूरी की जाएं, ताकि उन्हें तय समय-सीमा के भीतर एनक्यूएएस सर्टिफिकेशन मिल सके।उन्होंने स्वास्थ्य संस्थानों में स्वच्छता, मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने, गुणवत्तापूर्ण उपचार और निर्धारित मानकों के अनुपालन पर विशेष जोर दिया।इसके अलावा जननी सुरक्षा योजना, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन कार्यक्रम, नियमित टीकाकरण और गैर-संचारी रोग कार्यक्रम की प्रगति की भी समीक्षा की गई। उन्होंने सभी कार्यक्रमों के निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूरा करने, नियमित मॉनिटरिंग करने और योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# हत्या मामले में चार गिरफ्तार, दो फरार

झारखण्ड उजाला, संवाददाता



**रांची।** तमाड़ थाना क्षेत्र के रंगामाटी में दिवाली के दिन युवक की चाकू मारकर हत्या के मामले में पुलिस ने चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। वहीं, घटना में शामिल दो अन्य आरोपित अभी भी फरार हैं। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। मृतक की पहचान तमाड़ थाना क्षेत्र के गोमियाकोचा गांव निवासी कांग्रेस महतो के रूप में हुई थी। घटना के बाद मृतक की पत्नी पूजा कुमारी ने आरोपियों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। बुंडू एसडीपीओ ओम प्रकाश ने मंगलवार को बताया कि दिवाली के दिन ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी थी कि रंगामाटी स्थित शराब दुकान के पास कुछ युवकों के बीच विवाद के बाद मारपीट हो गई है। इस दौरान एक युवक को चाकू मार दिया गया। सूचना मिलते ही तमाड़ पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से घायल युवक को अस्पताल ले जाने लगी, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि मृतक अपने तीन साथियों के साथ सड़क पर बैठकर शराब पी रहा था। इसी दौरान सभी आरोपित एक कार से वहां से गुजर रहे थे। आरोप है कि हॉर्न बजाने के बावजूद सड़क पर बैठे युवक रास्ते से नहीं हटे। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। इसी दौरान कांग्रेस महतो को चाकू मार दिया गया। आरोपितों की पहचान बिट्टु गुप्ता, टिंकु दास, गरुपदो मुंडा, निखिल भुमिज, राहुल मछुआ, मानिक मछुआ के रूप में हुई है। कांड में शामिल दो आरोपित अभी फरार है जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। पुलिस बताया कि गिरफ्तार आरोपितों ने पूछताछ में घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। हालांकि, वारदात में इस्तेमाल किया गया चाकू अभी तक बरामद नहीं हुआ है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों का पूर्व में कोई आपराधिक इतिहास सामने नहीं आया है। पुलिस ने गिरफ्तार सभी चार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है, जबकि फरार दो आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

## काली पूजा समिति, अपर बाजार में महाभंडारा और महाआरती संपन्न



**रांची।** श्री श्री काली पूजा समिति, शिव मंदिर टीओपी, महावीर चौक, अपर बाजार रांची के तत्वावधान में भव्य काली पूजा का आयोजन किया जा रहा है। समिति की ओर से आकर्षक और काल्पनिक मंदिर का निर्माण कराया गया है। पंडाल के अंदर हरे-भरे जंगल, कंकाल और डरावने दृश्यों की विशेष सजावट श्रद्धालुओं के बीच आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। मां काली की भव्य प्रतिमा भक्तों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है।इधर, काली पूजा के अवसर पर मंगलवार को महाभंडारा और महाआरती का भव्य कार्यक्रम संपन्न हुआ।मौके पर सैकडों श्रद्धालुओं ने मां काली के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया। वहीं बुधवार को मां काली की प्रतिमा का विसर्जन होगा।इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में राकेश वर्मा, शंकर सिन्हा, देव कर्मकार, राहुल गुप्ता, सुनील अग्रवाल, हरबिंदर सिंह बेदी, मुन्ना शर्मा, राजीव चौरसिया और शंकर प्रसाद का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# लोकतंत्र बचाने के बहाने हुड़दंग



करण कुमार सिंह, स्वतंत्र पत्रकार

पिछले कुछ महीनों से आंदोलन के नाम पर हुड़दंग मचाने और झूठे आरोपों का रोना रोने वाले आइएनडीआइए ने इस माह के आरंभ में दिल्ली में लोकतंत्र की रक्षा के नाम पर रैली निकाली। मेरे मन में एक मूल सवाल उठता है कि जिस कांग्रेस ने 1975 में देश पर आपातकाल थोपकर लोकतंत्र का गला घोंट दिया था, उसी कांग्रेस को आज लोकतंत्र की रक्षा की इतनी चिंता आखिर क्यों सता रही है? दिल्ली की सड़कों पर आंदोलन के नाम पर अराजकता फैलाने वालों को क्या लोकतंत्र की बातें शोभा देती हैं? विरोधियों को रैलियां निकालने, आंदोलन करने और सरकार की आलोचना करने की पूरी आजादी है। मीडिया के सामने बोलते हुए 'फेक नैरेटिव' फैलाने से भी विपक्ष को कोई नहीं रोकता। उनके नेताओं को कोई जबरन जेल में नहीं डाल रहा है। इसके बावजूद लोकतंत्र खतरे में होने का पाखंड किया जा रहा है। सर्वोच्च न्यायालय और निर्वाचन आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करना और न्यायपालिका पर दबाव बनाने का प्रयास करना लोकतंत्र के मूलभूत मूल्यों को ही चुनौती देने जैसा है। लोकतंत्र में जनता का जनादेश सर्वोपरि होता है। उसे स्वीकार करने की बजाय देश में अस्थिरता पैदा करने की राजनीति की जा रही हो, तो उसका दृढ़ता से जवाब देना ही होगा।

पिछले सप्ताह की दो खबरें विशेष रूप से उल्लेखनीय रहीं। देशभर में हुए विधान परिषद चुनावों के नतीजे घोषित हुए। इनमें एनडीए को शानदार सफलता मिली। कांग्रेस और अन्य छोटे-मोटे विपक्षी दल पिछले कई महीनों से लगातार बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग कर रहे हैं। विधान परिषद के चुनाव बैलेट पेपर से ही हुए, इसके बावजूद कांग्रेस को पूरे देश में केवल एक सीट पर जीत मिली और हमेशा की तरह उन्हें करारी हार का सामना करना पड़ा,यहां तक कि कर्नाटक जहां कांग्रेस की सत्ता है,वहां पढ़े लिखे मतदाताओं ने उनका सूपड़ा साफ कर दिया।

दूसरी बेहद महत्वपूर्ण खबर देश में गरीबी की स्थिति से जुड़ी थी। विश्व बैंक ने 'पावर्टी एंड इक्विटी ब्रीफ' नाम से अपनी रिपोर्ट जारी की। इसमें बताया गया है कि पिछले पंद्रह वर्षों में भारत में गरीबों की संख्या में भारी कमी आई



है। रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2011 में भारत की कुल आबादी में गरीबों का अनुपात 27.1 प्रतिशत था, जो अब घटकर 2.6 प्रतिशत रह गया है। रिपोर्ट यह भी बताती है कि गरीबी कम करने की भारत की रफ्तार दुनिया में सबसे तेज है। आजादी के बाद 6 दशकों तक केवल 'गरीबी हटाओ' के नारे देने वाली कांग्रेस के खोखले प्रदर्शन की पृष्ठभूमि में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल की यह उपलब्धि विशेष रूप से उल्लेखनीय है। कांग्रेस ने हमेशा गरीबों को केवल अपना 'वोट बैंक' समझा। उसे डर था कि यदि गरीबी खत्म हो गई, तो उसका राजनीतिक अस्तित्व भी समाप्त हो जाएगा। कभी आधे पेट सोने वाली वाली जनता को रोटी का सपना दिखाकर भ्रम में बनाए रखना ही कांग्रेस की नीति रही है,उनकी इस नीति में आज भी कोई बदलाव नहीं आया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले 13 वर्षों में पूरी दुनिया में भारत की उज्ज्वल छवि को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। गरीबी, राजनीतिक भ्रष्टाचार और परिवारवाद के दलदल में आकंठ डूबे देश को प्रगति और विकास की नई दिशा दी है। वहीं राहुल गांधी आज भी सड़कों पर उतरकर सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और फैशनेबल आंदोलन करने वालों, वामपंथी विचारों और विकृत मानसिकता से ग्रस्त लोगों को साथ लेकर चलने तक ही सीमित हैं। यही वजह है कि देशभर के मतदाता आज भी कांग्रेस को नकार रहे हैं। अपनी हार के ऊंचे पहाड़ों की ओर देखने के बजाय दूसरों की हार की छोटी-सी पहाड़ी दिखाकर संतोष करने वाले, विघ्नसंतोषी और संकीर्ण मानसिकता वाले राजनीतिक सहयोगी उन्हें महाराष्ट्र सहित पूरे देश में मिले हैं।

आज तक किस विपक्षी दल के नेता ने सर्वोच्च न्यायालय तक मोर्चा निकालने की बचकानी हरकत की थी ? न्याय मांगने के लिए याचिका दायर कीजिए, अच्छे वकील नियुक्त कीजिए, दलीलें दीजिए, सबूत पेश कीजिए और अपने मुद्दे रखिए। जब न्याय पाने की यह सर्वमान्य न्यायिक प्रक्रिया मौजूद है, तब सीधे देश के मुख्य न्यायाधीश का ही इस्तीफा मांगना कांग्रेस का कितना बड़ा राजनीतिक कृत्य है! कांग्रेस का यह काला कारनामा इतिहास में एक काले दिन के रूप में दर्ज हो गया है। ईवीएम हैक करके दिखाने की चुनौती कांग्रेस और कांग्रेस की पूंछ पकड़कर राजनीति करने वालों को कई बार दी गई है, लेकिन आज तक उन्होंने एक बार भी इस चुनौती को स्वीकार नहीं किया। बार-बार एक ही आरोप लगाकर उसे सच साबित करने का भ्रम पैदा करना कांग्रेस ने गोबेल्स की नीति के रूप में अपना लिया है।

हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना या केरल जैसे राज्यों में जब कांग्रेस और उसके सहयोगी दल जीतते हैं, तब उन्हें ईवीएम से कोई शिकायत नहीं होती। वहां चुनाव प्रक्रिया उन्हें पूरी तरह निष्पक्ष लगती है और वे जनता के जनादेश को सिर-माथे पर स्वीकार करते हैं। लेकिन जहां भाजपा और महायुति जीतती है, वहां तुरंत ईवीएम में गड़बड़ी होने का रोना शुरू हो जाता है। जीत मिली तो जनता का समर्थन और हार हुई तो ईवीएम हैक–विपक्ष का यह दोहरा रवैया अब देश की जनता अच्छी तरह समझ चुकी है। अब उन्होंने 'वोट चोरी' का तथ्यहीन मुद्दा भी उठाया है। इतने वर्षों तक नोटों की चोरी करके देश को भ्रष्टाचार की खाई में धकेलने वाली कांग्रेस को क्या वोट चोरी पर बोलने का नैतिक अधिकार है? अपनी विफलता का ठीकरा बार-बार मशीनों पर फोड़ना मतदाताओं के फैसले और उनकी विवेकशीलता का अपमान है।

विकास परियोजनाओं का विरोध करना, प्रगति के रास्ते में ब्रेक लगाना और समाज में फूट डालने की कोशिश करने वाली ताकतों के पीछे अपनी शक्ति खड़ी करना ही विपक्ष ने अपना उद्देश्य बना लिया है। भारतरत्न डा. बाबासाहेब आंबेडकर द्वारा लिखे गए संविधान की प्रति एक हाथ में थामना और दूसरे हाथ से उसी संवैधानिक व्यवस्था को आग लगाने का कुकृत्य करना, आइएनडीआइए का यही दोहरा चरित्र है। 'रिजीम चेंज' का वास्तविक अर्थ समझ लिया जाए, तो यह साजिश स्पष्ट हो जाती है। 'रिजीम चेंज' का अर्थ केवल सत्ता परिवर्तन नहीं है, बल्कि इसका अर्थ मौजूदा लोकतांत्रिक व्यवस्था को ही उखाड़ने का प्रयास करना है। राहुल गांधी और 'आंदोलनजीवी' नेताओं की वास्तविक मानसिकता इसी से उजागर होती है। डा. बाबासाहेब आंबेडकर ने इस देश को जो परिपक्व लोकतंत्र दिया, विचारों की स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति एवं कार्य करने की आजादी को प्रोत्साहित करने वाली जो उदार राजनीतिक व्यवस्था दी, वही व्यवस्था इन लोगों की आंखों में खटक रही है।

## आज का राशिफल



स्वामी रत्नेश जी
भारत ज्योतिष शिरोमणि,
नई दिल्ली ।

**मेष राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कठिन परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी, जिससे मन में उत्साह रहेगा, लेकिन कार्यक्षेत्र में थोड़ा सरल व समझौतावादी बने रहने का प्रयास करें। सोच समझकर कोई निर्णय लें, तो ही बेहतर होगा। जल्दबाजी में उठाए गए कदम नुकसान पहुंचा सकते हैं। कोई भी नया काम शुरू न करें। परिवार के साथ धर्म ध्यान में समय बिताएं। मित्रों से मुलाकात अच्छी रहेगी।

**वृषभ राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में कठिन परिश्रम के बावजूद सफलता कम मिलेगी। क्रोध पर नियंत्रण एवं वाणी पर संयम रखें, अन्यथा किसी विवाद में फंस सकते हैं। परिवारिक समस्याएं परेशान करेंगी। ऐसी स्थिति में पूर्ण विवेक से काम लेना होगा। परिजनों का पूरा सहयोग मिलेगा, लेकिन किसी बात को लेकर बहस होने के आसार रहेंगे, जिससे मानकि परेशानी बढ़ेगी। सेहत अच्छी रहेगी।

**मिथुन राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में आर्थिक लाभ के योग रहेंगे। किसी महत्वपूर्ण कार्य की सार्थकता के लिए प्रयत्नशील होगा। कठिन परिश्म से रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में सफल रहेंगे। कोई नया काम शुरू करने के लिए दिन अच्छा है। पुराना अटका धन भी मिल सकता है। परिवार के साथ समय बिताएं, मानसिक सुख और शांति मिलेगी। खान-पान का ध्यान रखना होगा।

**कर्क राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में अड़चनें आएंगी और कार्यों में सफलता कम मिलेगी। संतान संबंधी दायित्वों के प्रति मन चिंतित होगा। भविष्य के प्रति नकारात्मक विचार उत्साह में कमी ला सकते हैं। कोई नया काम शुरू करना चाहते हैं या निवेश की योजना बना रहे हैं, तो उसे टालें, अन्यथा नुकसान हो सकता है। धर्म ध्यान और परिवार के साथ समय बिताएं, सेहत का ख्याल रखें।

**सिंह राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। किसी कार्य को सिद्ध करने के लिए आज ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। कारोबार में आर्थिक लाभ तो रहेगा, लेकिन अनावश्यक खर्च अधिक होने से आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी। मन में किसी प्रकार की शंका न पालें, गलतियों को स्वीकार कर सगे-संबंधियों के बीच अपने रिश्तों को सुधारें। किसी पुराने मित्र या रिश्तेदार से मुलाकात होने पर खुशी मिलेगी।

**कन्या राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार सामान्य रहेगा। अनावश्यक खर्च बढने.से आर्थिक स्थिति कमजोर हो सकती है। नकारात्मक विचारों को त्याग अपनी क्षमताओं का पूरा उपयोग करें। भविष्य को लेकर योजनाएं बना सकते हैं। नये काम की शुरूआत कर रहे हैं, तो दूसरी को सलाह न लें। अपनों से धोखा मिल सकता है। रोजगार और शिक्षा के क्षेत्र में कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

**तुला राशि :-** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कार्यक्षेत्र में आर्थिक लाभ मिलने के योग रहेंगे। परिश्रम से सभी कार्यों में सफलता मिलेगी और सृजनात्मक विचारों का भरपूर लाभ उठाएंगे। स्वाभिमानी स्वभाव लोकप्रियता दिलाने में सहायक होगा। बेरोजगार को रोजगार के अवसर और नौकरी में तरक्की मिलने के आसार रहेंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से थकान का अनुभव करेंगे। सेहत का ख्याल रखें।

**वृश्चिक राशि :-** आज का दिन शुभ रहेगा। कारोबार विस्तार की योजना बना सकते हैं। कार्यक्षेत्र में कठिन परिश्रम से अपने काम को नई पहचान दिलाएंगे। व्यवसाय में नये निवेश का अवसर मिलेगा। करीबियों से पुराने गिले-शिकवे दूर होंगे। पुरानी बातें भूलकर वर्तमान के साथ समझौता करें, छोटी-छोटी बातों को लेकर परिवार में तनाव की स्थिति पैदा न होने दें। परिवार के साथ समय बिताएंगे। सेहत का ख्याल रखें।

**धनु राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में आकस्मिक लाभ और नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे। हालांकि, कुछ अड़चनें आ सकती हैं, लेकिन कठिन परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी। परिस्थितियों के हिसाब से अपने आप को ढालने की कोशिश करें। परिवार के साथ समय बिताएंगे तो संबंध भी मधुर होंगे। पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। यात्रा को टालें। सेहत अच्छी रहेगी।

**मकर राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यापार-धंधा अच्छा चलेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ नई योजनाओं को सार्थक करेंगे। व्यक्तिगत संबंध परिवार में विवाद का कारण बन सकते हैं। कोर्ट में कोई पुराना लंबित मामला चल रहा है तो वह सुलझ सकता है। अनावश्यक खर्च पर नियंत्रण रखना होगा। परिवार में कलह हो सकती है। खान-पान का ध्यान रखें और क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कुंभ राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में कोई अच्छी खबर मिल सकती है। बेरोजगारों को रोजगार के अवसर मिलने के आसार हैं। विद्यार्थियों के लिए समय अच्छा रहेगा और उन्हें परिश्रम के सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। कारोबार मध्यम रहेगा। परिवार का पूरा सहयोग मिलेगा और घर में माहौल अच्छा रहेगा। सेहत को लेकर सतर्क रहें।

**मीन राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ परेशानियां आ सकती हैं, लेकिन अपनी बुद्धिमत्ता से समस्याओं का समाधान करने में सक्षम होंगे और उत्साह पूर्वक नई योजनाओं को क्रियान्वित कर सकेंगे। रोजगार और व्यवसाय के क्षेत्र में लाभ मिलेगा। कारोबार में नए निवेश के अवसर खुलेंगे। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है। दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

# नारी शक्ति का नया युग और वास्तविक चुनौतियां



नये युग की समस्याएं जैसे जलवायु परिवर्तन, युद्ध, आतंकवाद, गरीबी और डिजिटल असमानता भी महिलाओं के लिए नई चुनौतियाँ खड़ी कर रही हैं। यदि इन समस्याओं पर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले दशकों में करोड़ों महिलाएँ और लड़कियाँ अत्यधिक गरीबी की ओर धकेली जा सकती हैं। मानव सभ्यता के विकास की कथा में यदि किसी शक्ति ने सबसे अधिक सृजन किया है, तो वह नारी शक्ति है। वह जीवन की जननी है, संस्कृति की वाहक है और समाज की संवेदनशील आत्मा है। भारतीय परंपरा ने नारी को केवल एक सामाजिक भूमिका तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे माता के रूप में सर्वोच्च आदर दिया। मातृदेवो भवः की वाणी से लेकर जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी की घोषणा तक हमारी संस्कृति में नारी के प्रति श्रद्धा का अद्वितीय भाव दिखाई देता है। यही कारण है कि भारत में धरती, गौ और मातृभूमि तक को माता कहकर संबोधित किया गया। किन्तु विडम्बना यह है कि जिस समाज ने नारी को देवी का दर्जा दिया, उसी समाज में आज भी नारी असुरक्षा, भेदभाव और हिंसा का सामना कर रही है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2026 हमें केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं देता, बल्कि यह अवसर देता है कि हम नारी की वास्तविक स्थिति का गंभीर आत्ममंथन करें। विश्व स्तर पर किए गए अध्ययनों से यह स्पष्ट होता है कि नारी की स्थिति में प्रगति अवश्य हुई है, किन्तु समानता, सुरक्षा एवं स्वतंत्रता की यात्रा अभी लंबी है। विश्व आर्थिक मंच की ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2025 के अनुसार विश्व में लैंगिक समानता का लगभग 68.8 प्रतिशत अंतर ही समाप्त हो पाया है, अर्थात अभी भी लगभग एक तिहाई अंतर शेष है। आर्थिक भागीदारी के क्षेत्र में यह अंतर सबसे अधिक है, जहाँ समानता केवल लगभग 61 प्रतिशत तक ही पहुँची है।

वर्ल्ड इकनोमिक फोरम कि स्थिति बताती है कि शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में तो महिलाएँ लगभग बराबरी के स्तर तक पहुँच गई हैं, परंतु आर्थिक अवसरों और राजनीतिक नेतृत्व में अभी भी उनकी भागीदारी सीमित है। वैश्विक स्तर पर महिलाएँ कुल कार्यबल का लगभग 42 प्रतिशत ही हैं और शीर्ष प्रबंधकीय पदों पर उनकी हिस्सेदारी लगभग एक-तिहाई के आसपास है। भारत में भी स्थिति मिश्रित है। एक ओर भारतीय महिलाएँ अंतरिक्ष, विज्ञान, सेना, राजनीति और प्रशासन में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ प्राप्त कर रही हैं, वहीं दूसरी ओर श्रम बाजार में उनकी भागीदारी अभी भी कम है। हाल के आँकड़ों के अनुसार भारत में महिला श्रम भागीदारी दर लगभग 32 प्रतिशत है और बड़ी संख्या में महिलाएँ घरेलू दायित्वों के कारण रोजगार से बाहर रहती हैं। बिजनेस स्टैंडर्ड के यह आँकड़े केवल संख्या नहीं हैं, यह समाज की संरचना, सोच और अवसरों की असमानता को उजागर करते हैं। आज दुनिया के अनेक देशों में महिलाएँ राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, वैज्ञानिक, सैन्य अधिकारी और उद्योगपति के रूप में नेतृत्व कर रही हैं। भारत में भी राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, वैज्ञानिक और फाइटर पायलट के रूप में महिलाओं की उपस्थिति इस परिवर्तन का प्रमाण बनी है और बन रही है। किंतु इसके साथ यह भी सत्य है कि दुनिया में अभी भी केवल सीमित देशों में ही महिलाएँ सर्वोच्च राजनीतिक पदों पर हैं और समान वेतन का प्रश्न अभी भी अधूरा है। कई अंतरराष्ट्रीय अध्ययनों के अनुसार महिलाओं को समान कार्य के लिए पुरुषों की तुलना में औसतन कम वेतन मिलता है। एक और चिंताजनक तथ्य यह है कि संघर्ष, युद्ध और संकट की स्थितियों का सबसे अधिक दुष्प्रभाव महिलाओं पर पड़ता है। हाल के वैश्विक अध्ययनों के अनुसार 2024 में लगभग 67 करोड़ महिलाएँ ऐसे क्षेत्रों में रह रही थीं जो किसी न किसी प्रकार के हिंसक संघर्ष से प्रभावित थे।

नये युग की समस्याएं जैसे जलवायु परिवर्तन, युद्ध, आतंकवाद, गरीबी और डिजिटल असमानता भी महिलाओं के लिए नई चुनौतियाँ खड़ी कर रही हैं। यदि इन समस्याओं पर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले दशकों में करोड़ों महिलाएँ और लड़कियाँ अत्यधिक गरीबी की ओर धकेली जा सकती हैं। इतिहास के पन्ने यह भी बताते हैं कि जब-जब समाज संकट में पड़ा, तब-तब नारी शक्ति ने असाधारण साहस का परिचय दिया। स्वतंत्रता संग्राम में रानी चेनम्मा, बेगम हजरत महल, रानी अवन्तीबाई, सरोजिनी नायडू और दुर्गा भाभी जैसी वीरांगनाओं ने यह सिद्ध किया कि नारी केवल करुणा की प्रतिमा नहीं, बल्कि संघर्ष और साहस की भी प्रतीक है। लेकिन इतिहास के इन गौरवपूर्ण अध्यायों के बावजूद सामाजिक वास्तविकता कई बार पीड़ादायक दिखाई देती है। दहेज, भ्रूण हत्या, घरेलू हिंसा, मानव तस्करी और यौन अपराध आज भी दुनिया के अनेक समाजों में मौजूद हैं। यह केवल कानून का नहीं, बल्कि सामाजिक मानसिकता का प्रश्न है। दरअसल नारी समस्या का मूल कारण केवल बाहरी संरचनाएँ नहीं हैं, बल्कि वह सोच है जिसने सदियों तक नारी को कमजोर मानकर उसकी क्षमता को सीमित करने का प्रयास किया। जब समाज नारी को केवल भूमिका से जोड़ता है, व्यक्ति के रूप में नहीं देखता, तभी असमानता जन्म लेती है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2026 का वैश्विक संदेश भी इसी दिशा में संकेत करता है- सभी महिलाओं और लड़कियों के लिए अधिकार, न्याय और वास्तविक कार्रवाई। यह संदेश हमें याद दिलाता है कि आज भी दुनिया में महिलाओं को पुरुषों के समान कानूनी अधिकार पूरी तरह प्राप्त नहीं हैं और औसतन उन्हें पुरुषों के मुकाबले लगभग 64 प्रतिशत ही कानूनी अधिकार प्राप्त हैं। संयुक्त राष्ट्रसंघ कि यह स्थिति हमें सोचने के लिए बाध्य करती है कि केवल कानून बनाना पर्याप्त नहीं है।

# भ्रष्टाचार की कड़ियां

जब नियम-कायदों को ताक पर रख कर सत्ता और तंत्र की जिम्मेदारियों को दरकिनार करने की कोशिश की जाती है, तो उसके पीछे एक वजह भ्रष्ट तौर-तरीके से किसी को लाभ पहुंचाना होता है। मगर ऐसी कारगुजारियों का खमियाजा आखिरकार आम जनता को उठाना पड़ता है। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री की उपसचिव सौम्या चौरसिया की गिरफ्तारी से एक बार फिर यह बहस छिड़ गई है कि नौकरशाही में काम करते हुए कोई अधिकारी कैसे सत्ता का केंद्र बन जाता है और अपने कामकाज से लेकर अन्य मामलों में उसे मनमानी करने में कोई हिचक नहीं होती। ऐसा शायद इसलिए होता है कि आमतौर पर ऐसे अधिकारियों को सत्ता का प्रत्यक्ष या परोक्ष संरक्षण प्राप्त होता है, जिसके चलते वे अपनी मंशा को बिना किसी हिचक के पूरी कर पाते हैं। विडंबना यह है कि जिन नेताओं को जनता इस उम्मीद से सत्ता में भेजती है कि वे अपने पद का उपयोग आम लोगों के हित और भ्रष्टाचार जैसी समस्याओं पर काबू पाने में करेंगे, वही भ्रष्टाचारियों का बचाव करने की कोशिश करते दिखने लगते हैं। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ सरकार में उप सचिव सौम्या चौरसिया को प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने कथित अवैध वसूली और जमीन से जुड़े भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किया है। सवाल है कि इतने उच्च स्तर की किसी अधिकारी को अवैध वसूली या भ्रष्टाचार के अन्य मामलों में मनमानी करने की छूट कैसे मिल जाती है। ऐसी सुविधा उसे कौन मुहैया कराता है! हालांकि इस मामले में जांच प्रक्रिया पूरी और आरोप साबित होने के बाद ही उनकी स्थिति स्पष्ट हो सकेगी, लेकिन फिलहाल उपसचिव की गिरफ्तारी के जो आधार बताए गए हैं, वे निश्चित रूप से भारत में पहले से मौजूद भ्रष्टाचार की व्यापक समस्या की तहों में हर जगह मौजूद रहे हैं। कहा जा सकता है कि जब तक जांच एजंसियां सक्रिय होकर जांच नहीं करतीं, तब तक ऐसे अपराध बेरोकटोक चलते रहते हैं। खासकर नौकरशाही में कुछ लोग राजनीतिक शह की वजह से बेरोकटोक भ्रष्टाचार से कमाई करते रहते हैं। छत्तीसगढ़ में ईडी की कानूनी कार्रवाई की जद में आई सौम्या चौरसिया के पद-कद का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि उन्हें राज्य में न केवल सबसे ताकतवर अफसर माना जाता था, बल्कि आम धारणा थी कि वे मुख्यमंत्री की बहुत करीबी हैं। अफसोस की बात यह है कि कई मसलों पर सख्त मुख्यमंत्री माने जाने वाले भूपेश बघेल को वक्त पर भ्रष्टाचार के खिलाफ कोई सख्त कदम उठाना जरूरी नहीं लगा।

हालांकि ऐसा नहीं है कि नौकरशाही में ऊंचे पद पर मौजूद किसी व्यक्ति पर भ्रष्टाचार के आरोपों का यह कोई पहला मामला हो। कुछ समय पहले झारखंड में भी खान सचिव पूजा सिंघल को राज्य के खूंटी जिले में उनके उपायुक्त रहते राष्ट्रीय रोजगार गारंटी से संबंधित काम यानी मनरेगा के तहत किए गए करोड़ों रुपए के भ्रष्टाचार के मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया था। भ्रष्टाचार के ऐसे मामले कड़ियों में एक-दूसरे से जुड़े होते हैं, जिसमें भ्रष्ट नौकरशाहों से लेकर नेताओं, जनप्रतिनिधियों और मंत्रियों तक के तार जुड़े हो सकते हैं। मगर भ्रष्टाचार के खिलाफ बिगुल फूंकने का दावा करने वाले अमूमन सभी राजनीतिक दल भी सत्ता में पहुंचने के बाद या तो उसमें शामिल हो जाते हैं या फिर उसे संरक्षण देने लगते हैं। इसी वजह से भारतीय राजनीति में सबसे मुख्य समस्या के रूप में चिह्नित किए जाने के बावजूद भ्रष्टाचार दीमक की तरह सब कुछ खाता रहता है।

# पूरे विश्व में भारतीय आर्थिक दर्शन को लागू करने का समय अब आ गया है

भारतीय आर्थिक दर्शन का वर्णन चारों वेद (ऋग्वेद, सामवेद, यजुर्वेद एवं अथर्ववेद), 18 पुराण, उपनिषद, विदुरनीति, कौटिल्य अर्थशास्त्र, थिरुवल्लुवर, मनुस्मृति, शुक्रनीति, डॉक्टर एम जी बोकारे द्वारा लिखित हिंदू अर्थशास्त्र, श्री दत्तोपंत ठेंगढ़ी द्वारा रचित पुस्तक थर्ड वे आदि शास्त्रों एवं धार्मिक पुस्तकों में मिलता है। आज, वैश्विक स्तर पर कई देशों में विभिन्न प्रकार की आर्थिक समस्याएं दिखाई दे रही हैं, जिनका हल ये देश निकाल नहीं पा रहे हैं। आज विश्व के सबसे अधिक विकसित देश अमेरिका में भी मुद्रा स्फीति, बेरोजगारी, ऋण की राशि का असहनीय स्तर पर पहुंच जाना, विदेशी व्यापार में लगातार बढ़ता घाटा, नागरिकों के बीच आय की असमानता का लगातार बढ़ते जाना ( अमीर नागरिक और अधिक अमीर हो रहे हैं एवं गरीब नागरिक और अधिक गरीब हो रहे हैं), बजट में वित्तीय घाटे का लगातार बढ़ते जाना एवं इन आर्थिक समस्याओं के चलते देश में सामाजिक ताने बाने का छिन्न भिन्न होना, जैसे, जेलों की पूरी क्षमता का उपयोग और इन जेलों में कैदियों के रखने लायक जगह की कमी होना, तलाक की दर में बेतहाशा वृद्धि होना, मकान की अनुपलब्धि के चलते बुजुर्गों का खुले में पार्कों में रहने को मजबूर होना, आदि ऐसी कई प्रकार की आर्थिक एवं सामाजिक समस्याएं दिखाई दे रही हैं। उक्त समस्याओं के चलते ही अब अमेरिकी अर्थशास्त्रियों द्वारा खुले रूप से कहा जाने लगा है कि साम्यवाद पर आधारित अर्थव्यवस्थाओं के असफल होने के उपरांत अब पूंजीवाद पर आधारित अर्थव्यवस्थाओं के भी असफल होने का खतरा मंडराने लगा है, और यह अब कुछ वर्षों की ही बात शेष है। उक्त समस्याओं के हल हेतु अब पूरा विश्व ही भारत की ओर आशाभारी नजरों से देख रहा है और तीसरे आर्थिक मॉडल की तलाश कर रहा है।

भारतीय आर्थिक दर्शन का वर्णन चारों वेद (ऋग्वेद, सामवेद, यजुर्वेद एवं अथर्ववेद), 18 पुराण, उपनिषद, विदुरनीति, कौटिल्य अर्थशास्त्र, थिरुवल्लुवर, मनुस्मृति, शुक्रनीति, डॉक्टर एम जी बोकारे द्वारा लिखित हिंदू अर्थशास्त्र, श्री दत्तोपंत ठेंगढ़ी द्वारा रचित पुस्तक ह्यथर्ड वेह्व आदि शास्त्रों एवं धार्मिक पुस्तकों में मिलता है। इस प्रकार भारतीय आर्थिक दर्शन की जड़ें सनातन हिंदू संस्कृति से जुड़ी हुई हैं। भारतीय आर्थिक दर्शन की नीतियों का अनुपालन करते हुए ही प्राचीन काल में भारत में विभिन्न राजाओं द्वारा अपने अपने राज्यों की अर्थव्यवस्था सफलतापूर्वक चलाई जाती रही है। भारतीय आर्थिक दर्शन में ह्यविपुलता के सिद्धांतह्व की व्याख्या मिलती है जिसके अनुसार, बाजार में वस्तुओं की आपूर्ति सदैव ही मांग से अधिक रहती थी। इस सिद्धांत के चलते चूंकि उत्पादों की बाजार में पर्याप्त आपूर्ति रहती थी अतः वस्तुओं के बाजार भाव में वृद्धि नहीं दिखाई देती थी, अतः भारत में प्राचीनकाल में मुद्रा स्फीति की समस्या सर्वथा, थी ही नहीं। जबकि, आज विभिन्न देशों की अर्थव्यवस्थाओं में मुद्रा स्फीति की समस्या सबसे बड़ी समस्या है जिसका हल निकालने में ये देश सक्षम नहीं दिखाई दे रहे हैं। विपुलता के सिद्धांत के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में ही विभिन्न उत्पादों का उत्पादन किया जाकर स्थानीय हाट बाजार में इन उत्पादों का विक्रय किया जाता था, जिससे स्थानीय स्तर पर ही स्वावलम्बन का भाव जागृत होता था। कुछ इलाकों में 40/50 गांवों के बीच साप्ताहिक हाट की व्यवस्था विकसित की गई थी।



# पूर्व एसपी भानू प्रताप सिंह की पत्नी पूजा के खिलाफ कोर्ट पहुंची पुलिस

एजेंसी

**पटना।** खगड़िया के पूर्व एसपी भानू प्रताप सिंह और उनकी पत्नी पूजा सिंह के बीच चल रहा पारिवारिक विवाद अब न्यायालय पहुंच गया है। मुफस्सिल थानाध्यक्ष ने पूजा सिंह समेत सात लोगों के खिलाफ आवेदन देकर सरकारी कामकाज बाधित करने और सर्विस पिस्टल पकड़ने की कोशिश करने जैसे आरोप लगाए हैं। दूसरी ओर, पूजा सिंह पति पर प्रताड़ना और बेटी से दूर रखने का आरोप लगा चुकी हैं। बिहार के खगड़िया में पूर्व एसपी भानू प्रताप सिंह और उनकी पत्नी पूजा सिंह के बीच चल रहा विवाद लगातार नया मोड़ ले रहा है। पति पर प्रताड़ना, बेटी से अलग रखने और जबरन तलाक का दबाव बनाने का आरोप लगाने वाली पूजा सिंह के खिलाफ अब पुलिस ने न्यायालय का रुख किया है। मुफस्सिल थानाध्यक्ष ने मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में आवेदन देकर पूजा सिंह समेत सात लोगों और अन्य के



विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में एसपी आवास के सामने धरना देने, सरकारी कामकाज बाधित करने और थानाध्यक्ष की सर्विस पिस्टल पकड़ने का प्रयास करने के आरोप लगाए गए हैं। प्रेम विवाह के बाद रिश्तों में बढ़ी दूरी जानकारी के अनुसार, भानू प्रताप सिंह और पूजा सिंह ने 16 जनवरी 2016 को प्रेम विवाह किया था। उस समय भानू प्रताप सिंह यूपीएससी की तैयारी कर रहे थे। पूजा सिंह का आरोप है कि पति के आईपीएस अधिकारी बनने के बाद दोनों के रिश्तों में दूरियां बढ़ने लगीं। दंपती की छह साल की एक बेटी है। पूजा सिंह का कहना है कि उन्हें पति और बेटी से अलग कर दिया गया है। वह तलाक नहीं चाहतीं, बल्कि पति और बेटी के साथ परिवार बसाना चाहती हैं। इसी विवाद को लेकर उन्होंने खगड़िया में एसपी आवास के सामने विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद उन्होंने मुख्यमंत्री आवास, डीजीपी कार्यालय और बिहार राज्य महिला आयोग तक अपनी शिकायत पहुंचाई। मुख्यमंत्री आवास पहुंचकर बेटी से मिलाने की लगाई गुहार एक नवंबर को पूजा सिंह पटना स्थित मुख्यमंत्री आवास पहुंचीं और मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी परेशानी बताने की कोशिश की। उन्होंने अपनी छह साल की बेटी से मिलाने की गुहार लगाई। इससे पहले वह पुलिस महानिदेशक और बिहार राज्य महिला आयोग के समक्ष भी शिकायत दे चुकी थीं। दो नवंबर की रात पूजा सिंह पटना महिला थाने पहुंचीं। यहां उन्होंने पति भानू प्रताप सिंह और ससुराल वालों के खिलाफ प्रताड़ना, मारपीट, बेटी से दूर रखने और जबरन तलाक का दबाव बनाने जैसे आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई। एसपी आवास के सामने धरने से सरकारी कामकाज बाधित होने का आरोप अब इस विवाद में खगड़िया के मुफस्सिल थानाध्यक्ष ने मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के समक्ष आवेदन दिया है। आवेदन के मुताबिक, 3 नवंबर 2026 को सुबह 7:15 से 9:15 बजे तक और उसी दिन शाम करीब 5 बजे से 4 नवंबर की सुबह 6:30 बजे तक पूजा सिंह एसपी भानू प्रताप सिंह के सरकारी आवास के मुख्य द्वार पर धरने पर बैठी थीं। थानाध्यक्ष ने आवेदन में कहा है कि एसपी आवास परिसर में गोपनीय शाखा और जिला आसूचना इकाई जैसे महत्वपूर्ण कार्यालय भी संचालित होते हैं। यहां अधिकारियों, कर्मचारियों और सरकारी वाहनों का लगातार आवागमन रहता है। धरने के कारण मुख्य द्वार पर आवाजाही प्रभावित हुई और सरकारी कामकाज में बाधा आई। थानाध्यक्ष की सर्विस पिस्टल पकड़ने की कोशिश का आरोप आवेदन में यह भी आरोप लगाया गया है कि पूजा सिंह को आवास के सामने से हटने के लिए कहने पर वह कई बार उग्र हो गईं। इसी दौरान उन्होंने थानाध्यक्ष की सर्विस पिस्टल पकड़ने का प्रयास किया। आवेदन के अनुसार, पूजा सिंह ने कथित तौर पर कहा कि उन्हें गोली मार दी जाए या उनका एनकाउंटर कर दिया जाए, लेकिन जब तक उन्हें आवास के अंदर नहीं जाने दिया जाएगा, वह किसी को आने-जाने नहीं देंगी। थानाध्यक्ष ने अपने आवेदन में इस व्यवहार को लोक शांति भंग करने और पुलिस अधिकारी को उकसाने वाला कृत्य बताया है। ये सभी आरोप न्यायालय में दिए गए आवेदन का हिस्सा हैं। इनकी पुष्टि न्यायिक प्रक्रिया के बाद ही होगी। मां, भाई और अन्य करीबियों पर भी आरोप थानाध्यक्ष के आवेदन में पूजा सिंह के परिवार के सदस्यों और करीबियों की भूमिका का भी जिक्र किया गया है। आवेदन के अनुसार, बातचीत के दौरान पूजा सिंह ने कथित तौर पर बताया कि धनवंत सिंह राठौर और अन्य लोग उन्हें एसपी आवास तक लेकर पहुंचे थे। आवेदन में दावा किया गया है कि उनकी मां पुष्पा देवी पारीक, भाई नीरज कुमार पारीक, बहन आरती सिंह, बहनोई सोनू सिंह, मौसा प्रह्लाद मिश्रा, धनवंत सिंह राठौर और अन्य करीबियों ने उन्हें तब तक धरने पर बैठे रहने के लिए कहा था, जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जातीं। थानाध्यक्ष ने पूजा सिंह समेत सात लोगों और अन्य के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत कार्रवाई की मांग की है।

## त्योहारों से पहले बेगूसराय में खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापेमारी, नौ से अधिक जगहों से लिए गए सैंपल

एजेंसी

**पटना।** बेगूसराय में आगामी पर्व-त्योहारों के मद्देनजर खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए जिला प्रशासन ने विशेष जांच अभियान चलाया है। जिलाधिकारी रिची पांडेय के निर्देश पर होटल, रेस्टोरेंट और खाद्य प्रतिष्ठानों से नमूने लेकर जांच के लिए पटना स्थित प्रयोगशाला भेजे गए हैं। बेगूसराय में आगामी पर्व-त्योहारों को देखते हुए आम लोगों को सुरक्षित, स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। त्योहारों के दौरान खाद्य पदार्थों की बढ़ती मांग और मिलावट की आशंका को देखते हुए जिलाधिकारी रिची पांडेय के निर्देश पर जिले के विभिन्न अनुमंडलों में होटल, रेस्टोरेंट और खाद्य प्रतिष्ठानों में विशेष जांच अभियान चलाया गया। इस कार्रवाई से खाद्य कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है। जांच अभियान के दौरान खाद्य निरीक्षक डॉ. संजय चौधरी ने विभिन्न होटलों और खाद्य प्रतिष्ठानों में उपलब्ध खाद्य सामग्री की गुणवत्ता की जांच की। इस दौरान नौ से अधिक प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किए गए। सभी नमूनों को गुणवत्ता की जांच के लिए पटना स्थित प्रयोगशाला भेजा गया है। अब प्रयोगशाला की जांच रिपोर्ट के आधार पर प्रशासन की अगली कार्रवाई तय होगी। खाद्य निरीक्षक डॉ. संजय चौधरी ने बताया कि जांच अभियान के तहत बेगूसराय के दो, बलिया के पांच तथा बरौनी के तीन खाद्य प्रतिष्ठानों से नमूने संग्रहित कर प्रयोगशाला भेजे गए हैं। जांच का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बाजार में आम लोगों को मिलने वाले खाद्य पदार्थ निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप हैं या नहीं। उन्होंने बताया कि प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद संबंधित खाद्य प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। यदि किसी प्रतिष्ठान में खाद्य सामग्री की गुणवत्ता निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं पाई जाती है तो संबंधित संचालकों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। मिलावटखोरों पर प्रशासन की पैनी नजर गौरतलब है कि पर्व-त्योहारों के दौरान मिठाई, नमकीन, खाद्य तेल, मसालों और अन्य खाद्य पदार्थों की मांग काफी बढ़ जाती है।

## अनंत सिंह बेटी की शादी में दामाद को देंगे 2.5 करोड़ की डिफेंडर, बेटे के लिए भी बीएमडब्लू तैयार

एजेंसी

**पटना।** मोकामा के जदयू विधायक अनंत सिंह की बेटी शिवांगी की शादी 25 नवंबर को पैतृक गांव लदमा में होगी। होने वाले दामाद ऋषिकेश कुमार को 2 से 2.50 करोड़ रुपये की लैंड रोवर डिफेंडर देने की चर्चा है। इसी दौरान बेटे अभिनव का जनेऊ संस्कार भी होगा, जिसके लिए बीएमडब्ल्यू कार देने की तैयारी बताई जा रही है। बिहार के मोकामा से जदयू विधायक अनंत सिंह के घर शादी की तैयारियां जोरों पर हैं। उनकी छोटी बेटी शिवांगी की शादी 25 नवंबर को होने जा रही है। समारोह को भव्य बनाने के लिए करीब 10 बीघा जमीन पर मंडप और पंडाल तैयार किए जा रहे हैं। दामाद के लिए करोड़ों की लग्जरी एसयूवी, बेटे के लिए बीएमडब्ल्यू कार, घुड़दौड़ के विजेताओं को महंगी गाड़ियां और मेहमानों के लिए 150 तरह के पकवानों की व्यवस्था की



चर्चा है। दामाद को लैंड रोवर डिफेंडर देने की तैयारी शादी में सबसे ज्यादा चर्चा अनंत सिंह की ओर से होने वाले दामाद ऋषिकेश कुमार को दिए जाने वाले उपहार की है। बताया जा रहा है कि उन्हें करीब 2 से 2.50 करोड़ रुपये की लैंड रोवर डिफेंडर भेंट की जाएगी। जानकारी के मुताबिक, गाड़ी पटना पहुंच चुकी है। ऋषिकेश कुमार बिहटा के रहने वाले हैं। वह कमांडेंट रणविजय कुमार के पुत्र हैं और अमेरिका की जॉर्जिया स्टेट यूनिवर्सिटी से एमबीए कर चुके हैं। हालांकि, डिफेंडर का कौन-सा वैरिएंट उपहार में दिया जाएगा,घुड़दौड़ के विजेताओं को मिलेंगे महंगे इनाम शादी समारोह में घुड़दौड़ प्रतियोगिता भी आकर्षण का केंद्र रहेगी। प्रतियोगिता में पहले स्थान पर आने वाले को महिंद्रा थार दी जाएगी। दूसरे स्थान के विजेता को बाइक और तीसरे स्थान पर रहने वाले प्रतिभागी को स्कूटी देने की तैयारी है। इस तरह विवाह समारोह में पारिवारिक रस्मों के साथ खेल प्रतियोगिता और इनामों का भी आयोजन होगा। बेटे के जनेऊ संस्कार में इटह की सौगात शिवांगी की शादी के साथ अनंत सिंह के छोटे बेटे अभिनव सिंह का जनेऊ संस्कार भी आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर बेटे को बीएमडब्ल्यू कार भेंट करने की तैयारी की बात सामने आई है। यानी एक ही आयोजन में होने वाले दामाद के लिए लैंड रोवर डिफेंडर और बेटे के लिए बीएमडब्ल्यू कार चर्चा में हैं। 10 बीघा में बनेगा मंडप, 30 फीट ऊंचा होगा जयमाला मंच 25 नवंबर को अनंत सिंह के पैतृक गांव लदमा में होने वाले समारोह के लिए बड़े स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। करीब 10 बीघा जमीन पर मंडप और विशाल पंडाल तैयार किए जा रहे हैं। जयमाला के लिए 30 फीट ऊंचा मंच बनाया जा रहा है।

## पूर्व मध्य रेलवे का बड़ा फैसला: श्रमजीवी और मगध एक्सप्रेस के नंबर बदले

एजेंसी

**पटना।** पूर्व मध्य रेलवे ने श्रमजीवी एक्सप्रेस और मगध एक्सप्रेस के ट्रेन नंबर बदलने का निर्णय लिया है। नई व्यवस्था 1 जनवरी से लागू होगी। राजगीर-नई दिल्ली श्रमजीवी एक्सप्रेस अब 13291 और 13292 नंबर से चलेगी। वहीं, इस्लामपुर-नई दिल्ली मगध एक्सप्रेस के नए नंबर 18633 और 18634 होंगे। बिहार के नालंदा और पटना से होकर दिल्ली जाने वाले रेल यात्रियों के लिए अहम अपडेट है। पूर्व मध्य रेलवे ने क्षेत्र की दो प्रमुख ट्रेनों श्रमजीवी एक्सप्रेस और मगध एक्सप्रेस के नंबर बदलने का फैसला किया है। यह बदलाव आगामी 1 जनवरी से लागू होगा। ऐसे में नए साल में इन ट्रेनों से यात्रा करने वाले यात्रियों को टिकट बुकिंग और ट्रेन की स्थिति की जानकारी लेते समय नए नंबरों का इस्तेमाल करना होगा। श्रमजीवी एक्सप्रेस के नए नंबर क्या होंगे? रेलवे के अनुसार, राजगीर से नई दिल्ली जाने वाली श्रमजीवी सुपरफास्ट एक्सप्रेस का



नंबर 12391 से बदलकर 13291 कर दिया गया है। वहीं, नई दिल्ली से राजगीर आने वाली डाउन श्रमजीवी एक्सप्रेस अब 12392 की जगह 13292 नंबर से संचालित होगी। मगध एक्सप्रेस के नंबरों में भी बदलाव इस्लामपुर से नई दिल्ली के बीच चलने वाली मगध एक्सप्रेस के नंबर भी बदले गए हैं। इस्लामपुर से नई दिल्ली जाने वाली अप मगध एक्सप्रेस अब 20801 के स्थान पर 18633 नंबर से चलेगी। इसी तरह नई दिल्ली से इस्लामपुर आने वाली डाउन मगध एक्सप्रेस का नंबर 20802 से बदलकर 18634 कर टिकट बुकिंग और ट्रेन की स्थिति देखते समय रखें ध्यान पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने नंबरों में बदलाव की पुष्टि की है। रेलवे के अनुसार, परिचालन से जुड़े तकनीकी कारणों और प्रणालीगत सुधार के तहत यह कदम उठाया गया है। संबंधित स्टेशनों, पूछताछ केंद्रों और आरक्षण प्रणाली को नए नंबरों के अनुसार अपडेट किया जा रहा है। रेलवे ने यात्रियों से अपील की है

## शुरू होगी वाटर मेट्रो, दीघा घाट से गांधी घाट तक 50 रुपये में कर सकेंगे गंगा की सैर

एजेंसी

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में 10 नवंबर से गंगा नदी में कैटामरान वेसल यानी वाटर मेट्रो का परिचालन शुरू हो रहा है। मुख्यमंत्री दोपहर 3 बजे दीघा घाट से सेवा का शुभारंभ करेंगे। 50 यात्रियों की क्षमता वाले इस आधुनिक जलयान में वयस्कों का किराया 50 रुपये तय किया गया है। पांच साल से कम उम्र के बच्चों की यात्रा निशुल्क होगी। पटना में गंगा की सैर अब पहले से ज्यादा सुविधाजनक और आधुनिक होने जा रही है। बिहार पर्यटन विभाग ने दीघा घाट से गांधी घाट के बीच वाटर मेट्रो सेवा शुरू करने की तैयारी पूरी कर ली है। 10 नवंबर को मुख्यमंत्री इस सेवा का शुभारंभ करेंगे। आधुनिक सुविधाओं से लैस यह जलयान मुख्य रूप से विद्युत ऊर्जा से संचालित होगा। इसके जरिए पर्यटक गंगा नदी में सफर का आनंद ले सकेंगे। दीघा से गांधी घाट तक शुरू होगा परिचालन पर्यटन विभाग की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 10 नवंबर को वाटर मेट्रो का परिचालन पटना के दीघा स्थित मीनार घाट से दोपहर 3 बजे शुरू होगा। जलयान 3:40 बजे गांधी घाट पहुंचेगा। इसके बाद शाम 4:10 बजे गांधी घाट से वापस दीघा के लिए रवाना होगा और शाम 5:30 बजे मीनार घाट पहुंचेगा। पहले दिन के लिए विभाग ने यही परिचालन कार्यक्रम जारी किया है। भविष्य में इस सेवा का विस्तार कंगन घाट तक करने की योजना है। 50 यात्रियों की क्षमता, अउ और शौचालय की



सुविधा कैटामरान वेसल में एक बार में 50 यात्री सफर कर सकेंगे। इसे आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। जलयान में वातानुकूलन यानी अउ, उद्घोषणा प्रणाली, शौचालय और व्हीलचेयर की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसके अलावा यात्रियों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अन्य आवश्यक सुविधाएं भी दी गई हैं। वयस्कों का किराया 50 रुपये, बच्चों को मिलेगी छूट वाटर मेट्रो में यात्रा के लिए प्रति वयस्क 50 रुपये किराया निर्धारित किया गया है। पांच साल से कम उम्र के बच्चों को निशुल्क यात्रा की सुविधा मिलेगी। वहीं, पांच से 12 साल तक के बच्चों का टिकट निर्धारित वयस्क किराये का आधा यानी 25 रुपये होगा। फिलहाल पर्यटक दीघा घाट पर बने टिकट काउंटर से टिकट प्राप्त कर सकते हैं। पर्यटन विभाग के मुताबिक, जल्द ही ऑनलाइन टिकट बुकिंग की सुविधा भी शुरू की जाएगी। हाइब्रिड इंजन से लैस है

## 15 प्रशासनिक अधिकारियों का तबादला, कई जिलों में बदले डीसीएलआर

एजेंसी

**पटना।** बिहार सरकार ने प्रशासनिक स्तर पर बड़ा फेरबदल करते हुए 15 अधिकारियों का तबादला किया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने 9 नवंबर 2026 को अधिसूचना जारी कर कई जिलों में भूमि सुधार उप समाहर्ता (DCLR), अपर समाहर्ता और अनुमंडल पदाधिकारियों की नई तैनाती की है। पदस्थापन की प्रतीक्षा कर रहे छह अधिकारियों को भी जिम्मेदारी दी गई है। बिहार में प्रशासनिक व्यवस्था में बदलाव करते हुए राज्य सरकार ने 15 अधिकारियों का स्थानांतरण और पदस्थापन किया है। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के तहत किशनगंज, समस्तीपुर, भागलपुर, पश्चिम चंपारण, सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर,




नालंदा और नवादा समेत कई जिलों में अधिकारियों की नई तैनाती की गई है। कुछ अधिकारियों को विभागीय जिम्मेदारी दी गई है, जबकि कई को भूमि सुधार उप समाहर्ता (DCLR) बनाया गया है। सभी संबंधित अधिकारियों को नए पद पर तत्काल योगदान देने का निर्देश दिया गया है। पदस्थापन की प्रतीक्षा कर रहे अधिकारियों को भी मिली जिम्मेदारी सामान्य प्रशासन विभाग की 9 नवंबर 2026 की अधिसूचना के अनुसार, विद्यानाथ पासवान को पूर्वी चंपारण के चकिया में अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के पद से हटाकर किशनगंज में अपर समाहर्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी बनाया गया है। पदस्थापन की प्रतीक्षा कर रहे संजीव कुमार कापर को पश्चिम चंपारण में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है। ज्ञान प्रकाश को पटना में अपर समाहर्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी बनाया गया है। मनीष कुमार को समस्तीपुर में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी और सीमा कुमारी को भागलपुर में अपर समाहर्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी नियुक्त किया गया है। सुधीर कुमार बने पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के निदेशक सुधीर कुमार को पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार, पटना का निदेशक बनाया गया है। इसके साथ ही उन्हें बिहार राज्य पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम, पटना के प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। कई जिलों में बदले भूमि सुधार उप समाहर्ता तबादला सूची में कई अधिकारियों को अलग-अलग जिलों और अनुमंडलों में भूमि सुधार उप समाहर्ता (DCLR) की जिम्मेदारी दी गई है।रोशन राज को पूर्णिया के बायसी से स्थानांतरित कर किशनगंज का भूमि सुधार उप समाहर्ता बनाया गया है। निखिल कुमार को सहरसा के वरीय उप समाहर्ता पद से हटाकर पश्चिम चंपारण के नरकटियागंज में DCLR बनाया गया है। मंकेश्वर कुमार को कटिहार के बारसोई से मुजफ्फरपुर पश्चिम में इसी पद पर भेजा गया है। राजन कुमार को खेल विभाग में विशेष कार्य पदाधिकारी के पद से हटाकर नालंदा के बिहारशरीफ में DCLR बनाया गया है। रवि कुमार को लखीसराय के वरीय उप समाहर्ता पद से नवादा सदर में भूमि सुधार उप समाहर्ता नियुक्त किया गया है। सन्नी कुमार सौरभ को बेगूसराय के बखरी के अनुमंडल पदाधिकारी पद से हटाकर पश्चिम चंपारण के बगहा में DCLR बनाया गया है। सोनाली को भागलपुर के वरीय उप समाहर्ता पद से कहलगांव में भूमि सुधार उप समाहर्ता बनाया गया है। ऐश्वर्य कश्यप बने बखरी के अनुमंडल पदाधिकारी ऐश्वर्य कश्यप को खान एवं भूतत्व विभाग, बिहार, पटना में विशेष कार्य पदाधिकारी के पद से स्थानांतरित कर बेगूसराय के बखरी का अनुमंडल पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। श्रीप्रकाश शिक्षा विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त अधिसूचना में श्रीप्रकाश से जुड़ा एक अन्य प्रशासनिक बदलाव भी किया गया है। गृह जिला सारण के श्रीप्रकाश निर्वाचन विभाग, बिहार, पटना में विशेष कार्य पदाधिकारी के पद पर कार्यरत हैं और संयुक्त सचिव स्तर में उत्क्रमित हैं।

## संक्षिप्त डायरी

### सड़क हादसे में नवविवाहित दंपती की मौत, अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर; एक साल पहले हुई थी शादी

एजेंसी

**पटना।** बिहार के गोपालगंज जिले में तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दंपती की मौत हो गई। हादसा मोहम्मदपुर थाना क्षेत्र में हुआ। मृतकों की पहचान सिधवलिया गांव निवासी अक्षय कुमार (26) और उनकी पत्नी पुष्पा देवी (22) के रूप में हुई है। दोनों की शादी पिछले साल नवंबर में हुई थी। पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बिहार के गोपालगंज में एक सड़क हादसे ने परिवार की खुशियां छीन लीं। बाइक से घर लौट रहे नवविवाहित दंपती को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस उन्हें अस्पताल लेकर पहुंची, लेकिन चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। शादी के महज एक साल के भीतर दोनों की मौत से परिवार और गांव में शोक का माहौल है। बथान से घर लौटते समय हुआ हादसा घटना मोहम्मदपुर थाना क्षेत्र की है। मृतकों की पहचान सिधवलिया थाना क्षेत्र के सिधवलिया गांव निवासी 26 वर्षीय अक्षय कुमार और उनकी 22 वर्षीय पत्नी पुष्पा देवी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, दोनों बाइक से बथान से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। अस्पताल पहुंचने से पहले बिगड़ी हालत टक्कर इतनी तेज थी कि अक्षय और पुष्पा सड़क पर दूर जा गिरे। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। शादी के एक साल के भीतर उजड़ा परिवार दंपती की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सदर अस्पताल पहुंचे परिवार के लोग शवों से लिपटकर रोने लगे। उनकी चीख-पुकार से अस्पताल परिसर का माहौल गमगीन हो गया। परिजनों के अनुसार, अक्षय और पुष्पा की शादी पिछले साल नवंबर में हुई थी। शादी की पहली सालगिरह से पहले ही सड़क हादसे में दोनों की जान चली गई। इस घटना से परिवार के साथ-साथ पूरे गांव में शोक की लहर है। अज्ञात वाहन और चालक की तलाश में जुटी पुलिस पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। मामले में अज्ञात वाहन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस हादसे की जांच कर रही है और टक्कर मारकर फरार हुए वाहन तथा उसके चालक की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

### आलू लगाने से रोकने पर मां की पीट-पीटकर हत्या, आरोपी बेटा गिरफ्तार; खेत में काम को लेकर हुआ था विवाद

एजेंसी

**पटना।** बिहार के किशनगंज जिले के बहादुरगंज में 58 वर्षीय महिला की कथित तौर पर उसके मंझले बेटे ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। खेत में आलू लगाने को लेकर छोटी बहू को रोकने पर मां ने विरोध किया था। आरोप है कि इसी बात से नाराज बेटे ने मां के साथ मारपीट की। पुलिस ने आरोपी सहीरुल आलम को गिरफ्तार कर लिया है। बिहार के किशनगंज जिले से मां-बेटे के रिश्ते को झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। बहादुरगंज प्रखंड के दुगार्पुर बंगामा वार्ड संख्या-9 में पारिवारिक विवाद के दौरान एक बेटे पर अपनी 58 वर्षीय मां की पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप है। बताया गया है कि विवाद खेत में आलू लगाने को लेकर शुरू हुआ था। पुलिस ने मृतका के बड़े बेटे की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। छोटी बहू को खेत में आलू लगाने से रोक रहा था बेटा मृतका की पहचान खैरुण निशा (58), पत्नी स्वर्गीय जियाउद्दीन के रूप में हुई है। थाने में दिए गए लिखित आवेदन के अनुसार, घटना रविवार दोपहर की है। खैरुण निशा विशनपुर से करीब तीन बजे घर लौटी थीं। उस समय वह अपनी बड़ी बहू अबसरी बेगम के साथ खाना खा रही थीं। इसी दौरान उनकी छोटी बहू खेत में आलू लगाने गई। आरोप है कि मंझले बेटे सहीरुल आलम (30) ने उसे ऐसा करने से रोक दिया। जब मां ने बहू को खेत में आलू लगाने देने की बात कही तो सहीरुल नाराज हो गया। इसके बाद उसने मां के साथ गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। मां के बेहोश होने के बाद भी पीटने का आरोप परिजनों की शिकायत के मुताबिक, सहीरुल ने मां को जमीन पर पटककर लात-घूंसों से पीटा। आरोप है कि महिला के बेहोश हो जाने के बाद भी वह मारपीट करता रहा। इससे उनकी नाक और मुंह से खून निकलने लगा और शरीर पर सूजन आ गई। परिवार के लोग मौके पर पहुंचे तो खैरुण निशा अचेत अवस्था में थीं। उन्हें इलाज के लिए ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। पिता से भी मारपीट करने का लगाया आरोप परिजनों ने पुलिस को दिए आवेदन में आरोप लगाया है कि सहीरुल पहले भी घर के सामान पर कब्जे को लेकर अपने पिता के साथ मारपीट करता था। पिता की मृत्यु के बाद वह अपनी मां को निशाना बनाने लगा था। हालांकि, इन पुराने विवादों और आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि होना बाकी है। पुलिस ने आरोपी बेटे को किया गिरफ्तार सूचना मिलने के बाद बहादुरगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी सहीरुल आलम को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने उसके खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### मुजफ्फरपुर में नशे में धुत मेडिकल छात्रों की कार का कहर, बच्चे को टक्कर मारी; मकान और बाइक क्षतिग्रस्त

एजेंसी

**पटना।** बिहार के मुजफ्फरपुर में पुरानी गुदरी रोड पर सोमवार रात तेज रफ्तार कार ने जमकर उत्पात मचाया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कार में सवार चार युवक शराब के नशे में थे। कार की टक्कर से एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि दो मकान और एक बाइक क्षतिग्रस्त हो गए। पुलिस ने कार जब्त कर जांच शुरू कर दी है। बिहार के मुजफ्फरपुर में सोमवार रात शराब के नशे में कार चलाने के आरोप में मेडिकल छात्रों की गाड़ी ने सड़क पर जमकर कहर बरपाया। पुरानी गुदरी रोड पर अनियंत्रित कार ने एक ठेला चालक को टक्कर मार दी। इस दौरान ठेले पर बैठा बच्चा सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद कार सवार युवक गाड़ी रोकने के बजाय तेज रफ्तार से आगे बढ़ते रहे। कार की टक्कर से दो मकान और एक बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने कार को घेर लिया और उसमें तोड़फोड़ कर दी। प्रभात सिनेमा चौक से शुरू हुआ हादसा स्थानीय प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, घटना की शुरूआत प्रभात सिनेमा चौक के पास हुई। यहां कार सवार युवकों ने एक ठेला चालक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से ठेले पर बैठा बच्चा सड़क पर गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने कार को रोकने की कोशिश की, लेकिन पकड़े जाने के डर से युवकों ने गाड़ी की रफ्तार और बढ़ा दी। इस दौरान दो मकान और एक बाइक क्षतिग्रस्त हो गए। आखिरकार कार एक सीढ़ी के पास जाकर टकरा गई। टक्कर की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। देखते ही देखते वहां बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने कार को घेरा, तोड़फोड़ भी की हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने कार को चारों तरफ से घेर लिया और उसमें तोड़फोड़ शुरू कर दी। स्थानीय लोगों के बीच चर्चा थी कि कार में काले रंग के बैग में शराब रखी हुई थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने आरोप लगाया कि कार में सवार चारों युवक शराब के नशे में थे। हालांकि, कार से शराब मिलने और युवकों के नशे में होने की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। पुलिस ने कार जब्त की, चार युवकों की पहचान घटना की सूचना मिलने पर नगर थाना प्रभारी जय प्रकाश सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने आक्रोशित लोगों को समझाकर स्थिति शांत कराई। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और दुर्घटनाग्रस्त कार को अपने कब्जे में ले लिया। शुरूआती जानकारी के मुताबिक, कार में सवार चारों युवकों की पहचान अहियापुर थाना क्षेत्र के रहने वाले लोगों के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सभी पुणे में रहकर मेडिकल की पढ़ाई कर रहे हैं। पुलिस घायल बच्चे की स्थिति, कार में शराब मिलने और नशे में वाहन चलाने के आरोपों की जांच कर रही है।

## खबर संक्षेप

### जैप्टो पर गिफ्ट हैम्पर की मांग तीन गुना बढ़ी

नई दिल्ली। त्वरित सामान डिलिवरी मंच जैप्टो पर इस साल दिवाली के दौरान त्योहारों के गिफ्ट हैम्पर के ऑर्डर पिछले साल की तुलना में तीन गुना बढ़ गए। वहीं, मिठाइयों में लड्डू सबसे अधिक बार ऑर्डर किया गया, जबकि कुल बिक्री की मात्रा के लिहाज से सोन पापड़ी सबसे आगे रही। जैप्टो के अनुसार, उपहारों की मांग में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की गई। गिफ्ट हैम्पर के ऑर्डर पिछले दिवाली की तुलना में तीन गुना बढ़ना दर्शाता है कि लोग अब विशेष रूप से तैयार किए गए उपहारों को अधिक पसंद कर रहे हैं। इस साल दिवाली के दौरान मंच पर 4.68 लाख दीयों के ऑर्डर मिले। स्थानीय कारीगरों के साथ उसकी साझेदारी पारंपरिक और स्थानीय स्तर पर तैयार उत्पादों को बड़े बाजार तक पहुंचाने में मदद करती है।

### रुपया 21 पैसे चढ़कर 93.77 प्रति डॉलर पर

मुंबई। रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 21 पैसे मजबूत होकर 93.77 पर बंद हुआ। कच्चे तेल की कीमतों में नरमी, विदेशी पूंजी के बेहतर प्रवाह और पश्चिम एशिया में तनाव कम होने की उम्मीदों से निवेशकों की धारणा को समर्थन मिला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, विदेशी निवेश का लगातार प्रवाह, कच्चे तेल की कीमतों में स्थिरता और डॉलर में मामूली कमजोरी से रुपये को समर्थन मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया करीब 93.85 प्रति डॉलर पर खुला।

### दिल्ली में यमुना क्रूज सेवा आस से होगी शुरू

नई दिल्ली। केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल मंगलवार को दिल्ली में पहली सैर-सपाटे से संबंधित यमुना क्रूज सेवा का उद्घाटन करेंगे। आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के अनुसार, राष्ट्रीय जलमार्ग अधिनियम, 2016 के तहत यमुना नदी को राष्ट्रीय जलमार्ग-110 घोषित किया गया है। दिल्ली में यमुना नदी के सोनिया विहार-जगतपुर खंड में क्रूज सेवा की शुरुआत इस राष्ट्रीय जलमार्ग की नौकायन और नदी पर्यटन की संभावनाओं का उपयोग करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।''

### शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे अमित शाह, गोयल

अमरावती। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल तथा आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू 12 और 13 नवंबर को विशाखापत्तनम में आयोजित होने वाले 31वें सीआईआई साझेदारी शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। इस सम्मेलन में 58 देशों के प्रतिनिधियों के भाग लेने की उम्मीद है। इस सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय नीति निर्माता, उद्योगपति और प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ वैश्विक अर्थव्यवस्था में हो रहे बदलावों के बीच व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी साझेदारी तथा उभरते अवसरों पर चर्चा करेंगे।

### ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक का लाभ बढ़कर 52 करोड़ रुपये

नई दिल्ली। इलेक्ट्रिक बस बनाने वाली कंपनी ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की सितंबर में समाप्त दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध मुनाफा 5.4 प्रतिशत बढ़कर 52.12 करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2025-26 की समान तिमाही में कंपनी का कर शुद्ध लाभ 49.43 करोड़ रुपये था। ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की परिचालन आय बढ़कर 687.01 करोड़ रुपये हो गई, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 656.62 करोड़ रुपये थी।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# अब एआई पकड़ सकेगा सोशल मीडिया पर बच्चों की फर्जी उम्र

नई दिल्ली

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बच्चों और किशोरों की सुरक्षा को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच मेटा ने बड़ा कदम उठाने की तैयारी की है। कंपनी अब फेसबुक और इंस्टाग्राम पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित उम्र पहचान प्रणाली दुनियाभर में लागू करने जा रही है। इसके जरिए प्लेटफॉर्म खुद पता लगा सकेंगे कि कोई यूजर किशोर है या वयस्क। खास बात यह है कि अकाउंट बनाते समय गलत उम्र दर्ज करने पर भी एआई यूजर की वास्तविक उम्र का अनुमान लगा सकेगा। उम्र किशोर होने की पुष्टि होते ही संबंधित अकाउंट अपने आप सख्त सुरक्षा और प्राइवेसी वाले टीन अकाउंट में बदल जाएगा। मेटा के अनुसार, नए फीचर्स जनवरी से आधिकारिक रूप से लागू होने शुरू होंगे।

- किशोरों के अकाउंट अपने आप टीन सेटिंग्स में बदलेंगे

## मेटा दुनियाभर में लागू करेगा नया एज वेरिफिकेशन सिस्टम

### इस्तेमाल के तरीके से उम्र पहचानेगा एआई

मेटा अप्रैल 2025 से इस तकनीक की टेस्टिंग कर रहा है। कंपनी का एआई सिस्टम केवल यूजर की ओर से दर्ज की गई जन्मतिथि पर निर्भर नहीं रहेगा, बल्कि उसके इस्तेमाल के तरीके और गतिविधियों के आधार पर भी उम्र का अनुमान लगाएगा। यदि कोई किशोर अपनी उम्र गलत बताकर वयस्क अकाउंट बनाता है तो सिस्टम उसकी पहचान कर उसे टीन अकाउंट की सुरक्षा व्यवस्था में शामिल कर सकता है। इसके बाद आपत्तिजनक और उम्र के लिहाज से अनुपयुक्त वीडियो व पोस्ट दिखाने पर रोक लगाने जैसी व्यवस्थाएं सक्रिय हो जाएंगी। कंपनी अभिभावकों को भी इस प्रणाली की कार्यप्रणाली समझाने के लिए विशेष जानकारी वाले वीडियो जारी करेगी।



### स्क्रीन टाइम और नोटिफिकेशन पर भी नियंत्रण

मेटा के नए सुरक्षा फीचर्स में किशोरों के लिए रोजाना सोशल मीडिया इस्तेमाल की समय सीमा तय करने की व्यवस्था भी शामिल है। इसके अलावा क्वाइट मोड के माध्यम से रात के समय नोटिफिकेशन बंद रखे जा सकेंगे। अनजान लोगों से बातचीत और संपर्क को सीमित करने के लिए प्राइवेसी नियम भी सख्त किए जाएंगे। कंपनी का उद्देश्य किशोरों को अनुचित कंटेंट, अनजान लोगों के संपर्क और जरूरत से ज्यादा स्क्रीन टाइम से बचाना है।

### मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ रहे असर ने बढ़ाई चिंता

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के डिजाइन और उनके इस्तेमाल को लेकर लंबे समय से सवाल उठते रहे हैं। आरोप हैं कि नोटिफिकेशन, ऑटो-प्ले और लाइक जैसे फीचर बच्चों को लगातार एप से जोड़े रखने के लिए बनाए गए हैं। इससे उनमें सोशल मीडिया की आदत और स्क्रीन टाइम बढ़ने का खतरा रहता है। इंस्टाग्राम पर फिल्टर और दूसरों की आकर्षक तस्वीरें देखने से किशोरों में अपने रंग-रूप और शरीर को लेकर असंतोष बढ़ सकता है। देर रात तक मोबाइल इस्तेमाल करने से नींद प्रभावित होती है। इसके अलावा साइबर बुलिंग, ट्रोलिंग और दूसरों से लगातार तुलना करने की प्रवृत्ति बच्चों में तनाव और हीनभावना पैदा कर सकती है। उम्र के अनुरूप कंटेंट नहीं मिलने से भी वे मानसिक रूप से परेशान करने वाली सामग्री के संपर्क में आ सकते हैं।

### कानूनी दबाव के बीच कंपनियों की नई रणनीति

मेटा पर बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा और मानसिक स्वास्थ्य पर सोशल मीडिया के प्रभाव को लेकर गंभीर आरोप लगे हैं। अमेरिका के न्यू मेक्सिको की अदालत ने बच्चों की सुरक्षा के संबंध में भ्रामक भरोसा देने के मामले में कंपनी पर करीब 8,000 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया। इसके अलावा सोशल मीडिया की लत से जुड़े एक अन्य मामले में भी कंपनी को कानूनी समझौता करना पड़ा। दुनियाभर में बच्चों की डिजिटल सुरक्षा को लेकर कानून सख्त हो रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया ने 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाया है। ऐसे माहौल में मेटा की नई पहल को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि, इसकी वास्तविक सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि एआई उम्र की पहचान कितनी सटीक करता है और बच्चों की निजता सुरक्षित रखते हुए इन नियमों को कितनी प्रभावी ढंग से लागू किया जाता है।

**भारत और 27 देशों के समूह यूरोपीय संघ के अगले महीने महत्वाकांक्षी मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की है उम्मीद**

## अगले माह होंगे प्रस्तावित बड़े व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर

# व्यापार, निवेश एवं प्रौद्योगिकी में सहयोग बढ़ाएंगे भारत और ईयू

नई दिल्ली

भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) ने अगले महीने प्रस्तावित बड़े व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर से पहले सोमवार को व्यापार एवं निवेश, क्वांटम प्रौद्योगिकी, सेमीकंडक्टर और जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। दोनों पक्षों ने कहा कि इससे पारस्परिक लाभ वाले और दूरगामी परिणाम हासिल किए जा सकेंगे। दोनों पक्षों ने प्रस्तावित निवेश संरक्षण समझौते और भौगोलिक संकेतक (जीआई) समझौते को भी अंतिम रूप देने की दिशा में काम जारी रखने पर सहमति जताई। नई दिल्ली में हुई भारत-यूरोपीय संघ रणनीतिक साझेदारी की सातवीं समीक्षा बैठक (एसपीआरएम) में दोनों पक्षों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग की व्यापक समीक्षा की गई।



### रणनीतिक सहयोग पर भी चर्चा

*बयान में कहा गया, 'चर्चा में आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने और आर्थिक सुरक्षा से जुड़े मुद्दे भी शामिल रहे। इसमें व्यापार एवं प्रौद्योगिकी परिषद (टीटीसी) और ब्लू वैलीज पहल के तहत रणनीतिक सहयोग पर भी चर्चा हुई।' समीक्षा बैठक में दोनों पक्षों ने कृत्रिम मेधा (एआई), क्वांटम प्रौद्योगिकी, डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे (डीपीआई), उन्नत सेमीकंडक्टर, स्वच्छ प्रौद्योगिकी और जैव प्रौद्योगिकी सहित महत्वपूर्ण एवं उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में सहयोग पर भी चर्चा की। दोनों पक्षों ने डिजिटल क्षेत्र में बेहतर माहौल बनाने और डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करने पर सहमति जताई।*

### दो अरब लोगों को मिलेगा बड़ा बाजार

*भारत और 27 देशों के समूह यूरोपीय संघ के अगले महीने महत्वाकांक्षी मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की उम्मीद है। इसे 'सभी समझौतों की जननी' कहा जा रहा है। इससे दो अरब लोगों का एक बड़ा बाजार तैयार होगा। एक संयुक्त बयान के अनुसार, 'दोनों पक्षों ने व्यापार एवं निवेश सहयोग बढ़ाने की दिशा में हुई प्रगति की समीक्षा की। इसमें भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौते पर समयबद्ध हस्ताक्षर और उसका क्रियान्वयन तथा निवेश संरक्षण समझौते और भौगोलिक संकेतक समझौते को अंतिम रूप देने की दिशा में काम जारी रखना शामिल है।'*

# कच्चे तेल में नरमी से शेयर बाजार मामूली बढ़त पर बंद

## सेंसेक्स 107 अंकों की उछाल, 81,106.65 पर बंद

मुंबई (भाषा)। कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और बैंकों एवं वित्तीय कंपनियों के शेयरों में खरीदारी से सोमवार को घरेलू शेयर बाजार मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 107 अंक की तेजी रही जबकि निफ्टी 25,000 अंक के स्तर के ऊपर बंद हुआ। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 107.25 अंक यानी 0.13 प्रतिशत चढ़कर 81,106.65 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 340.01 अंक बढ़कर 81,339.41 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 58.25 अंक यानी 0.23 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,044.65 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में भारतीय स्टेट बैंक, ट्रेंट, लार्सन एंड टुब्रो, एनटीपीसी, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर प्रमुख रूप से लाभ में रहे।



**निफ्टी 58.25 अंकों की बढ़त के साथ 25,044.65 अंक पर बंद**

दूसरी तरफ एचसीएल टेक, टाटा स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट और बजाज फाइनेंस के शेयर में गिरावट रही। पिछले सप्ताह घरेलू शेयर बाजार में जोरदार तेजी देखी गई थी। सेंसेक्स में 6,568.49 अंक यानी 8.82 प्रतिशत और निफ्टी में 1,977.25 अंक यानी 8.57 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई थी। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''हालिया तेजी के बाद बीच-बीच में मुनाफावसूली होने से बाजार सीमित दायरे में रहा।

# वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच सोना 600 रुपये चढ़ा, चांदी स्थिर

नई दिल्ली (भाषा)। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमतों में मामूली सुधार हुआ। कच्चे तेल की कीमतों में कमजोरी और वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच सोना 600 रुपये बढ़कर 1,46,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। शुक्रवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,46,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ और यह सभी करों सहित 1,92,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही। स्थानीय कारोबारियों ने यह जानकारी दी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और अमेरिकी डॉलर में अपेक्षाकृत स्थिरता से घरेलू सर्राफा बाजार को समर्थन मिला, जिससे सोने की कीमतों में सुधार हुआ। ब्रोकरेज फर्म लेमन के शोध प्रमुख गौरव गर्ग के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमतों में हालिया गिरावट से दिवाली के त्योहारी मौसम में भौतिक सोने की खरीदारी को प्रोत्साहन मिला। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाजिर सोना 29.69 डॉलर यानी करीब एक प्रतिशत बढ़कर 4,100 डॉलर प्रति औंस हो गया, जबकि चांदी एक प्रतिशत से अधिक की तेजी के साथ 52.58 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के जिंस विश्लेषक मानव मोदी ने कहा, ''सोने की कीमतें 4,100 डॉलर प्रति औंस के स्तर से ऊपर पहुंच गईं। निवेशक पिछले सप्ताह की संक्षिप्त गिरावट से उबरने के बाद अमेरिका के मजबूत रोजगार आंकड़ों, ट्रेजरी बॉन्ड प्रतिफल में नरमी और भू-राजनीतिक तनाव कम होने की उम्मीदों का आकलन कर रहे हैं।''



**सोना 600 रुपये बढ़कर 1,46,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया**

# ब्रेंट कच्चे तेल का वायदा भाव 5 % से अधिक गिरकर 8,125 रुपये प्रति बैरल पर आया

नई दिल्ली (भाषा)। अमेरिका और ईरान के बीच कूटनीतिक समाधान निकलने की उम्मीद तथा पश्चिम एशिया से तेल आपूर्ति बहाल होने की संभावनाओं के बीच वैश्विक ऊर्जा कीमतों में गिरावट आई। इसके चलते सोमवार को कच्चे तेल का वायदा भाव पांच प्रतिशत से अधिक टूटकर 8,125 रुपये प्रति बैरल रह गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में कच्चे तेल का नवंबर माह में डिलिवरी होने वाला अनुबंध 429 रुपये या 5.02 प्रतिशत की गिरावट के साथ 8,084 रुपये प्रति बैरल रह गया। कच्चे तेल का दिसंबर माह में डिलिवरी होने वाला अनुबंध 394 रुपये या करीब पांच प्रतिशत की गिरावट के साथ 8,125 रुपये प्रति बैरल रह गया। इसमें 8,125 लॉट के लिए कारोबार हुआ।

रिलायंस ब्रोकिंग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (रिसर्च) अजीत मिश्रा ने कहा कि कीमतों में तेज गिरावट से पता चलता है कि तत्काल आपूर्ति को लेकर चिंताएं कम हुई हैं। बाजार पश्चिम एशिया संघर्ष के कम होने और तेल आपूर्ति धीरे-धीरे बहाल होने की संभावना को ध्यान में रखकर चल रहा है। हालांकि, भू-राजनीतिक स्थिति अब भी नाजुक बनी हुई है। जहाजों के आवागमन वाले मार्गों और ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर नए हमलों से आपूर्ति संबंधी जोखिम बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर तेल की बढ़ती अतिरिक्त आपूर्ति की आशंका भी कीमतों में लगातार सुधार की संभावना को सीमित कर सकती है। वैश्विक स्तर पर वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट कच्चा तेल 3.45 डॉलर या चार प्रतिशत की गिरावट के साथ 87.38 डॉलर प्रति बैरल रह गया जबकि ब्रेंट क्रूड का दाम 4.16 डॉलर या 4.23 प्रतिशत टूटकर 94.16 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था।

# टेनेको इंडिया वाहन क्षेत्र से आगे कारोबार में अधिग्रहण तलाश रही

नई दिल्ली (भाषा)। वाहन कलपुर्जे बनाने वाली कंपनी टेनेको क्लीन एयर इंडिया अपने कारोबार का विस्तार वाहन क्षेत्र से आगे करने और उसमें विविधता लाने के लिए अधिग्रहण के अवसर तलाश रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। कंपनी रेलवे, वैमानिकी और रक्षा सहित औद्योगिक क्षेत्रों में अवसरों पर विचार कर रही है। इसके साथ ही वह ऐसे वाहन उत्पादों का दायरा भी बढ़ाना चाहती है, जो किसी एक प्रकार के पावरट्रेन पर निर्भर न हों और आंतरिक दहन इंजन (आईसीई), हाइब्रिड तथा इलेक्ट्रिक वाहन, तीनों में इस्तेमाल किए जा सकें। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अरविंद चंद्रा ने पीटीआई-भाषा से कहा, ''हम संबंधित क्षेत्रों में कारोबार के विस्तार के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में भी विविधीकरण के अवसर तलाश रहे हैं। अधिग्रहण और विलय (एमएंडए) के कई अवसरों पर हमारी नजर है और हम इसे लेकर काफी उत्साहित हैं।''

### गोदरेज प्रॉपर्टीज की दूसरी छमाही में 32,000 करोड़ रुपये के घर पेश करने की योजना

नई दिल्ली (भाषा)। गोदरेज प्रॉपर्टीज चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में 32,000 करोड़ रुपये मूल्य के मकान बिक्री के लिए पेश करने की योजना बना रही है। यह पहली छमाही में पेश किए गए घरों के मूल्य से दोगुना है। कंपनी की योजना कारोबार विस्तार और आवास की मजबूत मांग का लाभ उठाने की है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2026-27 की अप्रैल-सितंबर अवधि में 16,000 करोड़ रुपये मूल्य की आवासीय संपत्तियां बिक्री के लिए पेश की थीं। गोदरेज प्रॉपर्टीज के चेयरपर्सन पिरोजशा गोदरेज ने पीटीआई-भाषा को दिए साक्षात्कार में कहा कि कंपनी बिक्री बुकिंग, ग्राहकों से राशि की वसूली, नई परियोजनाएं पेश करने, जमीन अधिग्रहण और परियोजनाएं पूरी करने के अपने सालाना लक्ष्यों को हासिल करने या उनसे बेहतर प्रदर्शन करने की राह पर है। चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में नई परियोजनाएं पेश करने की योजना के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर), पुणे, बेंगलुरु और हैदराबाद सहित प्रमुख शहरों में कंपनी की योजना काफी मजबूत है।

# एचएसबीसी ने भारतीय शेयरों में अधिक निवेश की सलाह दी, चीन पर रुख तटस्थ किया

मुंबई (भाषा)। विदेशी ब्रोकरेज कंपनी एचएसबीसी ने शेयर बाजार की हाल की गिरावट के बाद भारतीय शेयरों के प्रति अपना रुख सकारात्मक करते हुए सोमवार को उनकी रेटिंग बढ़ाकर 'ओवरवेट' (मानक से अधिक निवेश की सलाह) कर दी जबकि चीन के शेयरों की रेटिंग घटाकर 'न्यूट्रल' (तटस्थ) कर दी। एचएसबीसी ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि कई वर्षों तक भारतीय शेयरों के मूल्यांकन में नरमी और उभरते बाजारों की तुलना में उनके कमजोर प्रदर्शन के बाद यह फैसला किया गया है। उसने कहा कि भारतीय शेयरों का मूल्यांकन अब अधिक उचित स्तर पर आ गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, एचएसबीसी को भारत में कर्ज की वृद्धि मजबूत बने रहने और कंपनियों की कमाई में स्थिरता की उम्मीद है। इसके अलावा, आर्थिक वृद्धि और रुपये को समर्थन देने वाले उपाय भी बाजार के लिए अनुकूल रहेंगे। ब्रोकरेज ने कहा कि भारत जैसे ऊर्जा आयातक देश पर कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव का असर पड़ना स्वाभाविक है। हालांकि, तेल की ऊंची कीमतों और अल नीनो के जोखिम के बावजूद बाजार की समग्र धारणा पर इनका खास असर पड़ने की आशंका नहीं है।


## नवीकरणीय ऊर्जा, बिजली ग्रिड और ऊर्जा भंडारण में बनेंगे बड़े अवसर

# शुद्ध शून्य उत्सर्जन का लक्ष्य खोलेगा 22.7 लाख करोड़ डॉलर के निवेश का रास्ता

नई दिल्ली

भारत का वर्ष 2070 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन हासिल करने का लक्ष्य देश की अर्थव्यवस्था के लिए निवेश के नए द्वार खोल सकता है। नवीकरणीय ऊर्जा, बिजली ग्रिड, ऊर्जा भंडारण और स्वच्छ प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में आने वाले दशकों के दौरान करीब 22.7 लाख करोड़ डॉलर के निवेश अवसर पैदा होने का अनुमान है। ऑस्ट्रेलियाई अर्थशास्त्री निकी हटले की नई रिपोर्ट में यह आकलन किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत का ऊर्जा क्षेत्र में बदलाव केवल पर्यावरण संरक्षण तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि वैश्विक कंपनियों, निवेशकों और वित्तीय संस्थानों के लिए भी बड़ा कारोबारी अवसर बनेगा।

'इंडियाज नेट जीरो ट्रांजिशन इज द वर्ल्ड्स नेट जीरो ट्रांजिशन' शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की तेज आर्थिक वृद्धि और कार्बन उत्सर्जन में कमी के बीच संतुलन बनाने की क्षमता का असर पूरी दुनिया पर पड़ेगा। इसकी प्रमुख वजह देश की लगातार बढ़ती ऊर्जा जरूरतें और वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में उसकी बढ़ती हिस्सेदारी है। भारत की ऊर्जा मांग जितनी तेजी से बढ़ेगी, उतनी ही बड़ी जरूरत स्वच्छ और टिकाऊ ऊर्जा व्यवस्था विकसित करने की होगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के ऊर्जा क्षेत्र में बदलाव को वैश्विक निवेश के अवसर के रूप में देखा जाना चाहिए। नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के साथ बिजली ग्रिड का विस्तार और आधुनिकीकरण, ऊर्जा भंडारण की क्षमता विकसित करना तथा नई स्वच्छ प्रौद्योगिकियों को अपनाना निवेश के प्रमुख क्षेत्र होंगे। इससे बुनियादी ढांचा विकसित करने वाली कंपनियों और तकनीक उपलब्ध कराने वाले संस्थानों के लिए भी बाजार का विस्तार होगा।



### 6.5 लाख करोड़ डॉलर की पूंजी का अंतर

रिपोर्ट के अनुसार, शुद्ध शून्य उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करने के लिए अनुमानित निवेश की जरूरत इतनी बड़ी है कि इसे केवल घरेलू संसाधनों के सहारे पूरा करना संभव नहीं होगा। भारत अपनी कुल निवेश जरूरत का 70 प्रतिशत से कुछ अधिक हिस्सा घरेलू स्तर पर जुटा सकता है। इसके बावजूद करीब 6.5 लाख करोड़ डॉलर की वित्तीय कमी रहने का अनुमान है। इस अंतर को पाटने में विदेशी निवेशकों, विकास वित्त संस्थानों और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय बाजारों की अहम भूमिका होगी।

### बढ़ती ऊर्जा मांग से बढ़ेगी निवेश की जरूरत

आने वाले वर्षों में भारत की आबादी, शहरीकरण और औद्योगीकरण में वृद्धि के साथ बिजली की खपत भी तेजी से बढ़ने की उम्मीद है। एयर कंडीशनर की बढ़ती मांग और डेटा सेंटर के विस्तार से ऊर्जा जरूरतों पर अतिरिक्त दबाव पड़ेगा। ऐसे में देश को न केवल अधिक बिजली उत्पादन क्षमता विकसित करनी होगी, बल्कि बिजली की आपूर्ति को भरोसेमंद बनाने के लिए ग्रिड और भंडारण व्यवस्था में भी बड़े निवेश की जरूरत होगी।

### गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता में भारत की प्रगति

रिपोर्ट के मुताबिक, भारत ने गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से बिजली उत्पादन क्षमता बढ़ाने में उल्लेखनीय प्रगति की है। जून 2026 तक देश की कुल स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता में गैर-जीवाश्म स्रोतों की हिस्सेदारी 54.2 प्रतिशत हो गई थी। हालांकि, कुल बिजली उत्पादन में नवीकरणीय ऊर्जा का वास्तविक योगदान इससे काफी कम है। ग्रिड से होने वाले कुल बिजली उत्पादन में इसकी हिस्सेदारी करीब एक चौथाई है। यह अंतर बताता है कि स्थापित क्षमता को वास्तविक बिजली उत्पादन में बदलने और आपूर्ति व्यवस्था मजबूत करने के लिए अभी व्यापक निवेश की जरूरत है। भारत ने 2070 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन का लक्ष्य रखा है। वहीं, स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे होने पर 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में भी प्रयास जारी हैं।

### सरकारी प्रतिभूतियों में एफपीआई का निवेश 8,000 करोड़ रुपये बढ़ा

मुंबई। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने नवंबर के पहले सप्ताह में पूर्ण पहुंच मार्ग (एफएआर) के तहत सरकारी प्रतिभूतियों में अपना निवेश करीब 8,000 करोड़ रुपये बढ़ाया है। इस दौरान रुपये में मजबूती आई और बॉन्ड प्रतिफल में गिरावट दर्ज की गई। पीटीआई-भाषा द्वारा भारतीय समाशोधन निगम लिमिटेड (सीसीआईएल) से प्राप्त आंकड़ों के संकलन के मुताबिक, एफएआर के तहत सरकारी प्रतिभूतियों में एफपीआई की हिस्सेदारी दो नवंबर के 3.57 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर नौ नवंबर को 3.65 लाख करोड़ रुपये हो गई। इस तरह इसमें करीब 7,968.78 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई। इसी अवधि में भारतीय रुपया दो नवंबर के 94.90 प्रति डॉलर से मजबूत होकर सोमवार को 93.74 प्रति डॉलर पर पहुंच गया।

# आर्यवीर सहवाग का तूफान!

## यूएई के खिलाफ 168 गेंदों में ठोके 160 रन, पिता सहवाग की याद दिलाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वीरेंद्र सहवाग के करियर का अंत आज से कई साल पहले हो गया था, लेकिन उनके परिवार में क्रिकेट की विरासत को उनके बेटे आगे बढ़ा रहे हैं। वो भी कोई छोटे मंच पर नहीं, बल्कि भारत के लिए अंडर 19 एशिया कप में शानदार खेल का मुजाहिरा पेश कर रहे हैं।

वीरेंद्र सहवाग के बड़े बेटे आर्यवीर सहवाग भारत की अंडर 19 एशिया कप टीम में चुना गया है, जहां वे शानदार प्रदर्शन करके अपनी प्रतिभा का परिचय दे रहे हैं। उन्होंने एशिया कप के पहले मुकाबले में नेपाल के खिलाफ तूफानी 70 रनों की पारी खेली थी, लेकिन अब दूसरे मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ शतक जड़ दिया है। उन्होंने इस मैच में परिस्थितियों को परखा, उसके बाद विकेट के अनुसार अपने शॉट्स का सिलेक्शन किया। उन्होंने आज के मुकाबले में खेल की जरूरत को समझते हुए कोई जल्दबाजी नहीं दिखाई और 131 गेंदों का सामना करते हुए शतक पूरा किया। शतक पूरा करने के लिए उन्होंने 13 चौके और 2 छक्के लगाए। आर्यवीर सहवाग ने इस मुकाबले में आउट होने से पहले 168 गेंदों का सामना करते हुए कुल 160 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से 17 चौके और 7 छक्के लगे। उनका स्ट्राइक रेट 95.24 रहा।

### 19 साल के हैं वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर

आर्यवीर सहवाग का जन्म 19 अक्टूबर 2007 को हुआ था। वे 19 साल के हैं। उन्होंने दिल्ली प्रीमियर लीग में कुछ मैच खेले हैं। वे दाएं हाथ से बल्लेबाजी करते हैं और दाएं हाथ के ही लेग ब्रेक गेंदबाजी करते हैं। वे दिल्ली प्रीमियर लीग में सेंट्रल दिल्ली किंग्स और दिल्ली लायंस के लिए खेल चुके हैं और अब इंडिया अंडर 19 की टीम में खेल रहे हैं।भारत का यह एशिया कप अंडर- 19 2026 में दूसरा मुकाबला है और इन दोनों मैचों में वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर का भरपूर प्रभाव देखने को मिला है। हालांकि, बड़े मैचों में उनका प्रदर्शन अभी देखना बाकी है। उन्होंने अभी तक अपनी बल्लेबाजी संयुक्त अरब अमीरात और नेपाल के सामने दिखाई है। इस मुकाबले से पहले नेपाल के खिलाफ उन्होंने 52 गेंदों में 70 रनों की पारी खेली थी। हालांकि, पाकिस्तान के खिलाफ वे सिर्फ 22 गेंदों में 40 रन बना सके थे। श्रीलंका और बांग्लादेश के खिलाफ उनका प्रदर्शन कैसा रहता है देखना दिलचस्प होगा। आर्यवीर सहवाग ने वैश्विक मंच पर अभी बहुत अधिक नहीं खेला है, लेकिन एशिया कप में उनकी अब तक की बल्लेबाजी देखकर बड़े- बड़े दिग्गज और क्रिकेट प्रशंसक यह कहने लगे हैं की यह लड़का अपने पिता वीरेंद्र सहवाग की तरह ही लगातार निखरता जा रहा है। उन्होंने अपनी बल्लेबाजी से सीनियर सहवाग की याद दिलाई है।

# बारिश बनी विलेन

## हैमिल्टन में भारत-न्यूजीलैंड के बीच तीसरा वनडे रद्द

### टीम इंडिया का सीरीज जीतने का इंतजार बढ़ा

***हैमिल्टन, एजेंसी।*** *भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीसरा वनडे बारिश के कारण रद्द करना पड़ा। हैमिल्टन में मंगलवार को लगातार बारिश हो रही थी जिस कारण बिना एक भी गेंद फेंके मैच को रद्द करना पड़ा। पहले टॉस दो घंटे से भी ज्यादा देरी से हुआ जिसमें भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया। टॉस से पहले ही ओवरों की कटौती कर दी गई और मैच 40-40 ओवर का कराने का फैसला किया गया। हालांकि, टॉस के तुरंत बाद बारिश आ गई जिससे मैच शुरू नहीं हो सका।*



शुरुआत में बारिश हल्की लग रही थी, लेकिन बीच-बीच में तेज हो रही थी। लगातार बारिश के कारण पिच को कवर्स से ढकना पड़ा और अंपायरों ने दो-तीन बार मैदान का निरीक्षण भी किया। लेकिन रुक-रुककर हो रही बारिश के कारण मैच शुरू ही नहीं हो सका। कटऑफ टाइम में अभी समय था, लेकिन हैमिल्टन में पूरे दिन बारिश का पूर्वानुमान था, लिहाजा इसे रद्द घोषित करना पड़ा। शुरुआत से ही हैमिल्टन में बारिश का पूर्वानुमान जताया गया था। भारत पांच मैचों की वनडे सीरीज में 2-0 से आगे है। भारत के पास इस मैच को जीतकर वनडे सीरीज अपने नाम करने का सुनहरा अवसर था, लेकिन टीम इंडिया का इंतजार बढ़ गया। सीरीज का चौथा मुकाबला शुक्रवार को माउंट मौंगानुई में खेला जाएगा।

### दर्शक हुए निराश

हैमिल्टन में भारी संख्या में दर्शक मौजूद थे। बारिश का पूर्वानुमान था, इसके बावजूद क्रिकेट फैंस को उम्मीद थी कि शायद उन्हें मैच देखने मिला। कई दर्शक रोहित शर्मा और विराट कोहली को खेलता हुआ देखने के लिए उत्सुक थे। हालांकि, उन्हें निराशा मिली। कोहली इस वक्त शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। हालांकि, पिछले मैच में वह सस्ते में आउट हो गए थे। वहीं, रोहित भी न्यूजीलैंड में एक बड़ी पारी खेलने का इंतजार कर रहे हैं।



### प्लेइंग-11 में नहीं किया था बदलाव

इससे पहले, भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने तीसरे वनडे में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था। गिल ने बताया था कि भारत ने अपनी प्लेइंग-11 में कोई बदलाव नहीं किया है। न्यूजीलैंड ने हालांकि, एकादश में एक बदलाव किया था और मैथ्यू फिशर को मौका दिया था। बारिश के कारण टॉस दो घंटे से अधिक समय की देरी से हुआ था।

### कैसी थी दोनों टीमों की प्लेइंग-11

**भारत :** रोहित शर्मा, शुभमन गिल (कप्तान), विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, अक्ष पटेल, केएल राहुल (विकेटकीपर), नमन धीर, अंशुल कंबोज, आकिब नबी, गुरनूर बराड़, अर्शदीप सिंह।
**न्यूजीलैंड :** विल यंग, टिम सीफर्ट, हेनरी निकोल्स, डेरिल मिचेल, टॉम लाथम (विकेटकीपर), ग्लेन फिलिप्स, मिचेल सैंटनर (कप्तान), नाथन स्मिथ, काइल जैमीसन, जैकब डफी, मैथ्यू फिशर।

# कंबोज बोले- नेशनल टीम के लिए खेलना हर खिलाड़ी का सपना

**हैमिल्टन।** भारतीय टीम के तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज ने कहा है कि राष्ट्रीय टीम का हिस्सा बनना हर खिलाड़ी का सपना होता है। मैं भारतीय क्रिकेट टीम के लिए खेल रहा हूं। यह काफी उत्साहजनक है। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे वनडे से पहले ब्रॉडकास्टर्स से अंशुल कंबोज ने कहा, 'मैंने 13 साल की उम्र में खेलना शुरू किया था। मैं हरियाणा के लिए खेलता हूं। तो यह हरियाणा में भी, जैसा मैं कह सकता हूं, मौसम और विकेट कुछ वैसे ही हैं।' भारतीय टीम के लिए खेलने की खुशी से जुड़े सवाल पर कंबोज ने कहा, 'मैं उत्साहित और बहुत खुश भी हूं, क्योंकि मैं अपनी नेशनल टीम के लिए खेल रहा हूं। अपनी नेशनल टीम के लिए खेलना हर किसी का सपना होता है, इसलिए यह काफी उत्साहजनक है।' कंबोज आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का हिस्सा हैं। इस टीम के साथ उन्हें एमएस धोनी और स्टीफन फ्लेमिंग के साथ काम करने का अवसर पर मिला है। इस पर उन्होंने कहा, 'यह मेरे लिए सीखने का एक अच्छा अनुभव था। मैं अभी भी बहुत कुछ सीख रहा हूं। मैं बस यह पक्का कर रहा हूं कि मैं सही तरीके से सीख रहा हूं। परिणाम के बारे में ज्यादा नहीं सोच रहा हूं, बल्कि इस बात पर फोकस कर रहा हूं कि मुझे क्या करना है और फील्ड पर भी क्या करना है।' कंबोज ने इंडिया ए के साथ खेलने पर मिले अनुभव पर कहा, 'यह बस मौसम के हिसाब से ढलने के बारे में था। विकेट थोड़ा ठंडा था, और मैं बस सही लेंथ और सही एरिया समझना चाहता था जहां मुझे गेंदबाजी करनी है। मैं बस उसी पर फोकस कर रहा हूं। यह विकेट और सिचुएशन के हिसाब से परफेक्ट लाइन और लेंथ के बारे में है।



# शतरंज: मध्य प्रदेश के अनुज बने भारत के 100वें ग्रैंडमास्टर, पीएम मोदी ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के इंटरनेशनल मास्टर अनुज श्रीवात्री ने फिलीपींस में आयोजित 7वीं आसियान प्लस इंडिविजुअल ओपन चेस चैंपियनशिप जीतकर भारत के 100वें ग्रैंडमास्टर बनने का गौरव हासिल किया। वह अपने राज्य से इस प्रतिष्ठित खिताब को पाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अनुज को इस उपलब्धि पर सराहा है।

टूर्नामेंट के पहले दौर में मिली हार के बाद शानदार वापसी करते हुए अनुज ने अपने अंतिम आठ मुकाबलों में सात अंक हासिल कर यह उपलब्धि अपने नाम की। भारतीय शतरंज प्रेमियों को लंबे समय से देश के 100वें ग्रैंडमास्टर का इंतजार था, जबकि मध्य प्रदेश भी अपने राज्य के पहले ग्रैंडमास्टर के मिलने की उम्मीद लगाए बैठा था। ऐसे में यह सफलता बेहद ऐतिहासिक और खास है।

ऑल इंडिया चेस फेडरेशन के अध्यक्ष नितिन नारंग ने अनुज को भारत का 100वां ग्रैंडमास्टर बनने पर बधाई दी है। उन्होंने इस उपलब्धि को भारतीय शतरंज के लिए एक ऐतिहासिक मील का पत्थर और गर्व का क्षण बताया है, साथ ही यह उम्मीद जताई है कि देश जल्द ही 200 ग्रैंडमास्टर के आंकड़े तक पहुंचेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी भारत के 100वें ग्रैंमास्टर को बधाई दी। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, भारत ने शतरंज में शतक लगा दिया है! है न कमाल की बात? अब भारत में शतरंज के 100 ग्रैंडमास्टर हो गए हैं! भारत के 100वें शतरंज ग्रैंडमास्टर बनने पर अनुज श्रीवत्री को बधाई! यह वाकई एक शानदार उपलब्धि है। भारत का 100 ग्रैंडमास्टर तक पहुंचना एक अहम पड़ाव है। यह हमारे खिलाड़ियों की जबरदस्त प्रतिभा, लगन और कड़ी मेहनत को दर्शाता है। इसके साथ ही यह भी दिखाता है कि युवाओं के बीच शतरंज की लोकप्रियता कितनी बढ़ रही है। उन्होने लिखा, यह देखकर बहुत खुशी होती है कि देश के अलग-अलग हिस्सों से युवा शतरंज प्रतिभाएं सामने आ रही हैं और वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना रही हैं।



# सलीमा टेटे संभालेंगी कप्तानी

## महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी: भारतीय टीम का ऐलान



**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने मंगलवार को सलीमा टेटे की कप्तानी में विमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2026 के लिए भारतीय टीम की घोषणा की। टूर्नामेंट का आयोजन 19 से 28 नवंबर तक भोपाल के नाथू बरखेड़ा में नए बने इंटरनेशनल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होगा। मिडफील्डर सलीमा टेटे पिछले महीने जापान में एशियन गेम्स में ऐतिहासिक गोल्ड मेडल जीतने के बाद अपना पहला इंटरनेशनल टूर्नामेंट खेलने वाली भारतीय टीम की कप्तान होंगी। वरिष्ठ गोलकीपर सविता पुनिया, जिन्होंने 2026 एशियन गेम्स में भारत की कप्तानी की थी और भारत को ऐतिहासिक गोल्ड मेडल दिलाया था, टीम का हिस्सा नहीं हैं। उनकी जगह बंसरी सोलंकी और बिचू देवी खारिबाम गोलकीपिंग करेंगी।

मेजबान टीम इस टूर्नामेंट में डिफेंडिंग चैंपियन और तीन बार की विजेता के तौर पर उतरेगी, जिसने 2016, 2023 और 2024 में खिताब जीता है। भारत का मकसद अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखना और एशियन गेम्स में मिली सफलता से मिले आत्मविश्वास को बनाए रखते हुए टाइटल्स की हैट्रिक पूरी करना होगा।

### टूर्नामेंट में चीन, जापान, मलेशिया, थाईलैंड और साउथ कोरिया शामिल होंगे

टूर्नामेंट में भारत के अलावा चीन, जापान, मलेशिया, थाईलैंड और साउथ कोरिया शामिल होंगे। इंडिया की तरह, साउथ कोरिया ने भी विमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी तीन बार जीती है। टूर्नामेंट राउंड-रॉबिन फॉर्मेट में होगा, जिसमें हर टीम दूसरी पांच टीमों से एक बार खेलेगी। लीग स्टेज के आखिर में टॉप चार टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। चीफ कोच शोर्ड मारिन ने कहा, 'यह वह पल है जब मैं दूसरे खिलाड़ियों को इंटरनेशनल स्टेज पर अपना टैलेंट दिखाने का मौका देना चाहता हूं। कुछ प्लेयर्स नॉर्मल पोजीशन से अलग पोजीशन पर खेलेंगे, ताकि मैं देख सकूं कि वे अलग रोल में कैसा परफॉर्म करते हैं। हम घरेलू दर्शकों के सामने खेलने और बेहतर फिनिश करने के लिए उत्साहित हैं। 'पहले दिन एशिया की टॉप रैंक वाली टीम चीन का मुकाबला थाईलैंड से होगा, जबकि भारत उसी दिन ओपनिंग सेरेमनी के बाद मलेशिया के खिलाफ अपने कैंपेन की शुरुआत करेगा।इसके बाद भारतीय महिला टीम का मुकाबला 21 नवंबर को साउथ कोरिया, 22 नवंबर को थाईलैंड, 24 नवंबर को चीन और 25 नवंबर को जापान से होगा।

### भारतीय टीम

**गोलकीपर :** बंसरी सोलंकी, बीचू देवी खारीबाम
**डिफेंडर :** निक्की प्रधान, ज्योति, ज्योति सिंह, सुशीला चानू लालथंतलुआंगी, पूजा साहू
**मिडफील्डर :** रुतुजा दादासो पिसल, सुनीता टोप्पो, सलीमा टेटे (कप्तान), नेहा, साक्षी राणा, बलजीत कौर, इशिका

### देश को गर्व

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा, 'मध्य प्रदेश महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी भोपाल 2026 हमारी टीम के लिए अपनी ऐतिहासिक एशियन गेम्स जीत की लय को आगे बढ़ाने का एक अहम मौका है। मुझे यकीन है कि खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करेंगे और देश को गर्व महसूस कराएंगे।'

# स्टार्क ने उस्मान ख्वाजा के दावों को किया खारिज

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने उस्मान ख्वाजा के उन दावों को खारिज कर दिया कि 2018 में दक्षिण अफ्रीका में केपटाउन टेस्ट के दौरान पूरी ऑस्ट्रेलियाई टीम को सैंडपेपरगेट के बारे में पता था। समर ऑफ द सेंचुरी के लिए कायो स्पोर्ट्स और फॉक्स क्रिकेट के लॉन्च इवेंट में मीडिया से बात करते हुए स्टार्क ने कहा कि वह 2021 में साथी गेंदबाजों पैट कमिंस, जोश हेजलवुड और नाथन लियोन के साथ जारी किए गए संयुक्त बयान पर कायम हैं, जिसमें इस बात से इनकार किया गया था कि गेंदबाजों को मैदान पर सैंडपेपरगेट के बारे में कुछ भी पता था और केप टाउन टेस्ट के दौरान गेंद से छेड़छाड़ की गई थी। सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड के हवाले से स्टार्क ने कहा, 'मुझे लगा कि हम यहां क्रिकेट की गर्मियों के लिए आए हैं। मैंने सच में इस पर (ख्वाजा के दावों की कवरेज) ज्यादा ध्यान नहीं दिया है। जाहिर है, लगभग आठ साल पहले इस पर अलग-अलग राय थी। उस समय से हमें इस प्रक्रिया के बारे में बहुत ज्यादा समझाया गया था। अब, मुझे लगता है, मैं गेंदबाज की तरफ से नहीं बोलूंगा, लेकिन जहां मैं खड़ा हूं, मेरी राय नहीं बदली है। 2021 में हमने जो कहा था, उससे मेरी याददाश्त नहीं बदली है।' ख्वाजा के इस दावे के बारे में पूछे जाने पर कि स्कैंडल के बारे में 'सबको पता था', स्टार्क ने कहा कि वह उस बयान पर कायम हैं जो गेंदबाजों ने 2021 में जारी किया था। उन्होंने कहा, 'यह जाहिर है एक किताब में है। यह किसी को और समझाना है। जहां तक ??हमारे बयान में कहा गया है (2021 में), हमें इस बात की जानकारी नहीं थी कि इसे मैदान पर लिया जा रहा है। मैं इसे यहीं छोड़ता हूं। हमें नहीं पता था कि इसे छेड़छाड़ करने के लिए मैदान पर लिया गया था। हमने इसे केपटाउन में (पहली बार) बड़ी स्क्रीन पर देखा था।



# कैरिक को झटका... क्लब कर रहा विकल्प की तलाश

**नई दिल्ली।** मैनचेस्टर यूनाइटेड के हेड कोच के तौर पर माइकल कैरिक के भविष्य को झटका लग सकता है। प्रीमियर लीग क्लब उनके विकल्प की तलाश कर रहा है। पिछले शनिवार को मैनचेस्टर सिटी पर नॉटिंघम फॉरेस्ट की 3-1 की जीत के बाद रेलीगेशन जोन में जाने के बाद, मैनचेस्टर यूनाइटेड रविवार को एस्टन विला के साथ 4-4 के रोमांचक ड्रॉ के बाद सबसे नीचे के क्लब क्रिस्टल पैलेस से एक पॉइंट ऊपर 18वें स्थान पर है। हालांकि मैन यूनाइटेड इस बात पर जोर दे रहा है कि अभी कोई फैसला नहीं हुआ है। द एथलेटिक की रिपोर्ट के मुताबिक, 'संभावित रिप्लेसमेंट पर काम शुरू हो गया है और 13 दिनों में लिवरपूल का सामना करने के लिए एनफील्ड जाने से पहले बदलाव किया जाएगा।'

रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि कैरिक के भविष्य पर आखिरी फैसला को-ओनर सर जिम रैटक्लिफ और क्लब के मेजोरिटी ओनर्स, ग्लेजर फैमिली से मंजूरी की जरूरत होगी। यूनाइटेड स्टेट्स के हेड कोच मौरिसियो पोचेतीनो के कैंडिडेट्स में काफी नाम आने की उम्मीद है, जबकि न्यूकैसल यूनाइटेड के पूर्व हेड कोच एडी होवे और जर्मनी के पूर्व कोच जूलियन नेगल्समैन कैरिक की जगह लेने की रेस में हैं। पोचेतीनो ने अगस्त में यूएसए कोच के तौर पर अपने अनुबंध को बढ़ाने के लिए साइन किया था। हालांकि, माना जा रहा है कि इस डील में ऐसे क्लॉज हैं जो उन्हें खास हाई-प्रोफाइल जॉब्स के लिए जाने की इजाजत देंगे। कैरिक को मई में दो साल के अनुबंध पर मैनचेस्टर यूनाइटेड का परमानेंट हेड कोच नियुक्त किया गया था। जब वह जनवरी में हेड कोच के तौर पर यूनाइटेड लौटे थे, तब उन्होंने एक सफल अंतरिम चार्ज दिया था।



# लाबुशेन को जल्द वापसी की उम्मीद

**नई दिल्ली।** मार्नस लाबुशेन ने एक साल से ज्यादा समय में दूसरी बार टेस्ट टीम से बाहर किए जाने पर अपनी राय रखी है। उन्होंने कहा कि वह नेशनल टेस्ट टीम में वापस आएंगे। ऑस्ट्रेलियाई टीम में वापसी का उनका रास्ता अपने आप बन जाएगा। लाबुशेन को 17 महीने के अंदर दूसरी बार टेस्ट टीम से बाहर कर दिया गया। मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा है कि लाबुशेन को न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में ऑस्ट्रेलियाई टीम में जगह नहीं मिलेगी। क्रिकेट.कॉम.एयू के हवाले से लाबुशेन ने मंगलवार को कहा, 'एक क्रिकेटर के तौर पर आप काफी जागरूक होते हैं। आप इसे जांच से पीछे हटने और शायद दो साल से दबाव में रहने के मौके के तौर पर इस्तेमाल करते हैं। 'लाबुशेन को उनके खराब फॉर्म की वजह से बाहर किया गया। उनकी खराब फॉर्म का सिलसिला 2023 एशेज से शुरू हुआ था। यह आखिरी सीरीज थी जिसमें उन्होंने सेंचुरी बनाई थी। पिछले साल वेस्टइंडीज के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की तीन टेस्ट मैचों की सीरीज से बाहर होने के बाद से, उन्होंने 10 टेस्ट मैचों की 19 पारियों में दो अर्धशतक लगाए हैं। 32 साल के इस खिलाड़ी ने अपनी पिछली 16 पारियों में कोई अर्धशतक नहीं लगाया है। दाएं हाथ का यह खिलाड़ी घरेलू क्रिकेट में वापसी करेगा और क्वींसलैंड की कप्तानी करेगा, जिसका अगला शेफील्ड शील्ड राउंड बुधवार से शुरू होगा।उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि ऑस्ट्रेलियाई टीम में वापसी का मेरा रास्ता अपने आप बन जाएगा। मैंने पहले भी ऐसा किया है, और मुझे कोई शक नहीं है कि मैं वहां वापस आऊंगा। कब? कौन जानता है, लेकिन यही तो मेरी ख्वाहिश और इच्छा है। अभी, मेरे पैर क्वींसलैंड के साथ मजबूती से जमे हुए हैं और एक कप्तान, बल्लेबाज, फील्ड में और गेंद के साथ मैं जो कुछ भी कर सकता हूं, वह कर रहा हूं ताकि हम मैच जीत सकें।'



## चुनाव आयोग का निर्देश : सेवानिवृत्त अधिकारी भी आचार संहिता के दायरे में

नई दिल्ली, एजेंसी। विधानसभा चुनावों की तैयारियों के बीच चुनाव आयोग ने उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, गोवा और मणिपुर में राज्य सरकारों द्वारा नियुक्त सेवानिवृत्त सरकारी अधिकारियों पर आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के प्रतिबंध लागू कर दिए हैं। इन पांचों राज्यों के मुख्य सचिवों और मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को लिखे पत्र में, चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया कि कार्यरत सरकारी कर्मचारियों पर लागू होने वाली सभी पाबंदियां और रोक, राज्य व केंद्र शासित प्रदेशों की सरकारों द्वारा काम पर रखे गए सेवानिवृत्त अधिकारियों और अन्य व्यक्तियों पर भी लागू होंगी। चुनाव आयोग ने अधिकारियों से किसी भी चुनाव प्रचार या वोट मांगने के काम में हिस्सा न लेने की स्पष्ट अपेक्षा की है। उन्हें विशेष रूप से यह ध्यान रखने को कहा गया है कि वे किसी एक व्यक्ति, राजनीतिक दल या समूह की मदद करने के लिए अपने नाम, आधिकारिक पद या अधिकार का दुरुपयोग न करें। चुनाव आयोग ने याद दिलाया कि आदर्श आचार संहिता के नियम उन सभी संगठनों, समितियों, निगमों और आयोगों पर लागू होते हैं जिन्हें सरकार से पूरी या आंशिक फंडिंग मिलती है, और ये नियम उनके कर्मचारियों पर भी प्रभावी होते हैं। इसके अतिरिक्त, राज्यों में लागू आचरण नियम पहले से ही सरकारी कर्मचारियों को राजनीतिक गतिविधियों और चुनावों में भाग लेने से रोकते हैं। आयोग के वरिष्ठ अधिकारी लगातार चुनाव की तैयारियों की समीक्षा कर रहे हैं। माना जा रहा है कि आयोग जल्द ही इन राज्यों में विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा कर सकता है, जैसा कि 2022 में 8 जनवरी के आसपास हुआ था।

## राष्ट्रीय महिला आयोग को मिलीं सालाना लाखों शिकायतें : घरेलू हिंसा शीर्ष पर

नई दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) को हर साल करीब 1.5 लाख शिकायतें मिलती हैं, जिसमें घरेलू हिंसा से जुड़े मामले सर्वाधिक होते हैं। यह जानकारी महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने दी। उन्होंने बताया कि महिलाएं आयोग के ऑनलाइन पोर्टल, प्रबंधन सूचना प्रणाली (एमआईएस), ईमेल, व्यक्तिगत रूप से या 24 घंटे की हेल्पलाइन के जरिए अपनी शिकायत दर्ज करा सकती हैं। महिला आयोग की अध्यक्ष रहाटकर ने बताया कि किसी भी महिला को शिकायत का तरीका न पता होने के कारण एनसीडब्ल्यू से संपर्क करने में कोई कठिनाई महसूस नहीं होनी चाहिए। आयोग की जनसंपर्क पहल राष्ट्रीय महिला आयोग आपके द्वार का जिक्र कर रहाटकर ने बताया कि इसके तहत आयोग विभिन्न राज्यों में जनसुनवाई करता है। इसका उद्देश्य उन महिलाओं तक पहुंचना है जिन्हें आयोग तक आने में मुश्किल होती है। उन्होंने कहा, हम लोगों ने तय किया है कि अगर ये महिलाएं हमारे पास नहीं आ सकतीं, तब हम उनके पास जाएंगे। अध्यक्ष का पद संभालने के बाद पिछले डेढ़ साल में देशभर में 200 से अधिक प्रत्यक्ष जनसुनवाई आयोजित की गई हैं। रहाटकर ने देशभर की महिलाओं से कहा है कि राष्ट्रीय महिला आयोग उन्हें अपने मायके जैसा लगना चाहिए, जहाँ संपर्क करने में किसी तरह का डर या झिझक न हो।

## मैंगलोर पादरी पर नाबालिगों से यौन शोषण का दूसरा केस दर्ज

मंगलुरु, एजेंसी। कर्नाटक के मंगलुरु में 65 वर्षीय कैथोलिक पादरी साइप्रियन पिंटो पर नाबालिग लड़के के यौन शोषण के आरोप में दूसरा मामला दर्ज हुआ है। पुलिस ने बताया कि पादरी के खिलाफ यह शिकायत 13 वर्षीय लड़के के साथ कथित यौन उत्पीड़न को लेकर मंगलुरु महिला पुलिस थाने में दर्ज हुई है। शिकायत के मुताबिक, परमन्नूर गांव निवासी यह लड़का एक गिरिजाघर में रविवार की प्रार्थना में शामिल होता था और कथित घटना उसी दौरान हुई जब वह चर्च से जुड़ा हुआ था। पादरी साइप्रियन पिंटो पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 75(2) (यौन उत्पीड़न) और पॉक्सो अधिनियम की धारा आठ और 12 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# दिल्ली को दिवाली पर बड़ा तोहफा: सीएम रेखा गुप्ता ने शुरू की 'नमो यमुना रिवर सफारी', सोनिया विहार से जगतपुर तक चलेगा क्रूज

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली सरकार ने दिवाली के मौके पर राजधानी के लोगों को बड़ा तोहफा दिया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को पूर्वी दिल्ली के सोनिया विहार में 'नमो यमुना रिवर सफारी' सेवा का शुभारंभ किया। सोनिया विहार से जगतपुर स्थित शनि मंदिर तक चलने वाली इस क्रूज सेवा का आनंद लोग आज से ही उठा सकेंगे। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिवाली पर राजधानीवासियों को तोहफा देते हुए सोनिया विहार से जगतपुर के बीच 'नमो यमुना रिवर सफारी' क्रूज सेवा की शुरूआत की है, जिसमें 500 रुपये के किराए में 35 से 45 मिनट की सैर कराई जाएगी। दूसरी तरफ, आम आदमी पार्टी के दिल्ली अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने इस सफारी को यमुना सफाई का भ्रम फैलाने वाला कदम बताते हुए प्रदूषण के मुद्दे पर सरकार को घेरा है।




मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पूर्वी दिल्ली के सोनिया विहार में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान 'नमो यमुना रिवर सफारी' का उद्घाटन किया और उपस्थित लोगों को संबोधित किया। उन्होंने इसे पवित्र यमुना नदी पर एक विशेष पहल बताते हुए कहा कि यह मां यमुना के प्रति गहरी आस्था का प्रतीक है और दिल्लीवासियों के लिए एक नया अनुभव होगा। इस सफारी में लाइट एंड साउंड शो और अन्य मनोरंजक गतिविधियां भी शामिल हैं। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री सवानंद सोनवाल, पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा, कपिल मिश्रा, मनजिंदर सिंह सिरसा, मनोज तिवारी और केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा मौजूद रहे। केंद्रीय मंत्री सोनवाल ने कहा कि विपक्षी पार्टियों ने दुष्प्रचार किया था कि गंगा में क्रूज नहीं चलेगा, लेकिन मोदी सरकार ने इसे करके दिखाया।

प्रस्तावित योजना के मुताबिक, इस जलमार्ग पर 30 यात्रियों की क्षमता वाला क्रूज संचालित किया जाएगा। यह क्रूज सोनिया विहार से शुरू होकर जगतपुर स्थित शनि मंदिर तक जाएगा और यात्रा पूरी होने के बाद यात्रियों को वापस शुरूआती स्थान पर लेकर आएगा। एक तरफ से दूसरी तरफ पहुंचने और वापस लौटने में कुल 35 से 45 मिनट का समय लगेगा। पूरी यात्रा का किराया 500 रुपये तय किया गया है, जबकि परिसर में प्रवेश शुल्क 50 रुपये होगा।

'नमो यमुना रिवर सफारी' के लॉन्च और दिल्ली के वायु प्रदूषण पर आम आदमी पार्टी के दिल्ली अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने तीखा हमला बोला है। भारद्वाज ने आरोप लगाया कि सरकार मौजूदा नौका विहार को यमुना की सफाई का आभास देने के लिए बड़ी उपलब्धि के तौर पर पेश कर रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि न तो दिल्ली की हवा साफ हुई है और न ही यमुना नदी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि वायु गुणवत्ता सूचकांक निगरानी स्टेशन बंद कर दिए गए हैं और सड़कों पर पानी का छिड़काव वास्तविक समस्या का समाधान नहीं है। सौरभ भारद्वाज ने केंद्र सरकार की 'सफर' वेबसाइट के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि दिवाली से एक दिन पहले दिल्ली के प्रदूषण में पराली जलाने का योगदान केवल 5 फीसदी था, जबकि दिवाली के दिन यह शून्य फीसदी रहा। उन्होंने बताया कि ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि पंजाब से हवाएं पाकिस्तान की ओर चल रही थीं। भारद्वाज ने दिवाली के प्रदूषण के लिए पराली को जिम्मेदार ठहराने को पूरी तरह भ्रामक बताया और आरोप लगाया कि दिल्ली सरकार पटाखा उद्योग को बचाने के लिए किसानों को दोषी ठहरा रही है।

**दिल्ली में छठ महापर्व पर बड़ा ऐलान: 16 नवंबर को सरकारी अवकाश घोषित, प्रशासनिक दफ्तर और उपक्रम रहेंगे बंद**

राजधानी दिल्ली में लोक आस्था के महापर्व 'छठ' को लेकर 16 नवंबर को सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया गया है. दिल्ली सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, इस वर्ष 16 नवंबर (सोमवार) को छठ पूजा (सूर्य षष्ठी) के अवसर पर सार्वजनिक एवं सरकारी अवकाश घोषित किया गया है. सरकार की ओर से जारी आदेश के मुताबिक, यह अवकाश दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सरकार के अधीन आने वाले सभी सरकारी कार्यालयों, स्वायत्त निकायों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों पर पूरी तरह लागू होगा. 16 नवंबर को इन सभी संस्थानों में कामकाज पूरी तरह बंद रहेगा, ताकि कर्मचारी और अधिकारी इस बड़े लोक पर्व को पूरी श्रद्धा, उल्लास और परिवार के साथ बिना किसी रुकावट के मना सकें. दिल्ली के उपराज्यपाल के आदेशानुसार और उनके नाम पर जारी इस अधिसूचना की प्रतियां दिल्ली के सभी प्रमुख विभागों को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेज दी गई हैं.

## समाज को तोड़ने वाली ताकतों से रहें सावधान-होसबाले

**मथुरा , एजेंसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा है कि वर्तमान में समाज को तोड़ने वाली और आपसी नफरत की भावना को बढ़ाने वाली ताकतों से सतर्क रहने की आवश्यकता है। समाज को इस प्रकार के विखंडन से बचाने के लिए एक सकारात्मक एवं संगठित शक्ति का होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि भारत का यह दायित्व है कि वह ऐसा अनुकरणीय जीवन जीकर पूरे विश्व के सामने एक मिसाल पेश करे, जिससे संपूर्ण मानवता मार्गदर्शन प्राप्त कर सके। तभी भारत विश्व गुरु कहाएगा। देश को कोई वैश्विक संगठन विश्व गुरु की उपाधि नहीं देगा। देशवासियों के आचरण और व्यवहार से वह विश्वगुरु कहा जाएगा। वृंदावन के केशव धाम में अन्नकूट प्रसादम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के दौरान परिसर के सभागार में उन्होंने विद्यार्थियों और उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए समाज में एकता,



समरसता और शिक्षा के महत्व पर अपने विचार साझा किए। सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि केशव धाम से शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं अपने जीवन में सार्थक भूमिका निभाएं। उन्होंने आज के समय में सामाजिक समरसता की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। समारोह के मुख्य आकर्षणों में केशव धाम में अध्ययनरत प्रतिभावान और मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान रहा। उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए इन विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिससे उनका उत्साहवर्धन हुआ। सभागार के मुख्य कार्यक्रम के उपरांत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने केशव धाम परिसर में ही गोबर से निर्मित गोवर्धन महाराज (गिरिराज जी) की प्रतिमा की विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना की और प्रदेश व देश की सुख-समृद्धि की कामना की।

# दुनिया के 50 सबसे प्रदूषित शहरों में 49 भारत के, भोपाल-उज्जैन में अदक400 पार; सुप्रीम कोर्ट सख्त

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
भारत में वायु प्रदूषण की समस्या अब लगातार गंभीर होती जा रही है। सर्दियों की शुरूआत के साथ कई शहरों में हवा बिगड़ने लगी है। इसका असर लोगों की सेहत और रोजमर्रा की जिंदगी पर दिख रहा है। 10 नवंबर 2026 की सुबह सामने आए आंकड़े चिंता बढ़ाने वाले हैं। अदक्रल्ल की वैश्विक रैंकिंग में भारत के 49 शहर शामिल हुए। दुनिया के 50 सबसे प्रदूषित शहरों में केवल एक शहर पाकिस्तान का है। इस रैंकिंग में राजस्थान का श्रीगंगानगर सबसे ऊपर दर्ज किया गया। यहां सुबह 9:54 बजे एयर क्वालिटी इंडेक्स 821 रिकॉर्ड हुआ। पाकिस्तान का लाहौर इस सूची में 14वें स्थान पर रहा। वहां अदक का आंकड़ा 430 दर्ज किया गया था। हालांकि, ये आंकड़े अदक्रल्ल की वैश्विक रैंकिंग से संबंधित हैं। इन्हें उढउइ के राष्ट्रीय अदक आंकड़ों से सीधे नहीं मिलाना चाहिए। दोनों प्लेटफॉर्म की गणना और रैंकिंग पद्धति अलग हो सकती है।

दिवाली के बाद राजधानी दिल्ली में प्रदूषण का स्तर लगातार ऊंचा बना हुआ है। पटाखों से निकले धुएं ने हवा की गुणवत्ता को प्रभावित किया है। मंगलवार



सुबह कई इलाकों में प्रदूषण का स्तर काफी ज्यादा दर्ज हुआ। उढउइ के सुबह छह बजे के आंकड़ों के मुताबिक, चांदनी चौक में अदक 400 रहा। पूसा में भी अदक398 तक पहुंच गया था। कई दूसरे इलाकों में भी हवा बहुत खराब श्रेणी में दर्ज हुई। दिल्ली का समग्र अदक सुबह लगभग 311 दर्ज किया गया था। इसका मतलब है कि राजधानी की हवा बहुत खराब श्रेणी में बनी हुई थी। प्रदूषण के कारण सुबह की सैर करने वाले लोगों की चिंता बढ़ी। बच्चों, बुजुर्गों और सांस के मरीजों को ज्यादा सावधानी बरतनी चाहिए। मध्य प्रदेश में भी दिवाली के बाद प्रदूषण का असर साफ दिखाई दिया। प्रदेश के कई बड़े शहरों में हवा की गुणवत्ता तेजी से बिगड़ी। मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार स्थिति चिंताजनक रही। उज्जैन में अदक412 दर्ज किया गया, जो गंभीर श्रेणी में आता है। भोपाल के टीटी नगर निगरानी केंद्र पर अदक 404 रहा। इस तरह दोनों शहरों में प्रदूषण गंभीर स्तर तक पहुंच गया। इंदौर में एक्यूआई 386 दर्ज हुआ, जबकि ग्वालियर में 377 रहा। जबलपुर के मरहाताल क्षेत्र में अदक345 तक पहुंच गया। मंडीदीप और देवास में भी हवा बहुत खराब श्रेणी में रही। इन आंकड़ों से पता चलता है कि प्रदूषण केवल राजधानी तक सीमित नहीं है। दिवाली की आतिशबाजी के बाद कई शहरों की हवा प्रभावित हुई। उत्तर प्रदेश के कई शहरों में भी प्रदूषण का स्तर ऊंचा बना हुआ है। नोएडा, गाजियाबाद और बुलंदशहर जैसे शहरों में चिंता बढ़ी है। अलग-अलग निगरानी केंद्रों के आंकड़ों में काफी अंतर भी दिखाई देता है। इसलिए किसी शहर का अदक देखते समय समय और स्थान समझना जरूरी है। CPCB के आधिकारिक पोर्टल पर शहरवार और स्टेशनवार आंकड़े उपलब्ध रहते हैं।

# बांग्लादेश में खसरे ने मचाई तबाही: 2.4 लाख संदिग्ध मरीज, 1284 की मौत

**ढ़ाका, एजेंसी।**
बांग्लादेश में खसरे के संक्रमण से अब तक 1,284 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और 2.4 लाख से ज्यादा संदिग्ध मामले सामने आए हैं, जिससे पूरे देश में हाहाकार मचा हुआ है। इस स्वास्थ्य संकट के बीच स्वास्थ्य मंत्री सरदार मोहम्मद सखावत हुसैन ने इसे अपनी व्यक्तिगत नाकामी बताते हुए खुद को फांसी देने की बात कही है, जबकि प्रधानमंत्री तारिक रहमान की सरकार ने इसके लिए तत्कालीन मोहम्मद यूनुस प्रशासन पर ठीक से टीकाकरण न कराने का आरोप लगाया है। बांग्लादेशी समाचार पत्रों 'कालेर कंठो' और 'बांग्लादेश प्रतिदिन' के मुताबिक, पत्रकारों से बातचीत में स्वास्थ्य मंत्री



सरदार मोहम्मद सखावत हुसैन ने इन मौतों की नैतिक और प्रशासनिक जिम्मेदारी खुद ली है। उन्होंने भावुक होते हुए कहा, 'ये मेरी जिम्मेदारी है। मुझे फांसी दे दो। ये मेरी नाकामी है। लेकिन मैंने पूरी कोशिश की है। ये मेरी सरकार की नाकामी नहीं है।' उनके इस बयान के बाद से ही देश के राजनीतिक गलियारों में हलचल काफी तेज हो गई है।

स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के ताजा आंकड़ों के अनुसार, 9 नवंबर को खत्म हुए 24 घंटों में 2 और संभावित मौतों के साथ कुल मृतकों का आंकड़ा 1,284 तक पहुंच गया है। इनमें से 105 मौतों की पुष्टि लैब जांच में हुई है, जबकि 1,179 संदिग्ध मामले हैं। पूरे देश में अब तक खसरे के 2.4 लाख से ज्यादा संदिग्ध मामले दर्ज किए जा चुके हैं, जिनमें से 24,523 मामलों की पुष्टि लैब टेस्ट के जरिए हुई है। सरकार ने अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के सहयोग से इमरजेंसी वैक्सीनेशन अभियान शुरू किया है, लेकिन संक्रमण और मौतों का सिलसिला थम नहीं रहा है। दूसरी तरफ, प्रधानमंत्री तारिक रहमान के नेतृत्व वाली बीएनपी सरकार ने इस भयावह संकट के लिए पूर्व अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस को जिम्मेदार ठहराया है। 'द डेली स्टार' के मुताबिक, स्वास्थ्य राज्य मंत्री एमए मुहित ने कहा कि यूनुस प्रशासन की लापरवाही के कारण ही राष्ट्रीय स्तर पर समय पर टीकाकरण अभियान नहीं चलाया जा सका और इमरजेंसी स्टॉक खत्म हो गया। मुहित ने बताया कि जांच में सामने आया है कि 2024 के आखिर या 2025 की शुरूआत में होने वाला राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान तत्कालीन सरकार ने नहीं कराया था, और मंत्रालय में इमरजेंसी वैक्सीन स्टॉक तक मौजूद नहीं था। देश में 2020 के बाद से बड़े पैमाने पर वैक्सीनेशन नहीं हो पाया था। स्वास्थ्य राज्य मंत्री एमए मुहित ने भारत से टीकों की सप्लाई को लेकर किए जा रहे दावों को भी खारिज किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल 8 प्रतिशत टीके ही भारत से आए हैं, जबकि बाकी टीके जर्मनी, जापान, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, दक्षिण कोरिया और इंडोनेशिया से मंगाए गए हैं। इन सभी टीकों की जांच विश्व स्वास्थ्य संगठन ने की है और इन्हें यूनिसेफ द्वारा मुहैया कराया गया है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि इस बीमारी से संक्रमित होने वाले ज्यादातर बच्चे छह महीने से कम उम्र के हैं और उन्हें टीके नहीं लगे थे।

# ट्रम्प बोले- ईरान से जंग लगभग खत्म, फिलहाल हमले नहीं करेगा अमेरिका; होर्मुज खोलने पर ईरान ने रखी शर्त

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के साथ युद्ध लगभग खत्म होने का दावा किया है। अमेरिका फिलहाल बड़े हमले रोकने के संकेत दे रहा है, लेकिन सेना अलर्ट रहेगी। दूसरी तरफ ईरान ने युद्ध खत्म करने की शर्त पर 48 घंटे में होर्मुज जलडमरूमध्य खोलने की पेशकश की है। अमेरिका और ईरान के बीच पिछले आठ महीनों से जारी युद्ध अब नए मोड़ पर पहुंच गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार, 9 नवंबर को युद्ध को लगभग खत्म बताया। उन्होंने कहा कि फिलहाल अमेरिका अपनी मौजूदा सैन्य रणनीति जारी रखेगा। हालांकि, जरूरत पड़ने पर अमेरिकी सेना किसी भी कार्रवाई के लिए तैयार रहेगी। ट्रम्प का यह बयान ऐसे समय आया है, जब दोनों देशों के बीच बातचीत जारी



है। कतर भी दोनों देशों के बीच तनाव कम कराने की कोशिश कर रहा है। इसी सिलसिले में ट्रम्प ने कतर के प्रधानमंत्री से मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत की। ट्रम्प ने साफ किया कि अमेरिका फिलहाल बड़े सैन्य हमले करने की तैयारी नहीं कर रहा है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि सैन्य कार्रवाई का विकल्प पूरी तरह खत्म हो गया है। अमेरिका ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर अब भी अपनी चिंताएं जाहिर कर रहा है। उसका कहना है कि ईरान को परमाणु हथियार बनाने से रोकना जरूरी है।

डोनाल्ड ट्रम्प ने व्हाइट हाउस के ब्रीफिंग रूम में पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि सैन्य तौर पर ईरान का मामला लगभग खत्म हो चुका है। ट्रम्प के मुताबिक ईरान की सैन्य ताकत को भारी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने ईरान की नौसेना और वायुसेना को भी कमजोर बताया। हालांकि, ये अमेरिकी राष्ट्रपति के अपने दावे हैं। इन दावों की पूरी स्वतंत्र पुष्टि सार्वजनिक जानकारी से नहीं हुई है। ट्रम्प ने यह भी कहा कि अमेरिका अपनी सैन्य तैयारी बनाए रखेगा। अगर हालात बदले तो अमेरिकी सेना तुरंत कार्रवाई कर सकती है। राष्ट्रपति ने परमाणु समझौते को लेकर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल नहीं करने दिए जाएंगे। अमेरिका किसी ऐसे समझौते को स्वीकार करना चाहता है, जो लंबे समय तक प्रभावी रहे। फिलहाल दोनों देशों के बीच इसी मुद्दे पर बातचीत की कोशिश जारी है। ट्रम्प ने कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी से मुलाकात की। इस बैठक में ईरान के साथ जारी संघर्ष और संभावित समझौते पर चर्चा हुई। कतर लंबे समय से दोनों देशों के बीच बातचीत का रास्ता बनाने में लगा है। ट्रम्प ने कहा कि कतर समेत कई खाड़ी देश मौजूदा स्थिति बनाए रखने के पक्ष में हैं। इनमें सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन और कुवैत भी शामिल हैं। ये देश क्षेत्र में बड़े सैन्य टकराव को रोकना चाहते हैं। इसलिए अमेरिका फिलहाल बड़े हमले करने से बचने की कोशिश करेगा। हालांकि, अमेरिका ने ईरान के बंदरगाहों पर नौसैनिक नाकेबंदी जारी रखने का फैसला किया है। इसका मतलब है कि दोनों देशों के बीच तनाव अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। कूटनीतिक बातचीत के बावजूद सैन्य दबाव बनाए रखने की रणनीति जारी है। युद्ध के बीच अमेरिकी सेना ने ईरान के खिलाफ सीमित सैन्य कार्रवाई भी की है।

# सोनिया की किताब पर रॉबर्ट वाड्रा: मुझे उन पर गर्व है

**नई दिल्ली, एजेंसी ।** कांग्रेस पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी की किताब बिलॉन्गिंग- ए जर्नी ऑफ लव को लेकर सियासी गलियारों में काफी चर्चा है। इस किताब पर उनके दामाद रॉबर्ट वाड्रा का बयान सामने आया है, जिसमें उन्होंने अपनी सास के प्रति गहरा सम्मान और गर्व व्यक्त किया है। सोनिया गांधी के दामाद वाड्रा ने कहा कि उन्हें सोनिया गांधी और उनके जीवन के सफर पर बहुत गर्व है, जिसमें उन्होंने प्यार, साहस, हिम्मत और मजबूती की एक असाधारण मिसाल बताया। उन्होंने जोर दिया कि सोनिया गांधी ने जीवन में बहुत कुछ झेला है, फिर भी वे पूरी गरिमा और दृढ़ विश्वास के साथ मजबूती से खड़ी हैं, और उनकी कहानी से हर महिला प्रेरणा ले सकती है। रॉबर्ट वाड्रा के अनुसार, यह किताब एक गहरे प्यार की कहानी है, जिसने भारत के लिए सोनिया गांधी के समर्पण और लगन को आकार दिया है। उन्होंने बताया कि भले ही उन्हें अभी तक यह किताब पढ़ने का मौका नहीं मिला है, लेकिन उन्हें विश्वास है कि इसमें सोनिया गांधी के जीवन, अनुभवों और विचारों को लेकर बहुत गहरी और ईमानदार बातें साझा की गई हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के जीजा वाड्रा ने लोगों से आग्रह किया कि वे इस किताब को पढ़ें और सोनिया गांधी के अपने शब्दों और उनकी तरफ से साझा की गई कहानी के आधार पर अपनी राय बनाएं।

किताब में सोनिया गांधी ने कई निजी पल साझा किए हैं, जिसमें उन्होंने अपने पति राजीव गांधी से जुड़ी घटनाओं का जिक्र किया। उन्होंने लिखा है कि इंदिरा गांधी की हत्या वाले दिन राजीव ने उन्हें बताया था कि वे प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने वाले हैं। यह सुनते ही सोनिया को ऐसा लगा था जैसे किसी ने उनके दिल में छुरा घोंप दिया हो, क्योंकि उन्हें राजीव की चिंता होने लगी थी। राजीव गांधी ने बताया था कि लोग उन्हें भी मार देने वाले है। किताब में 31 अक्टूबर 1984 के उस दुखद दिन का भी वर्णन है, जब इंदिरा गांधी की उनके ही अंगरक्षकों ने हत्या कर दी थी। सोनिया गांधी ने लिखा कि वे घर के बगल वाले दफ्तर के लिए अपनी सास के निकलने के बाद नहाने ही वाली थीं कि उन्हें धमाकों जैसी आवाजें सुनाई दीं, जिससे वे ठिठक गईं।



## अनुपम खेर संगीत के जादूगर स्टीवी वंडर से मिलकर हुए भावुक

मुंबई। दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर को स्वीडन के स्टॉकहोम में स्टीवी वंडर के कॉन्सर्ट के बाद बैकस्टेज में उनसे मिलने का खास मौका मिला। यह कॉन्सर्ट वंडर के 50वीं सालगिरह दौरे का हिस्सा था। वंडर से मिलकर अनुपम सचमुच भावुक हो उठे और उन्होंने अपनी खुशी और तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा कीं। अनुपम ने की वंडर के संगीत और मानवीय कार्यों की सराहना अनुपम ने इस अनुभव को यादगार बताया। उन्होंने कहा, स्टीवी वंडर ने एक के बाद एक गाने गाकर हर सुर से पूरे एरिना को जैसे जादू से भर दिया था। अनुपम ने वंडर की दयालुता की भी खुलकर तारीफ की।

लाइफ Style

## दीपिका

### 'किंग' में शाहरुख संग गाने से मचाएंगी धमाल

शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण आगामी फिल्म 'किंग' के लिए फिर साथ आएंगे। क्रिसमस, 2026 पर इसकी रिलीज से पहले, दोनों कलाकार एक गाने की शूटिंग साथ करने वाले हैं। इसे कोरियोग्राफ करने की जिम्मेदारी कथित तौर पर वैभवी मर्चेंट ने उठाई है।

बताया जा रहा है कि निर्माताओं ने इस सीक्वेंस के लिए तैयारियां जोर-शोर से शुरू कर दी हैं। गाने की शूटिंग के लिए 26 अक्टूबर का दिन चुना गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, इस गाने में फिल्म की पूरी कास्ट के शामिल होने की उम्मीद है। निर्माताओं ने इसके लिए मुंबई में तैयारी शुरू कर दी है। हालांकि, गाने का शीर्षक, म्यूजिक कंपोजर और दूसरे क्रिएटिव कोलेबोरेटर्स के बारे में जानकारी अभी सामने नहीं आई है। कहा जा रहा है कि इसकी कोरियोग्राफी वैभवी करेंगी। पहले भी फिल्म के सेट से शाहरुख और दीपिका के कुछ क्लिप सामने आए थे, जिनमें दोनों गाने की शूटिंग कर रहे थे। 'किंग' इस साल की बहुप्रतीक्षित एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्माण शाहरुख के रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के बैनर तले किया गया है। इसके निर्देशन की जिम्मेदारी सिद्धार्थ आनंद ने उठाई है। 2023 में आई 'पठान' और 'जवान' के बाद, शाहरुख इस फिल्म में एक बार फिर एक्शन का तड़का लगाते दिखेंगे। फिल्म में सुहाना खान, अभिषेक बच्चन, रानी मुखर्जी, जयदीप अहलावत और अरशद वारसी समेत कई सितारे अहम किरदारों में नजर आएंगे। यह 24 दिसंबर, 2026 को सिनेमाघरों में आएगी।




## हॉलीवुड मसाला




### 'टॉम एंड जेरी' की धमाकेदार वापसी...

लॉस एंजिल्स। टॉम और जेरी एक नए एडवेंचर पर निकल रहे हैं। उनकी फिल्म 'टॉम एंड जेरीः फॉरबिडन कंपास' 23 अक्टूबर, 2026 को भारत के सिनेमाघरों में आ रही है। इस बार वे पूर्वी पौराणिक कथाओं से प्रेरित एक पुरानी दुनिया की खोज करेंगे। खास बात यह है कि पहली बार ये दोनों 3डी सीजीआई में पूरी तरह एनिमेटेड दिखेंगे। इस फिल्म का निर्देशन गैंग झांग ने किया है, जो उनकी पुरानी भाग-दौड़ को एक नया अंदाज देंगी। भारत में 50 से ज्यादा सिनेमाघरों में रिलीज होगी फिल्म यह फिल्म कई देशों के स्टूडियो की मेहनत का नतीजा है।




## 'द ब्रैडी बंच' के अभिनेता माइकल ग्रे का हुआ निधन

लॉस एंजिल्स। मशहूर 'शजाम' सीरीज में बिली बैटसन का यादगार किरदार निभाने वाले माइकल ग्रे का 75 साल की उम्र में निधन हो गया है। उनकी मौत प्राकृतिक कारणों से हुई। उनका निधन 16 अक्टूबर को कैलिफोर्निया के पाम डेजर्ट में हुआ। उन्होंने अपने पीछे एक ऐसी विरासत छोड़ी है, जो आज भी पुराने और नए दोनों तरह के फैंस से जुड़ी हुई है। माइकल ने सबसे पहले टीवी पर 'रूम 222' और 'द फ्लाइंग नन' जैसे शोज में काम करके अपनी पहचान बनाई, लेकिन उन्हें असली शोहरत 'शजाम' में बिली का किरदार निभाकर मिली, जो कैप्टन मार्वल में बदल सकते थे। हालांकि, बाद में उन्होंने हॉलीवुड से दूसरी बना ली थी। उन्होंने 'शजाम फ्यूरी ऑफ द गॉड्स' (2023) में एक छोटा लेकिन यादगार भूमिका भी की थी, जिससे पता चलता है कि उनकी कहानी आज भी लोगों के दिलों में है।



## 'तनु वेड्स मनु-3' में नहीं दिखेंगी कंगना

मुंबई। कंगना रनौत और आर माधवन की लोकप्रिय फिल्म 'तनु वेड्स मनु' तीसरी कड़ी के साथ वापसी करने जा रही है। करीब एक दशक से ज्यादा समय बाद निर्माता 'तनु वेड्स मनुः द नेक्स्ट चैप्टर' लेकर आ रहे हैं। कुछ समय पहले ही फिल्म का ऐलान किया गया था, जिसके बाद से फैंस इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हालांकि, इस बार कहानी पुराने किरदारों को आगे बढ़ाने के बजाय एक नए अध्याय के रूप में पेश की जाएगी। निर्देशक मिताक्षरा 'तनु वेड्स मनु 3' पर काम कर रही हैं। बताया जा रहा है कि इस रोमांटिक कॉमेडी में कंगना और माधवन के किरदारों की कहानी आगे नहीं बढ़ेगी। इसके बजाय फिल्म में नई और युवा कलाकारों की टोली नजर आएगी। 'मिड-डे' से बातचीत में मिताक्षरा ने कहा, हम एक नई और युवा कास्ट के साथ आ रहे हैं।



## श्रेयस व सुभाष ने 20 साल बाद मिलाया हाथ

मुंबई। श्रेयस तलपड़े और दिग्गज फिल्मकार सुभाष घई नई फिल्म 'मान्या' के लिए साथ आए हैं। सिनेमा में 50 साल पूरे करने के उपलक्ष्य में, घई ने ऐलान किया है कि उनका प्रोडक्शन हाउस, मुक्ता आर्ट्स श्रेयस के साथ फिर से काम कर रहा है। यह परियोजना 20 साल बाद उनकी वापसी का प्रतीक होगी। इससे पहले, श्रेयस और घई ने 2005 में आई फिल्म 'इकबाल' में काम किया था। इसमें अभिनेता एक उभरते हुए क्रिकेटर के किरदार में दिखे थे। घई ने श्रेयस के साथ काम करने पर कहा, इस फ़िल्म के लिए श्रेयस तलपड़े के साथ काम करना एक शानदार अनुभव रहा है। वह एक बहुत ही वर्सेटाइल एक्टर हैं जिन्होंने 'इकबाल', 'अपना सपना मनी मनी' (2006) और 'गोलमाल अगेन' (2017) जैसी फिल्में के जरिए अपनी रेंज दिखाई है।

## टीवी मसाला



### कपिल शर्मा के निशाने पर आए 'पहला प्यार दूसरी बार' के नए कपल्स

मुंबई। लव रंजन की 'पहला प्यार दूसरी बार' सिनेमाघरों में दर्शकों का दिल जीत रही है, वहीं फिल्म की लीड स्टार कास्ट को कपिल शर्मा के शो में उनके खास मजाकिया अंदाज और हाजिरजवाबी का सामना करना पड़ा। अनुज सैनी के डायरेक्शन और लव रंजन के प्रोडक्शन में बनी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'पहला प्यार दूसरी बार' आज सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है।

## मधुबाला और मीना कुमारी की बायोपिक पर रोक, क्या है दोनों फिल्मों में देरी की वजह?

मुंबई। मधुबाला और मीना कुमारी बॉलीवुड के वो नाम हैं, जो किसी परिचय के मोहताज नहीं। इन दोनों दिग्गज अभिनेत्रियों पर 2 बायोपिक बनाई जा रही हैं। हालांकि, खबरों के मुताबिक, अभी उन्हें रोक दिया गया है। फिल्मफेयर के मुताबिक, दोनों फिल्मों में देरी हो रही है और अभी ये स्पष्ट नहीं है कि ये कब आगे बढ़ेंगी। लंबे समय से इन फिल्मों की चर्चा चल रही है, लेकिन इनके निर्माण की दिशा में खास कदम नहीं उठाए गए हैं।



### मधुबाला में भी हो रही देरी

खबरों के मुताबिक, मधुबाला की बायोपिक में उनका किरदार सारा अर्जुन निभाने वाली हैं। इस फिल्म का निर्देशन जसमीत के रीन करने वाले हैं और संजय लीला भंसाली इस प्रोजेक्ट को सपोर्ट कर रहे हैं। शुरुआत में इस फिल्म को बजट से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ा, लेकिन भंसाली के जुड़ने के बाद काम ने रफ्तार पकड़ ली थी। हालांकि, इसके आगे की प्रगति के बारे में कोई जानकारी नहीं है। फिलहाल, दोनों फिल्में होल्ड पर हैं।

### क्यों हो रही है इन फिल्मों की शूटिंग में देरी?

अब तक निर्माताओं ने इस बारे में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी है कि इन फिल्मों की शूटिंग कब शुरू हो सकती है। मीना कुमारी की बायोपिक से फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा बतौर निर्देशक अपना सफर शुरू करने वाले थे और खबर थी कि इसमें कृति सेनन मुख्य भूमिका निभाएंगी। हालांकि, मनीष के फिल्म से अलग होने के बाद मुख्य भूमिका के लिए कियारा आडवाणी का नाम चर्चा में आया। हालांकि, इसकी कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।

## प्रियंका के जाते ही विद्या ने संभाली कमान 19 साल बाद सैफ से मिलाया हाथ

मुंबई। सैफ अली खान अपनी 'परिणीता' सह-कलाकार विद्या बालन संग रितेश बत्रा की फिल्म में नजर आएंगे। मुंबई में शूटिंग कर रही ये जोड़ी 19 साल बाद साथ आई है। पहले इस रोल में प्रियंका चोपड़ा नजर आने वाली थीं, लेकिन उनके अलग होने के बाद विद्या बालन की एंट्री हुई। भले ही सैफ-विद्या की आखिरी फिल्म 2007 में 'एकलव्य' थी, पर सेट के सूत्रों का कहना है कि उनकी केमिस्ट्री देखकर लगता है जैसे कल ही साथ काम किया हो।

***सैफ निभाएंगे सबसे चुनौतीपूर्ण किरदार***

: मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म में सैफ के साथ एक और अभिनेत्री नजर आएंगी। ये भूमिका मशहूर फ्रांसीसी अभिनेत्री, निर्देशक और गायिका मेलानी लॉरेंट निभाएंगी। लॉरेंट ने फ्रेंच और हॉलीवुड सिनेमा में अपनी खास पहचान बनाई है। उधर 'द लंचबॉक्स' के निर्देशक रितेश बत्रा इससे पहले इरफान खान, रॉबर्ट रेडफोर्ड और जिम ब्रॉडबेंट जैसे कलाकारों के साथ काम कर चुके हैं। अब वो सैफ के साथ नई फिल्म बना रहे हैं, जिसमें सैफ अपने करियर का सबसे चुनौतीपूर्ण किरदार निभाएंगे।



### प्रियंका क्यों हुईं प्रोजेक्ट से बाहर?

फिल्म एक प्रेम कहानी है, जिसमें पारिवारिक ड्रामा भी देखने को मिलेगा। पहले इस फिल्म में प्रियंका चोपड़ा के होने की चर्चा थी, लेकिन शूटिंग की तारीखें न मिलने के कारण उन्होंने ये प्रोजेक्ट छोड़ दिया। 21 अक्टूबर से मुंबई में फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। प्रियंका के फिल्म से बाहर होते ही विद्या बालन ने कमान संभाल ली। अब फैंस सैफ और विद्या की जोड़ी को दोबारा बड़े पर्दे पर देखने के लिए बेहद उत्सुक हैं।

JHARKHAND EDUCATION CENTER
T.L. No.: (RAN54082621210695)
We Offer All Courses From Board, Council and Institutions
MATRIC VOCATIONAL IIT
MANAGEMENT ENGINEERING AICTE
INTERMEDIATE UG & PG LAW
NCTE MBBS ANM & GNM
We here to help you...
House No. 01, Singh Mansion, Shanti Nagar, Hatia, Ranchi-03
+91 9431360101
info.jharkhandeducationcenter@gmail.com
www.jharkhandeducationcenter.com



हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रवेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.